

मैडमैक्स की ब्रांड एंबेसडर बनीं सनी लियोनी

# रॉयल बुलेटिन

तापमान- अधिकतम- 38.09
न्यूनतम- 21.09

प्रातःकालीन हिन्दी दैनिक



पहलगाम पर हर कांग्रेस नेता की बात पार्टी का आधिकारिक पक्ष नहीं: कांग्रेस

वर्ष 41, अंक 116 | RNI No. 43285/85 | संस्करण - नगर | मुजफ्फरनगर, मंगलवार, 29 अप्रैल, 2025 | बैशाख शुक्ल 2 विक्रमी सम्वत् 2082 | पृष्ठ 8+4=12 | मूल्य 4 रुपया


## भारत के 3 दुश्मनों ने मिलाया पाकिस्तान के साथ हाथ

### युद्ध की स्थिति में तीन देशों ने किया समर्थन देने का ऐलान

**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** पाकिस्तान ने दावा किया है कि भारत से तनाव के बीच तीन देशों ने इस्लामाबाद का समर्थन किया है। चीन और तुर्की के बाद अब अजरबैजान ने भी पाकिस्तान का साथ देने की घोषणा की है। पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले के बाद आशंका है कि भारत और पाकिस्तान जंग में जा सकते हैं। जिसको लेकर एक तरफ जहां ईरान और सऊदी अरब ने तनाव को कम करने के लिए दोनों देशों के नेताओं से बात की है, वहीं चीन और तुर्की को लेकर रिपोर्ट है कि उसने पाकिस्तान को घातक हथियार मुहैया



करवाए हैं। इस्लामाबाद को हथियार पहुंचाने के अलावा चीन ने रविवार को पाकिस्तान को उसकी संप्रभुता और सुरक्षा हितों की रक्षा करने में अपना समर्थन देने की घोषणा की है। चीनी सरकार के विदेश मंत्रालय ने कहा है कि यह संघर्ष भारत और पाकिस्तान के मौलिक हितों में नहीं है, न ही यह क्षेत्रीय शांति और स्थिरता के लिए अनुकूल है। उम्मीद है कि दोनों पक्ष संयम बरतेंगे, एक-दूसरे से मिलकर काम करेंगे और स्थिति को शांत करने में मदद करेंगे। इससे पहले पाकिस्तान के उप प्रधानमंत्री इशाक डार, जो देश के विदेश मंत्री भी हैं, उन्होंने रविवार को चीन के विदेश मंत्री वांग यी को फोन किया था। पाकिस्तान विदेश मंत्रालय के मुताबिक इशाक डार ने भारत की एकतरफा और अवैध कार्रवाइयों के खिलाफ विरोध किया है।

## बाबा केदार चले अपने धाम, 2 मई को खुलेंगे कपाट

● बैंड की धुन के बीच पंचमुखी मूर्ति संग पैदल रवाना हुए श्रद्धालु

**रुद्रप्रयाग (एजेंसी)।** श्री केदारनाथ धाम के कपाट आगामी दो मई को श्रद्धालुओं के लिए खुलने जा रहे हैं। धाम के कपाटोत्सव की तैयारियां जोर-शोर से चल रही है। वहीं सोमवार को सेना के बैंड की भक्तिमय धुन के साथ बाबा केदार की पंचमुखी उत्सव डोली ने रावल की अगुवाई में अपने धाम के लिए प्रस्थान किया। भगवान केदारनाथ की पंचमुखी उत्सव मूर्ति को पंचस्नान करवाया गया।

इसके बाद पंचमुखी उत्सव मूर्ति को डोली में विराजमान कर फूलों से सजाया गया। वहीं, बाबा के शीतकालीन प्रवास स्थल श्री ओंकारेश्वर मंदिर उखीमठ को भी फूलों से भव्यरूप से सजाया गया था। इस मौके पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु केदार बाबा के दर्शन के लिए पहुंचे। भारतीय सेना के



बैंड की भक्तिमय धुनों के साथ रावल भीमाशंकर लिंग और बीकेटीसी मुख्य कार्याधिकारी विजय प्रसाद थपलियाल ने बाबा केदार की डोली को श्री केदारनाथ धाम के लिए प्रस्थान कराया। विजय प्रसाद थपलियाल ने इस अवसर पर तीर्थयात्रियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज भगवान केदारनाथ की पंचमुखी उत्सव डोली विभिन्न स्थानों मंदिर मार्ग उखीमठ, संसारी, विद्यापीठ, गुप्तकाशी बाजार में भक्तों को दर्शन देते हुए प्रथम पड़ाव विश्वनाथ मंदिर गुप्तकाशी पहुंचेगी। पंचमुखी मूर्ति अपने प्रथम पड़ाव श्री विश्वनाथ मंदिर गुप्तकाशी में रात्रि विश्राम के लिए रुकेगी। इसके बाद 29 अप्रैल को गुप्तकाशी से दूसरे पड़ाव फाटा के लिए प्रस्थान करेगी और यहां रात्रि विश्राम करेगी।

30 अप्रैल को फाटा से श्री गौरीमाता मंदिर गौरीकुंड प्रस्थान एवं रात्रि विश्राम होगा। बताया कि 1 मई को गौरीकुंड से श्री केदारनाथ धाम के लिए प्रस्थान किया जाएगा और शाम तक पंचमुखी डोली श्री केदारनाथ धाम पहुंच जायेगी। 2 मई को सुबह सात बजे श्री केदारनाथ धाम के कपाट श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खोल दिए जाएंगे। बीकेटीसी मीडिया प्रभारी हरीश गौड़ ने बताया कि श्री केदारनाथ धाम में भी मंदिर समिति के अग्रिम दल ने यात्रा पूर्व तैयारियां पूरी कर ली है।

## 17 पाकिस्तानी यू-ट्यूब चैनल पर चली कैंची

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पहलगाम अटैक की रिपोर्टिंग को लेकर भारत ने सोमवार को 17 पाकिस्तानी यू-ट्यूब चैनल्स पर बैन लगा दिया है। इनमें क्रिकेटर शोएब अख्तर, डॉन न्यूज, समा टीवी और जिओ न्यूज शामिल हैं। सरकार का कहना है कि ये चैनल्स भारत और सुरक्षा एजेंसियों के खिलाफ झूठी और भ्रामक खबरें चला रहे हैं। इनको भी चेतावनी दी गई है। पहलगाम हमले की रिपोर्टिंग के दौरान चैनल आतंकवादियों को उग्रवादी बता रहा था। सरकार ने यह कार्रवाई गृह मंत्रालय की सिफारिश के बाद की है। उधर, जम्मू-कश्मीर विधानसभा में आज बुलाए गए विशेष सत्र में पहलगाम में मारे गए टूरिस्टों को श्रद्धांजलि दी गई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रक्षा मंत्री राजनाथ के बीच एक अहम मीटिंग हुई। 40 मिनट तक चली इस मीटिंग में राजनाथ ने प्रधानमंत्री को पहलगाम अटैक पर विस्तार से जानकारी दी। आज रक्षा मामलों की संसदीय समिति की बैठक भी होने वाली है। इस बीच, जम्मू-कश्मीर पुलिस ने 15 ठिकानों पर रेड की है। कार्रवाई आतंकवादियों के ठिकानों पर की गई है।

## गेमचेंजर 'राफेल डील' पर लग गई मोदी सरकार की मुहर

● भारत-फ्रांस के बीच डील पक्की, पहला फाइटर जेट 2028 में भारत पहुंचेगा

**63 हजार करोड़ रुपए में मिलेंगे 26 राफेल मरीन, नौसेना के लिए हुआ सौदा**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत-फ्रांस के बीच गेमचेंजर राफेल डील पर मुहर लग गई है। भारत ने 26 राफेल-एम लड़ाकू जेट खरीदने के लिए 63000 करोड़ रुपये का सौदा किया। लगातार अपनी क्षमता में इजाफा कर रही भारतीय नौसेना के लिए राफेल फाइटर जेट की खरीद निर्णायक मानी जा रही है। जिस तरह से पहलगाम आतंकी हमले के बाद पूरे देश में आक्रोश है, ऐसे में ये डील बेहद अहम है। ये समझौता ऐसे समय हुआ जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की बैठक चल रही थी। भारत और फ्रांस की सरकार के बीच सोमवार को राफेल डील पर हस्ताक्षर किया गया। राफेल से जुड़े समझौतों पर



नई दिल्ली में साइन किया गया। फ्रांस के रक्षा मंत्री वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से बातचीत में शामिल हुए। नौसेना के लिए मरीन (एम) श्रेणी के राफेल लड़ाकू विमान खरीदे जा रहे हैं। भारतीय नौसेना को कुल 26 राफेल-एम विमानों की आपूर्ति की जाएगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता वाली सुरक्षा मामलों की कैबिनेट समिति (सीसीएस) ने फ्रांस से 26 राफेल-एम लड़ाकू विमानों की खरीद को मंजूरी दी थी। हाल ही में मिली इस मंजूरी के बाद अब यह डील पर मुहर लगी है। इस डील से पहले रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। यहां दोनों नेताओं के बीच करीब 40 मिनट तक गंभीर वार्ता हुई है। राफेल की डील पर हस्ताक्षर के बाद भारतीय नौसेना को राफेल (एम) फाइटर जेट की डिलीवरी 2028-29 में शुरू होगी। साल 2031-32 तक नौसेना को सभी विमानों की आपूर्ति कर दी जाएगी।

## रेलवे एग्जाम्स में मंगलसूत्र-जनेऊ अब नहीं उतारने होंगे

● भारी विवाद के बीच रेल राज्य मंत्री ने बोर्ड को दिया आदेश

**कर्नाटक के डिप्टी सीएम भी बोले- जांच करें पर हटाए नहीं**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्रीय रेल राज्य मंत्री वी सोमन्ना ने रेलवे भर्ती बोर्ड को धार्मिक चिन्हों को उतारने वाले नियम को हटाने का आदेश दिया है। जिसमें परीक्षा देने




वाले छात्रों के कान की बाली, मंगलसूत्र, जनेऊ उतरवा दिए जाते थे। भाजपा सांसद बृजेश चौटा ने सोमवार को एक्स पर यह जानकारी दी। चौटा ने रेलवे भर्ती बोर्ड के पेरा-मेडिकल के एडमिट कार्ड का फोटो भी शेयर किया। जिसमें लिखा था कि मंगलसूत्र और जनेऊ जैसे धार्मिक प्रतीक और आभूषण पहन कर परीक्षा में नही आ सकते। चौटा ने बताया कि केंद्रीय मंत्री सोमन्ना ने अधिकारियों से कहा है कि वे ऐसी किसी भी गतिविधि में शामिल न हों जिसमें छात्रों को धार्मिक प्रतीकों और आभूषणों को हटाने की जरूरत हो। कर्नाटक सरकार ने भी इस नियम पर आपत्ति जताई थी। कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने कहा- मंगलसूत्र या जनेऊ धार्मिक चीज होती है, आवश्यकता पड़ने पर इसकी जांच कर सकते हैं, लेकिन उन्हें हटाना सही नहीं है। कर्नाटक के बीदर जिले के साई स्पूर्थी पीयू कॉलेज में 17 अप्रैल को एक स्टूडेंट ने जनेऊ उतारने से मना किया तो उसे एग्जाम में बैठने नहीं दिया गया था। 19 अप्रैल को मामला सुर्खियों में आया और इस पर विवाद हुआ।

## पंजाब-पाक बॉर्डर पर अक्टूबर तक लगेंगी एंटी ड्रोन तकनीक

### ड्रग तस्करी में शामिल 31 हवाला ऑपरेटर गिरफ्तार

**चंडीगढ़ (एजेंसी)।** पंजाब को 31 मई तक नशा मुक्त बनाने के लिए पुलिस ने पूरी योजना बना ली है। सभी जिलों के एसएसपी और सीपी को निर्देश दिए गए हैं। उन्हें तय समय में इस दिशा में कार्रवाई करने को कहा गया है। तय तिथि के बाद पूरे अभियान की समीक्षा की जाएगी। इस दौरान जिन अधिकारियों का काम अच्छा होगा, उन्हें सम्मानित किया जाएगा। वहीं, जिनका



काम मानकों के मुताबिक नहीं होगा, उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। यह दावा पंजाब के डीजीपी गौरव यादव ने किया है। उन्होंने कहा कि भारत-पाक सीमा पर एंटी ड्रोन तकनीक लगाने का काम चल रहा है। इसका ट्रायल हो चुका है और हमारे अधिकारी गृह मंत्रालय (एमएचए) के संपर्क में हैं। सितंबर-अक्टूबर तक इसे पूरा कर लिया जाएगा। वहीं, 30 एनडीपीएस मामलों के लिए कोर्ट बनाई जाएगी। इस पर राज्य सरकार 22.8 करोड़ रुपए खर्च करेगी। वहीं, नशा तस्करी में शामिल 31 हवाला ऑपरेटरों को अब तक गिरफ्तार किया जा चुका है।

## डिजिटल प्लेटफॉर्म्स पर अश्लीलता मामले में सुप्रीम कोर्ट हो गई सख्त

*कहा-ये गंभीर मुद्दा, सरकार ऐक्शन ले, केंद्र बोला-नए नियमों पर काम जारी*

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट में सोमवार को ऑनलाइन अश्लील कंटेंट की स्ट्रीमिंग पर रोक लगाने की मांग वाली याचिका पर सुनवाई हुई। कोर्ट ने केंद्र सरकार और 9 ओटीटी-सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की बेंच ने कहा कि याचिका एक गंभीर चिंता पैदा करती है। केंद्र को इस पर कुछ कदम उठाने की जरूरत है। यह मामला कार्यपालिका या विधायिका के अधिकार क्षेत्र में आता है। ऐसे भी हम पर आरोप हैं कि हम कार्यपालिका के अधिकार क्षेत्र में दखल देते हैं। फिर भी हम नोटिस जारी कर रहे हैं। केंद्र की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार




मेहता ने कहा कि ओटीटी और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर कंटेंट को लेकर कुछ रेगुलेशन पहले से मौजूद हैं। सरकार और नए नियम लागू करने पर विचार कर रही है। याचिकाकर्ता की ओर से एडवोकेट विष्णु शंकर जैन पेश हुए। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट में केंद्र सरकार से ओटीटी और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर अश्लील कंटेंट पर रोक लगाने के लिए दिशा-निर्देश जारी करने की मांग की गई है। याचिकाकर्ता का तर्क है कि ऐसी सामग्री युवाओं और समाज पर नकारात्मक प्रभाव डालती है। सुप्रीम कोर्ट ने इससे पहले 21 अप्रैल को इसी याचिका पर सुनवाई की थी। तब भी कोर्ट ने कहा था कि मुद्दा एक नीतिगत मामला है।

## देश पहले, धर्म या पार्टी बाद में

**हम सरकार के साथ**

नई दिल्ली (एजेंसी)। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने पहलगाम हमले को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि हमारे लिए देश सबसे पहले है। धर्म-जाति या पार्टी का महत्व बाद में है। खड़गे ने कहा कि देश के लिए हम सभी को एकता दिखानी

● जयपुर में पहलगाम हमले को लेकर बोले मल्लिकार्जुन खड़गे



होगी। उन्होंने इस दौरान एक बार फिर कहा कि मोदी सरकार द्वारा बुलाई गई सर्वदलीय बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी मौजूद होने चाहिए थे। हालांकि खड़गे ने यह भी कहा कि सरकार इस हमले के बाद जो भी कदम उठाएगी, कांग्रेस पार्टी राष्ट्र हित में उसके साथ खड़ी होगी। जयपुर में संविधान बचाओ रैली के दौरान मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा, मैंने बेंगलुरु में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा था कि प्रधानमंत्री को एक सर्वदलीय बैठक बुलानी चाहिए, क्योंकि जब देश के स्वाभिमान को ठेस पहुंचे तो हम सभी को एकजुट रहना चाहिए। पहलगाम हमले को लेकर कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, हम चाहते थे, इस बैठक में प्रधानमंत्री अपने प्लान के बारे में बताएं और लोगों के सुझाव भी लें। इसके अलावा, हमने मीटिंग भी बुलाई, जिसमें हमने तय किया था कि हम सभी सरकार के साथ हैं। कांग्रेस प्रमुख ने कहा, हमने सर्वदलीय बैठक में भी कहा था कि इस कठिन समय में हम सरकार द्वारा उठाए जाने वाले किसी भी कदम में उनके साथ हैं। मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा, कांग्रेस पार्टी की तरफ से राहुल गांधी ने जम्मू-कश्मीर जाकर पहलगाम हमले के घायलों से मुलाकात और बातचीत की लेकिन नरेंद्र मोदी न तो सर्वदलीय बैठक में पहुंचे और न ही कश्मीर गए। पीएम मोदी पर हमलावर होते हुए कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, मैं उन्हें कहना चाहता हूं कि देश सबसे पहले है। देश के लिए सभी को एकजुट होना चाहिए।

## पहलगाम अटैक पर सीएम उमर अब्दुल्ला का भावुक संबोधन

● सुरक्षा मेरी जिम्मेदारी थी, मृतकों के परिजनों से क्या कहूं, माफी के लिए शब्द नहीं



**श्रीनगर (एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर विधानसभा में सोमवार को पहलगाम अटैक में मारे गए पर्यटकों को श्रद्धांजलि दी गई। मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कहा- मेजबान होने के नाते मैं सुरक्षा के लिए जिम्मेदार था। इन लोगों के परिजन से मैं कैसे माफी मांगू। मेरे पास कोई शब्द नहीं है। उमर ने कहा- जम्मू-कश्मीर की सुरक्षा लोगों की चुनी हुई हुकूमत की जिम्मेदारी नहीं है, लेकिन सीएम और टूरिज्म मिनिस्टर होने के नाते मैंने इन्हें बुलाया था। मेजबान होने के नाते मेरी जिम्मेदारी थी कि इन्हें सुरक्षित भेजूं, नहीं भेज पाया। उमर ने कहा- उन बच्चों से क्या कहता,

## 22 लाख की इंगेजमेंट रिंग, जिसे ढूंढ़ने आदिवासियों ने पार की हद

*● 48 घंटे की अथाह मेहनत के बाद मिली अंगूठी, लौटी राजकुमारी की मुस्कान ● एमपी के आदिवासियों ने जीत लिया राजकुमारी का दिल, ईनाम भी नहीं लिया*

**छिंदवाड़ा (एजेंसी)।** कल्पना कीजिए एक अंगूठी की, जिसकी कीमत इतनी कि सुनकर आंखें फटी रह जाएं - पूरे 22 लाख रुपए! वो भी किसी आम इंसान की नहीं बल्कि चेक गणराज्य की राजकुमारी इटका क्लेट की सगाई की अंगूठी और उसे खोजने के लिए जो मेहनत हुई, जो जुनून दिखा, वो किसी फिल्मी कहानी से कम नहीं। ये कहानी राजकुमारी की उस बेशकीमती अंगूठी की, तामिया के झरने की और उन आदिवासियों की जिन्होंने लाखों का इनाम ठुकराकर इंसानियत की मिसाल पेश की। राजकुमारी इटका क्लेट मध्य



प्रदेश के छिंदवाड़ा आई थीं, अपने स्वास्थ्य लाभ के लिए लेकिन कुदरत ने शायद उनके लिए कुछ और ही सोच रखा था। जब वह तामिया के मनमोहक छोटा महादेव झरने की शीतलता में डूबकर प्रकृति का आनंद ले रही थीं, तभी पलक झपकते ही वो हो गया जिसने उनकी दुनिया ही रोक दी। 22 लाख की वो अनमोल, भावनाओं से जुड़ी अंगूठी, फिसलकर झरने के अथाह पानी में समा गई लेकिन एमपी के आदिवासियों ने राजकुमारी की वह अंगूठी ढूंढ़कर उनके चेहरे की हंसी आंसुओं में नहीं बदलने दी।

# रॉबर्ट वाड्रा, सिद्धा और मणिशंकर अय्यर ने फिर कांग्रेस को फंसाया

## पहलगाम हमले पर कांग्रेस नेताओं के बयान पर बिफरी बीजेपी, जमकर सुनाया

नई दिल्ली (एजेंसी)। बीजेपी नेता रविशंकर प्रसाद ने पहलगाम हमले को लेकर कांग्रेस नेताओं के बयानों की निंदा की है। रविशंकर प्रसाद ने कहा कि कांग्रेस के नेताओं के बयान शर्मनाक हैं, जबकि आतंकी हमले में कई लोगों की जान गई है। बीजेपी नेता रविशंकर प्रसाद ने सिद्दारमैया,



मणिशंकर अय्यर और कांग्रेस एमएलए विजय वडेट्टीवार के बयानों पर यह कड़ी प्रतिक्रिया जाहिर की है। रविशंकर प्रसाद ने कहा कि पहलगाम आतंकी हमले में 26 लोगों की जान चली गई। कर्नाटक के भी दोनों लोग इस हमले का शिकार हुए। देशभर में इस हमले के खिलाफ गुस्सा है, लेकिन कांग्रेस नेताओं के बयान अजीब। रॉबर्ट वाड्रा, मणिशंकर अय्यर और रमैया जैसे नेता इस तरह का बयान दे रहे हैं। महाराष्ट्र के कांग्रेस एमएलए विजय वडेट्टीवार ने कहा था कि इसे लेकर अभी अलग-अलग तरह की चर्चाओं का दौर चल रहा है। मूल रूप से आतंकवादियों ने 27 लोगों की जान ले ली... यदि (हमलावरों द्वारा) जाति-धर्म पूछा गया है तो उनकी देश में अस्थिरता लाने की, देश में दो समुदायों को आपस में लड़ाने की और देश का नुकसान करने की मंशा हो सकती है।

# तेलंगाना की चर्चित आईएएस अफसर स्मिता सभरवाल का ट्रांसफर

● हैदराबाद यूनिवर्सिटी के पास जंगल काटने का किया था भारी विरोध ● एआई जनरेटेड कार्टून शेयर किया था, रेवंत सरकार की हुई किरकिरी

हैदराबाद (एजेंसी)। सोशल मीडिया पर एआई जनरेटेड फोटो शेयर करके विवादों में आई तेलंगाना कैडर की आईएएस अधिकारी स्मिता सभरवाल का ट्रांसफर कर दिया है। 31 मार्च 2025 को स्मिता ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एआई की जिबली फोटो शेयर की थी। जिसमें 1 मोर और 2 हिरण खड़े थे, जिनकी तरफ बुलडोजर तेजी से आगे बढ़ रहा है। स्मिता ने यह तस्वीर हैदराबाद यूनिवर्सिटी के पास कांचा गाचीबोवली में 400 एकड़ जमीन पर आईटी इंफ्रास्ट्रक्चर बनाने के विरोध में किया था। हैदराबाद यूनिवर्सिटी छात्रसंघ, पेड़ों की कटाई और वन्यजीवों के लिए खतरे को लेकर इसका विरोध कर रहा था। मामले की सुनवाई सुप्रीम कोर्ट में चल रही है। स्मिता के अलावा 20 अन्य अधिकारियों का भी ट्रांसफर कर दिया गया है। स्मिता सभरवाल का जन्म 19 जून 1977 को पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग में हुआ था। सभरवाल साल 2000 में चौथी रैंक लगाकर यूपीएससी टॉपर बनीं थीं। आईएएस की ट्रेनिंग के बाद उन्हें तेलंगाना कैडर मिला था। स्मिता सभरवाल वर्तमान में युवा उन्नति, पर्यटन और संस्कृति की मुख्य सचिव हैं। साथ ही वो पुरातत्व विभाग की निदेशक भी हैं। अब उन्हें तेलंगाना के वित्त आयोग में सदस्य सचिव नियुक्त कर दिया गया है।

2024 में स्मिता इसी पद से इसकी मुख्य सचिव बनी थीं और अब उन्हें फिर से उनके पुराने पद पर ट्रांसफर कर दिया गया है। 2023 में टीआरएस सरकार के समय स्मिता सभरवाल मुख्यमंत्री की सचिव रह चुकी हैं।



### सुप्रीम कोर्ट बोला- तेलंगाना में पेड़ कटाई की स्थिति गंभीर

सुप्रीम कोर्ट ने 3 अप्रैल को हैदराबाद यूनिवर्सिटी के पास की जमीन पर किसी भी तरह की गतिविधि पर रोक लगा दी थी। कोर्ट ने कहा था- तेलंगाना सरकार को जमीन पर पेड़ों की सुरक्षा के अलावा कोई गतिविधि नहीं करनी चाहिए। जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने राज्य में पेड़ों की कटाई को बहुत गंभीर बताया। पीठ ने कहा था- तेलंगाना हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार की रिपोर्ट इसकी खतरनाक तस्वीर दिखाती है। रिपोर्ट से पता चलता है कि बड़ी संख्या में पेड़ काटे गए हैं। इसके अलावा पीठ ने तेलंगाना के मुख्य सचिव से यूनिवर्सिटी के पास की जमीन पर पेड़ काटकर काम शुरू करने की जल्दी पर जवाब मांगा है। साथ ही पूछा है कि क्या राज्य ने इस तरह की गतिविधियों (पेड़ों की कटाई) के लिए पर्यावरण पर पड़ने वाले प्रभाव का असेसमेंट सार्टिफिकेट लिया है। सुप्रीम कोर्ट ने 2 अप्रैल को यूनिवर्सिटी के पास की 400 एकड़ जमीन पर पेड़ों की कटाई का संज्ञान लिया था। कोर्ट ने तेलंगाना हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार को साइट का दौरा कर रिपोर्ट पेश करने का भी निर्देश दिया था। मामले में अगली सुनवाई 16 अप्रैल को होगी। यूनिवर्सिटी के छात्रों ने पर्यावरण से जुड़ी चिंताओं को लेकर 30 मार्च को विरोध प्रदर्शन किया था। जमीन साफ करने के लिए पुलिस की मौजूदगी में दर्जनों बुलडोजर लाए गए थे। इस दौरान छात्रों और पुलिस के बीच तीखी झड़प हुई थी।

# अनमोल वचन

जो व्यक्ति मन वाणी और कर्म द्वारा अच्छे कार्य करेगा, उसका किसी से द्वेष नहीं होगा, वह किसी से ईर्ष्या भी नहीं करेगा। यह अटल सत्य है। ऐसा व्यक्ति सभी के प्रति स्नेह भाव रखेगा, सबसे प्यार करेगा। प्रेम अपने लिए भी कल्याणकारी है और समाज के लिए भी। प्रेम मनुष्य में सेवा का भाव उत्पन्न करता है। सेवा से त्याग भावना पैदा होगी है और त्याग मनुष्य को संतोष रूपी सुख प्रदान करता है, जिसके पास संतोष है वह संसार का सबसे सुखी और धनाढय व्यक्ति है। संतोष का सुख सात्विक और अलौकिक है। भाव एक ही है कि शुभ कर्म की ही सोचना, शुभ वचन ही बोलना और कर्म भी केवल शुभ ही करना। ऐसा कुछ भी न करे जिससे छिपाना अनिवार्य प्रतीत होता हो। याद रहे कि जिसे छिपाना पड़े वही पाप है। इसलिए सदैव पाप कर्म से बचे और शुभ कर्म करें।

# उद्यमी मित्रों व जीएम-डीआईसी के वार्षिक लक्ष्य निर्धारित

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने उद्यमी मित्रों व जीएम-डीआईसी के वार्षिक लक्ष्य निर्धारित कर दिए हैं। प्रदेश में निवेश प्रोत्साहन और सुविधा एजेंसी इन्वेस्ट यूपी ने इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में सोमवार को आयोजित अपनी मासिक समीक्षा बैठक में पिछले सत्र के प्रदर्शन की समीक्षा की, साथ ही वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए रणनीतिक लक्ष्य निर्धारित करने और प्रदेश में निवेश में तेजी लाने के लिए कार्य योजना तैयार करने पर ध्यान केंद्रित किया गया। कार्यक्रम में उद्यमी मित्र पुस्तक का भी विमोचन किया गया।

प्रदेश के औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी ने बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश को निवेश के लिहाज से पसंदीदा गंतव्य के रूप में बदलने और 1 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था के लक्ष्य को प्राप्त करने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन को साकार करने के लिए विभाग की प्रतिबद्धता को दोहराया। उन्होंने उत्तर प्रदेश में सर्वश्रेष्ठ औद्योगिक माहौल बनाने की आवश्यकता पर बल दिया। साथ ही, राज्य सरकार और निवेशकों के बीच सेतु का काम कर रहे उद्यमी मित्रों को भी उद्योग सुगमता को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न प्रकार के सुझाव दिए। नंदी, प्रमुख सचिव आलोक कुमार और इन्वेस्ट यूपी के सीईओ विजय किरण आनंद ने साथ मिलकर उद्यमी मित्र पुस्तक का विमोचन भी किया।

कार्यक्रम के दूसरे सत्र में मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने पिछले 8 वर्षों में राज्य की उल्लेखनीय औद्योगिक प्रगति के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने प्रदेश में निवेश पारिस्थितिकी तंत्र को और मजबूत करके इस गति को बनाए रखने के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने डिजिटल प्लेटफॉर्म के पढ़ते उपयोग के माध्यम से अनुमोदन में दोरी को समाप्त करने और ईज ऑफ डूइंग बिजनेस (ईओडीपी) को बढ़ाने के साथ ही निवेश प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला।

उन्होंने जोर देकर कहा कि ऑनलाइन अनुमोदन प्रक्रिया में तेजी लाने और प्रक्रियाओं को अधिक पारदर्शी बनाने से निवेशकों के विश्वास में बढ़ोत्तरी होगी। औद्योगिक भूमि की उपलब्धता के महत्वपूर्ण मुद्दे को संबोधित करते हुए उन्होंने सुझाव दिया कि इन्वेस्ट यूपी के सीईओ को नई औद्योगिक परियोजनाओं के लिए बंद मिलों, कारखानों और चीनी मिलों की भूमि की पहचान करने और उसका पुनः उपयोग करने के लिए एक समर्पित टीम का गठन करना चाहिए।

बैठक में अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास विभाग के प्रमुख सचिव आलोक कुमार ने उत्तर प्रदेश को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी निवेश गंतव्य बनाने के लिए स्टेकहोल्डर्स के बीच सहयोग बढ़ाने का रोडमैप प्रस्तुत किया।

# पत्नी के निधन के बाद महेश जोशी को अंतरिम जमानत

● 900 करोड़ के जेजेएम घोटाले में ईडी ने किया था गिरफ्तार, 4 दिन जेल से बाहर रहेंगे

जयपुर (एजेंसी)। पत्नी कौशल जोशी के निधन के बाद पूर्व मंत्री और कांग्रेस नेता महेश जोशी को 4 दिन के लिए अंतरिम जमानत मिली है। जयपुर के मणिपाल हॉस्पिटल में कौशल जोशी भर्ती थीं। सोमवार सुबह उन्होंने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। 900 करोड़ के जल जीवन मिशन घोटाले के मामले में महेश जोशी को प्रवर्तन निदेशालय ने 24 अप्रैल को गिरफ्तार किया था। आज (सोमवार) उनकी रिमांड अवधि खत्म हो रही थी।



जोशी को पीएमएलए मामलों की विशेष अदालत में पेश किया गया था। सुनवाई के बाद कोर्ट ने जेल भेज दिया था। इस दौरान सूचना मिली कि महेश जोशी की पत्नी का निधन हो गया। इस पर महेश जोशी के वकील ने कोर्ट के सामने अंतरिम जमानत की अर्जी लगाई। कोर्ट ने सुनवाई की और 4 दिन की अंतरिम जमानत मंजूर कर ली। बताया जाता है कि पहले उन्हें कुछ घंटे के लिए जेल भेजा गया। इसके बाद उन्हें जमानत दी गई। दोपहर करीब 3 बजे महेश जोशी स्टेशन रोड स्थित अपने घर पहुंच गए। उनकी पत्नी का चांदपोल मोक्षधाम में शाम करीब 4.30 बजे अंतिम संस्कार होगा। महेश जोशी की पत्नी कौशल जोशी लंबे समय से किडनी की बीमारी से जूझ रही थीं।

# यूपी से चुन-चुन कर बाहर किए गए पाकिस्तानी

## सीएम योगी आदित्यनाथ खुद ही कर रहे मॉनीटरिंग

लखनऊ (एजेंसी)। पहलगाम में हुए कायराना आतंकी हमले के बाद केंद्र सरकार के निर्देश पर उत्तर प्रदेश से



पाकिस्तानी नागरिकों को देश से बाहर कर दिया गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सख्त निर्देश और पल-पल मॉनीटरिंग का नतीजा है कि पूरे देश में उत्तर प्रदेश पहला राज्य है, जहां 24 घंटे के अंदर प्रदेश में रह रहे शत-प्रतिशत पाकिस्तानी नागरिकों को देश से बाहर कर दिया गया है। वहीं, अंतिम बचे एक पाकिस्तानी नागरिक को बुधवार को वापस भेज दिया जाएगा। पुलिस विभाग और खुफिया एजेंसी लगातार उस पर नजर बनाए हुए है। आतंकी हमले के बाद केंद्र सरकार ने पाकिस्तान के खिलाफ कड़ा ऐक्शन लेते हुए कई अहम निर्णय लिया। इस दौरान केंद्र सरकार ने देश के सभी राज्यों को एडवाइजरी जारी करते हुए पाकिस्तानी नागरिकों को वापस उनके देश भेजने के निर्देश दिए। इस पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गृह विभाग समेत अन्य विभागों के अधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय बैठक की। सीएम योगी ने बैठक में अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि प्रदेश में रह रहे पाकिस्तानी नागरिकों को तत्काल प्रदेश से बाहर करें।

# अपर पुलिस महानिदेशक मेरठ जोन ने किया पुलिस लाइन का निरीक्षण समस्त शाखाओं का निरीक्षण कर सम्बन्धित को दिए आवश्यक निर्देश

**मुजफ्फरनगर।** अपर पुलिस महानिदेशक मेरठ जोन, मेरठ भानू भास्कर ने सोमवार को रिजर्व पुलिस लाईन मुजफ्फरनगर का निरीक्षण



किया। सर्वप्रथम अपर पुलिस महानिदेशक को गार्द द्वारा सलामी दी गयी। तत्पश्चात उन्होंने पुलिसकर्मियों के खाने-पीने की व्यवस्था के लिए संचालित भोजनालय का निरीक्षण किया, इसमें भोजनालय की साफ-सफाई संतोषजनक मिली। इसके बाद उन्होंने भोजनालय में स्थित भंडार-गृह का भी निरीक्षण किया गया। अपर पुलिस महानिदेशक मेरठ जोन ने पुलिसकर्मियों को मेन्यू के अनुसार प्रतिदिन गुणवत्तापूर्ण भोजन देने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया। इसके बाद उन्होंने पुलिस लाईन स्थित बैरकों का निरीक्षण किया। वहीं बैरक में रहने वाले पुलिसकर्मियों से कुशलता लेते हुए उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी ली तथा उनके त्वरित निस्तारण को सम्बन्धित को निर्देशित किया। साथ ही बैरक में निवास कर रहे पुलिसकर्मियों को निर्देश दिये कि बैरक व आस-पास साफ-सफाई रखे। तत्पश्चात उन्होंने मोटर परिवहन शाखा का भी निरीक्षण। इस दौरान उन्होंने वाहनों के रख-रखाव, साफ-सफाई तथा रजिस्टरों का निरीक्षण करते हुए सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। वहीं शौचालय व बारबर शॉप का निरीक्षण कर साफ-सफाई को चेक किया। पुलिस कैफे का निरीक्षण किया करते हुए कैफे में बनने वाले खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता को उच्च-कोटि की रखने को सम्बंधित को निर्देश दिये। पुलिस लाइन स्थित लाइब्रेरी का निरीक्षण करते हुए पुस्तकों के रखरखाव व इंटरनेट कनेक्टिविटी को चेक किया। इसके उपरान्त अपर पुलिस महानिदेशक महोदय को क्वार्टर गार्द पर तैनात गार्द द्वारा सलामी दी गई। अपर पुलिस महानिदेशक मेरठ जोन ने सलामी लेने के उपरान्त गार्द में तैनात पुलिसबल का टर्नआउट चेक करते हुए सतर्कता से डियूटी करने सहित अन्य आवश्यक दिशा निदेर्शो से अवगत कराया गया। तत्पश्चात एडीजी द्वारा शस्त्रागार का निरीक्षण किया गया, जिसमें शस्त्रो के रखरखाव व आदान-प्रदान रजिस्टर सहित अन्य अभिलेखों का बारीकी से अवलोकन किया गया। शस्त्रागार मे लगे सीसीटीवी कैमरो को चेक किया गया। महोदय द्वारा शस्त्रागार में रखे राजकीय हथियारों के रख-रखाव को बहुत अच्छे तरीके से सुरक्षित रखने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया। इसके पश्चात एडीजी द्वारा कैस कार्यालय का निरीक्षण किया गया तथा रजिस्टर व रिकार्ड को चेक किया गया। अन्त में एडीजी द्वारा पुलिस लाईन स्थित सब्सिडियरी कैंटीन का निरीक्षण किया गया तथा कैन्टीन में रखे दैनिक जरुरत के सामान को चेक कर स्टॉक रजिस्टर का निरीक्षण करते हुए सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। साथ ही एडीजी द्वारा पुलिस लाईन स्थित मन्दिर प्रांगण में चल रहे उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती में सफल अभ्यार्थियों के मेडिकल परिक्षण आदि का भी निरीक्षण किया गया तथा सम्बन्धित को निर्देशित किया गया। निरीक्षण के दौरान पुलिस उपमहानिरीक्षक सहारनपुर परिक्षेत्र, सहारनुपर अजय कुमार साहनी, पुलिस उपमहानिरीक्षक/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मुजफ्फरनगर अभिषेक सिंह, पुलिस अधीक्षक नगर सत्यनारायण प्रजापत, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण आदित्य बंसल, पुलिस अधीक्षक अपराध प्रशान्त कुमार प्रसाद, पुलिस अधीक्षक यातायात अतुल कुमार चौबे, समस्त क्षेत्राधिकारीगण, प्रतिसार निरीक्षक सहित अन्य पुलिस अधिकारी, कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# मुंबई हमले के मास्टरमाइंड की कस्टडी 12 दिन बढ़ी

## एनआईए ने की थी तहव्वुर राणा की रिमांड बढ़ाने की मांग

नई दिल्ली (एजेंसी)। मुंबई में 26 नवंबर, 2008 को आतंकी हमले के मास्टरमाइंड तहव्वुर हुसैन राणा की कस्टडी 12 दिनों के लिए बढ़ गई है। तहव्वुर राणा को दिल्ली के पटियाला हाउस कोर्ट में पेश किया गया। एनआईए ने उसकी हिरासत बढ़ाने के लिए याचिका लगाई थी। एनआईए तहव्वुर राणा को 10 अप्रैल को स्पेशल प्लेन से अमेरिका से भारत लेकर आई थी। उसका प्रत्यर्पण टॉप-सीक्रेट मिशन ऑपरेशन राणा के तहत हुआ था। 10 अप्रैल को उसे स्पेशल एनआईए जज चंद्रजीत सिंह ने उसे 18 दिन की कस्टडी में भेज दिया था। आज राणा की कस्टडी खत्म होने वाली थी। तहव्वुर को अमेरिका के शिकागो में अक्टूबर 2009 में अमेरिकी एजेंसी एनआईए ने गिरफ्तार किया था। उस पर मुंबई के 26/11 और कोपेनहेगन में आतंकी हमले को अंजाम देने के लिए जरूरी सामान मुहैया कराने का आरोप था।



# जाति के नाम पर समाज में वैमनस्यता फैला रहा है विपक्ष- भाजपा

**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने आरोप लगाया कि विपक्ष लगातार झूठ और भ्रम फैलाने की राजनीति कर रहा है। जाति व वर्ग के नाम पर समाज में वैमनस्यता फैला रहा है। प्रतापगढ़ में अनुसूचित जाति संवाद कार्यक्रम में श्री सिंह ने सोमवार को कार्यकर्ताओं से कहा हमें लोगों के बीच में जाकर विपक्ष के द्वारा फैलाए जा रहे झूठ और भ्रम को समाप्त करना है तथा सभी को भाजपा की राष्ट्रवादी विचारधारा से जोड़ना है। पार्टी के प्रत्येक पूर्व पदाधिकारी को संगठन के कार्यों से जोड़ना है तथा संगठन के प्रत्येक कार्यकर्ता की संगठनात्मक कार्यों में भूमिका सुनिश्चित करते हुए कार्ययोजना तैयार करना है। उन्होंने कहा कि भाजपा के अनुशासित व परिश्रमी कार्यकर्ताओं के बल पर भाजपा का विजय परचम पूरे देश में फहरा रहा है।


## नीलामी सूचना

सनातन धर्म इंटर कालेज मीरापुर, मुजफ्फरनगर के विद्यालय परिसर में खडे 3 आम के वृक्षो की नीलामी जि०वि०नि० मुजफ्फरनगर के पत्रांक मा०1/12726.27/2024-25 दिनांक 24.03.2025 के अनुपालन में दिनांक 30.04.2025 समय दोपहर 2 बजे की जायेगी। इच्छुक बोलीदाता विद्यालय में समय से उपस्थित होकर वृक्षो की बोली लगायें। सर्वाधिक बोलीदाता को नीलामी छोडी जायेगी।

भवदीय
रोहित कुमार
प्रबंधक- सनातन धर्म इंटर कालेज
मीरापुर, मुजफ्फरनगर।


# नेपाल सीमा से सटे जिलों में अवैध कब्जे किये गये ध्वस्त

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर सोमवार को भी नेपाल सीमा से सटे जिलों में अवैध कब्जों और बिना मान्यता संचालित धार्मिक संस्थानों के खिलाफ पूरे दिन बुलडोजर चला। प्रदेश के श्रावस्ती, बहराइच, सिद्धार्थनगर, लखीमपुर खीरी और महाराजगंज विशेष अभियान चलाया गया। इनमें श्रावस्ती, बहराइच में अवैध निर्माण ध्वस्त किये गये। वहीं सिद्धार्थनगर में 12 अवैध निर्माण को चिन्हित कर कब्जेदारों को नोटिस जारी की गयी है जबकि लखीमपुर खीरी में अवैध निर्माण के चिन्हिकरण की कार्रवाई पूरे दिन चली, लेकिन कोई अवैध निर्माण नहीं पाया गया। बहराइच जिलाधिकारी मोनिका रानी ने बताया कि मुख्यमंत्री के निर्देश सोमवार को भी अवैध निर्माण के खिलाफ कार्रवाई की गयी। उन्होंने बताया कि तहसील नानपारा के अंतर्गत भारत-नेपाल अंतरराष्ट्रीय सीमा के 0 से 10 किलोमीटर क्षेत्र में सरकारी भूमि पर 227 अवैध अतिक्रमण के मामले चिन्हित किए गए थे। इनमें से सोमवार को 2 अवैध निर्माण को ध्वस्त किया गया जबकि पिछले चार दिनों में 89 अवैध अतिक्रमण हटवाए गए। अब तक कुल 91 अवैध कब्जेदारों से सरकारी भूमि को मुक्त कराया जा चुका है। वहीं तहसील मिहींपुरवा के तहत भारत-नेपाल अंतरराष्ट्रीय सीमा के 0 से 10 किलोमीटर क्षेत्र में सरकारी भूमि पर 157 अवैध अतिक्रमण के मामले चिन्हित किए गए थे। इनमें से सोमवार को 4 अवैध निर्माण को ध्वस्त किया गया जबकि 27 अप्रैल को 12 अवैध अतिक्रमण हटवाए गए। अब तक कुल 16 अवैध कब्जेदारों से सरकारी भूमि को मुक्त कराया जा चुका है। वहीं कुल 7 मदरसों के खिलाफ कार्रवाई की गयी। श्रावस्ती जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने बताया कि सोमवार को बिना मान्यता के संचालित 12 मदरसों पर कार्रवाई की गई है। तहसील जमुनहा में 6, तहसील भिनगा में 4 और तहसील इकौना में 2 मदरसों को वैध कागजात न होने पर सील कर दिया गया। अब तक कुल 32 बिना मान्यता के संचालित मदरसों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। इसके अतिरिक्त, भारत-नेपाल सीमा से सटे 0-15 किलोमीटर क्षेत्र में अस्थाई व स्थाई अवैध कब्जों के 8 मामलों में भी राजस्व संहिता की धारा-67 के तहत बेदखली की कार्रवाई की गयी। अब तक 127 मामलों में बेदखली की कार्रवाई की गयी है। इसी तरह भारत-नेपाल अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास ग्राम भरथा रोशनगढ़ परगना व तहसील भिनगा स्थित मस्जिद गाटा संख्या 334/0.073 हेक्टेयर व गाटा संख्या 334/0.073 हेक्टेयर पर निर्मित है। इसका आशिंक भाग सरकारी भूमि पर निर्मित होने पर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गयी। महराजगंज जिलाधिकारी अनुनय झा ने बताया कि भारत नेपाल अंतरराष्ट्रीय सीमा के 10 किमी की परिधि में अवैध निर्माण को चिन्हित करने की कार्रवाई के दौरान राजस्व ग्राम सोनपिपरी खुर्द के गाटा संख्या 40 जो नो मेन्स लैंड में स्थित है। यहां पर एसएसबी चेक पोस्ट के ठीक सामने चादर और मिट्टी डालकर मजार के रूप में विकसित करने के नियत से धार्मिक क्रिया कलाप किया जा रहा था। इस पर राजस्व और एसएसबी टीम के साथ स्थानीय ग्राम प्रधान की उपस्थिति में संरचना को हटवाया गया। वहीं बार्डर क्षेत्र के ग्राम रामनगर थाना ठुठीबरी में पोखर की भूमि पर अवैध मदरसे को ध्वस्त किया गया। लखीमपुर खीरी जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल ने बताया कि सीएम योगी के निर्देश तहसील पलिया में सोमवार को अवैध निर्माण के चिन्हिकरण की कार्रवाई पूरे दिन चली। इस दौरान ग्राम कृष्णानगर कॉलोनी स्थित मस्जिद का अस्थायी निर्माण को हटाया गया। इसके साथ ग्राम चंदन चौकी स्थित 80 वर्ष पूर्व गाटा संख्या 1136, 37 पर बनी अवैध ईदगाह को हटाने के लिए धारा-67 की कार्रवाई की जा रही है। इसी तरह सिद्धार्थनगर जिलाधिकारी ने बताया कि जिले में 12 अवैध निर्माण को चिन्हित किया गया है। इन कब्जेदारों को नोटिस जारी की गयी है। यदि अवैध कब्जेदार निर्माण नहीं हटाते हैं तो उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई करते हुए अवैध निर्माण को ध्वस्त करने की कार्रवाई की जाएगी। इस बीच सरकार ने स्पष्ट किया है कि नेपाल सीमा के 15 किलोमीटर दायरे में किसी भी प्रकार के अवैध कब्जे, धार्मिक या शैक्षणिक संस्थान के अवैध संचालन को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। प्रशासन को निर्देश दिए गए हैं कि चिन्हित अतिक्रमणों को शीघ्रता से हटाया जाए और नियमित मॉनिटरिंग की जाए।


**S.M Degree College**
Purkazi Bye Pass, Purkazi MuzaffarNagar(U.P.)
**FACULTY REQUIRED**
Principal, Faculty for B.Com, B.A
(Eng. Pol.sc,Eco, Geo. Hindi, History, and Sociology)
and accountant/ typist required.
(According to the rules of UGC.)
Interested Candidate E.mail, Resume Within 7 Days
E.mail-syedmurtazadegreecollege@gmail.com
ssayeed2002@yahoo.com.
Cont.No. 9528003530,0131-2433699
Salman sayeed (Secretary)



**रॉयल बुलेटिन**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक अनिल रॉयल ने मै. साईं प्रिंटिंग प्रेस, डी-85, सैक्टर-6 नोएडा-201301 से मुद्रित कराकर रॉयल हाऊस, 174, गांधी कालौनी (उत्तरी), मुजफ्फरनगर (उ.प्र.) से प्रकाशित किया।

सम्पादक: ◆अनिल रॉयल

✆:(0131) 2412222, मो. 9412211222
e-mail Address : royalbulletin@gmail.com



● नशा छुडाएं ● बवासीर भगाएं ● सफेद दाग हटाएं

खोई हुई ताकत व जवानी दोबारा प्राप्त करें।




शराब छुड़ाएं

शराबी को लाने/बताने की जरूरत नहीं

जर्दा, गुटका, तम्बाकू, स्मैक, अफीम, डोडे (पोस्त), नोरफीन, मोरफीन, कैप्सूल प्रोक्सीवान, कोरैक्स, फैंसीडिल, हैरोइन, मैथाडोन व धूम्रपान से पक्का छुटकारा (असर पहले ही दिन)



बवासीर भगाएं

बिना इंजेक्शन/आपरेशन



बाल घने सफेदी, सीकरी, झडना, टूटना बंद, लम्बाई मनचाही

सफेद दाग, मिर्गी, मधुमेह

का पक्का आयुर्वेदिक इलाज (समय: सुबह 10 से 5 बजे तक)

मिलें : हर रोज

शंकर दवाखाना

(भारत सरकार द्वारा रजिस्टर्ड) नक्कालों से सावधान

गली पान, दाल मंडी, मुजफ्फरनगर ✆ 0131-2432326, 9719442124

नजला, खांसी, दमा, सांस, गठिया बाय, लिकोरिया, पेट के रोग, पतला होने, सेहत बनाने, सुखमय विवाहित जीवन हेतु देसी इलाज के परामर्श के लिए मिले।







# नरेश टिकैत ने आतंकवादी हमले पर सरकार को दी कड़ी चेतावनी, कहा 'चूक बड़ी है'

❒ सिंधु नदी का पानी रोके जाने को लेकर दिये गये बयान पर उठे विवाद से भाकियू सुप्रीमो ने पल्ला झाडा

**मुजफ्फरनगर।** भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष और बालियान खाप के मुखिया चौधरी नरेश टिकैत ने हाल ही में सहारनपुर में अपने बयान को लेकर उठे विवाद पर प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि उनका बयान तोड़-मरोड़ कर पेश किया गया है। उनका कहना था कि किसी ने पूरी वीडियो नहीं दिखाई और उनके बयान को गलत तरीके से प्रस्तुत किया गया है। टिकैत ने यह भी स्पष्ट किया कि उनका हमेशा से भारत के साथ ही खड़ा होना है और वे भारत के पक्षधर हैं। चौधरी नरेश टिकैत ने कहा कि हम भारत के साथ हैं, हमेशा से भारत के साथ रहे हैं, पहले भी साथ थे और आगे भी साथ रहेंगे। अगर किसी को मेरे बयान से परेशानी है, तो मैं खेद प्रकट करता हूं। मेरी कोई ऐसी मंशा नहीं थी कि हम इतिहास को खराब करें। हम इतिहास खराब नहीं होने देंगे।



उन्होंने कहा कि उनका असली बयान पानी पर सभी का अधिकार होने के बारे में था। टिकैत ने बताया, 'पानी में जीव-जंतु रहते हैं और पेड़-पौधे पानी के सहारे पनपते हैं। मैंने इसी विषय पर बात की थी, लेकिन यह बात शायद किसी को ठीक नहीं लगी।' इसके साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि अगर इस बयान से किसी को कोई दिक्कत है तो वे खेद प्रकट करते हैं। चौधरी नरेश टिकैत ने सरकार की आलोचना करते हुए कहा कि यह सरकार की बड़ी चूक है कि आतंकवादियों ने भारत में आकर हमारे नागरिकों को मारा। उनका कहना था कि इस मामले में सरकार की कुछ जिम्मेदारी बनती है। उन्होंने सरकार से अपील की कि धार्मिक यात्रा पर जाने वाले श्रद्धालुओं को सुरक्षा देने के लिए बुलेट प्रूफ जैकेट दी जाए या हेलीकॉप्टर से उनकी यात्रा पूरी कराई जाए। टिकैत ने पाकिस्तान से पानी बंद करने के मुद्दे पर भी सरकार से सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि अगर पाकिस्तान का पानी बंद करना है तो सरकार उसे बंद कर दे, लेकिन मैं पाकिस्तान के साथ कोई नक्के मूंदने नहीं जा रहा। यह तो एक बड़ा मुद्दा है। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार को आतंकवाद के खिलाफ तुरंत कार्रवाई करनी चाहिए और जो काम करना है वह बिना किसी ड्रामा के करें। उनका कहना था कि आतंकवादियों को पालने वालों को जवाब देना जरूरी है।

टिकैत ने सरकार पर आरोप लगाया कि आतंकवादियों को पालने वालों को अब जवाब देना चाहिए और यह समय है कि भारत सरकार पूरी सख्ती से आतंकवादियों के खिलाफ कार्रवाई करे। उनका कहना था, 'हम जिम्मेदार हैं, हमें सबक सिखाना होगा।'

## ग्रामीणों ने बचाई पहाड़ा की जान



**बुढ़ाना।** बीते कुछ दिनों से बढ़ती भीषण गर्मी के कारण क्षेत्र में विभिन्न जगहों पर पहाड़ा के जंगल से भटक कर गांवो में आ जाने की खबरें आ रही है। सोमवार को भी एक पहाड़ा जंगल से भटक कर क्षेत्र के गांव मिंडकाली की गलियों में जा पहुंचा, जिस पर गली के आवारा कुत्तों ने उस पर हमला कर दिया। गांव निवासी कपिल आदि ने आवारा कुत्तों को भगा कर पहाड़ा की जान बचाई और सूचना देने के लिए वन विभाग के अधिकारियों को फोन किया। लेकिन ग्रामीणों का कहना है कि वन विभाग के अधिकारियों ने फोन नही उठाया। जिस पर ग्रामीणों ने ही घायल पहाड़ा का उपचार कराने का प्रयास किया। ग्रामीणों का कहना है कि सरकार ने वन्य जीवों की रक्षा के लिए ही वन विभाग को बनाया हुआ है। वन विभाग के अधिकारी फोन रिसीव ना कर अपनी जिम्मेदारी से मुंह मोड़ते नजर आ रहे हैं। इस बात को लेकर ग्रामीणों में रोष है। ग्रामीणों ने वन विभाग के कर्मचारियों की जिला प्रशासन से शिकायत करने की बात कही है।

## बिजली कनेक्शन के नाम पर घोटाला ! जेई पर भ्रष्टाचार का आरोप, पीड़ितों ने धरना देकर जताया आक्रोश



**मुजफ्फरनगर।** भारतीय अति पिछड़ा वर्ग संघर्ष मोर्चा के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने मिमलाना रोड स्थित बिजलीघर पर तैनात अवर अभियंता (जेई) अनिल कुमार के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोप लगाते हुए धरना प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि जेई ने दो गरीब परिवारों से विद्युत कनेक्शन देने के नाम पर 15-15 हजार रुपये की अवैध वसूली की, लेकिन कनेक्शन अब तक नहीं दिया गया। भारतीय अति पिछड़ा वर्ग संघर्ष मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहन प्रजापति ने मीडिया से बातचीत में बताया कि रामपुरी क्षेत्र के निवासी, जो विद्युत पोल से लगभग 40 मीटर की दूरी पर रहते हैं, उनसे कनेक्शन देने के नाम पर पैसे वसूले गए। जेई का तर्क था कि नियमानुसार पोल से 40 मीटर से अधिक दूरी पर बसे घरों को कनेक्शन नहीं दिया जा सकता। मोहन प्रजापति ने आरोप लगाया कि जब कार्यकर्ताओं ने जेई अनिल कुमार से इस बारे में जवाब मांगा तो उसने स्वीकार किया कि वसूली गई रकम एसडीओ और एक्सईएन तक भी पहुंचती है। कार्यकर्ताओं के दबाव के चलते जेई ने पैसे वापस कर दिए, लेकिन इसके बाद पीड़ितों को धमकाते हुए कहा कि अब उन्हें कनेक्शन नहीं मिलेगा। प्रजापति ने चेतावनी दी कि यदि एक सप्ताह के भीतर जिला प्रशासन ने जेई अनिल कुमार के खिलाफ कार्रवाई नहीं की और पीड़ितों को विद्युत कनेक्शन नहीं दिलवाया, तो मोर्चा बिजलीघर पर ताला जड़कर चाबी जिलाधिकारी कार्यालय में सौंपेगा और वहीं धरना-प्रदर्शन करेगा। उन्होंने जिला प्रशासन से मांग की कि रामपुरी के अति पिछड़े समाज के लोगों को तुरंत विद्युत कनेक्शन दिलाया जाए, चाहे इसके लिए नए खंभे ही क्यों न लगाने पड़ें।

# पहलगाम हमले पर राकेश टिकैत ने कहा, 'इससे फायदा-नुकसान किसे हुआ, इसकी भी जांच हो'

**मुजफ्फरनगर।** भारतीय किसान यूनियन के प्रवक्ता राकेश टिकैत ने सोमवार को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकवादी हमले पर सरकार के साथ होने की बात कहते हुए इस बात की भी जांच की मांग की कि इस घटना से किसका फायदा और किसका नुकसान हो रहा है। उन्होंने सुरक्षा में चूक की जांच की भी मांग की। राकेश टिकैत ने कहा कि बिना भीतर वाले के कुछ नहीं हो सकता है।

किसी भीतरी ने ही रास्ता बताया होगा। घटनास्थल की रेकी भी की गई होगी। पता चला है कि धर्म पूछकर लोगों को गोली मारी गई है। उससे फायदा और नुकसान किसे हुआ, इसकी भी सरकार को जांच करनी चाहिए। राजनीतिक फायदे के लिए आतंकवादी हमला कराने के सवाल पर किसान नेता ने कहा कि इस हमले के सभी पहलुओं की जांच होनी चाहिए। सरकार के साथ होने की बात दोहराते हुए उन्होंने दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। पाकिस्तान का पानी रोकने के सवाल पर राकेश टिकैत ने कहा कि सरकार अपने हिसाब से काम करे। जो उचित कदम उठाने चाहिए, जरूर उठाए।

पाक अधिकृत कश्मीर (पीओके) को वापस लेने के सवाल पर उन्होंने कहा कि एक कोशिश तो करनी चाहिए। पीओके भारत में आ जाएगा तो ठीक रहेगा। वहां के लोग भी चाहते हैं कि यह भारत में मिल जाना चाहिए। हमारी सेना के पास ताकत भी है। प्रयास किया जाना चाहिए। नेहा सिंह राठौड़ पर एफआईआर हुई है। उन्होंने आरोप लगाया था कि बिहार चुनावों में पहलगाम का फायदा लेने की कोशिश की जा रही है।

इस सवाल के जवाब में किसान नेता ने कहा कि जो सच बोलेगा, उसको सजा होगी। पहलगाम के बहाने कश्मीरियों को निशाना बनाने के सवाल पर राकेश टिकैत ने कहा कि कश्मीर बर्बाद हो गया है। आतंकवादी हमले के खिलाफ कश्मीर के लोग जिस तरह से सड़कों पर उतरे हैं, उससे लगता है कि वे इस हमले से बहुत दुखी हैं। हम भी कश्मीर गए हैं। जो गलत विचारधारा के लोग हैं, उन्होंने कहा है कि यहां तो डर में लोग पत्थर फेंकते थे। लोगों का कहना है कि यहां सेना है, सरकार का सपोर्ट है और हम यहां सुकून से हैं। हम अपना कारोबार करना चाहते हैं। पांच प्रतिशत गलत विचारधारा के लोग हैं, उन्हें पकड़ लो, उसमें कोई निर्दोष भी जाएगा। उल्लेखनीय है कि सोमवार को किसान नेता राकेश टिकैत ने नौसेना के लेफ्टिनेंट विनय




नरवाल के परिवार से मुलाकात की। वह पहलगाम आतंकी हमले में शहीद हो गए थे। किसान नेता ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि परिवार बहुत सदमे में है। जब बाहर से लोग आते भी हैं, तो बोलने की स्थिति में नहीं होते। यह पूरे देश के लिए दुखद स्थिति है।

# नरेश टिकैत के बयान पर बोले धर्मेंद्र मलिक, 'जो सरकार के फैसले के साथ नहीं है, वह राष्ट्र के साथ नहीं है'

**मुज़फ्फरनगर।** किसान नेता चौधरी नरेश टिकैत के पाकिस्तान का पानी बंद करने के विरोध वाले बयान पर बवाल मच गया। भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के राष्ट्रीय प्रवक्ता धर्मेंद्र मलिक ने भारत सरकार के समर्थन में आकर किसान नेता पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि आज की सरकार का जो फैसला है, वह राष्ट्र का फैसला है। जो इस फैसले के साथ नहीं है, वह राष्ट्र के साथ नहीं है।



धर्मेंद्र मलिक ने कहा कि यह अब सिद्ध हो चुका है कि हमारे देश में जो आतंकवाद है, वह पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद है। उरी की घटना, मुंबई की घटना, और इससे पहले हमारे आर्मी पर जो हमला हुआ था, वह घटनाएं दुखदाई थीं। लेकिन इस बार यह घटना और भी दुखदाई है, क्योंकि इसमें पहली बार पर्यटकों पर हमला हुआ है। आतंकवादी या नक्सलवादी हमले में आमतौर पर पर्यटकों को निशाना नहीं बनाया जाता है।

उन्होंने कहा कि आज हिंदुस्तान का हर नागरिक दुखी है और बदले की भावना से ओत-प्रोत है। वह चाहता है कि जो घटना हुई है, उसका बदला लिया जाए। लेकिन आवेश में कोई भी निर्णय नहीं लिया जाता। भारत सरकार ने जो फैसला लिया है, वह सिंधु जल संधि को निलंबित करने का है, न कि उसे तोड़ने का। अगर सरकार इस फैसले के साथ आगे बढ़ना चाहती है तो यह राष्ट्र का फैसला है। जो इस फैसले के साथ नहीं है, वह राष्ट्र के साथ नहीं है।

धर्मेंद्र मलिक ने यह भी कहा कि पूर्ववर्ती सरकारों ने जलसंधि की जो शर्तें तय की थीं, वह गलत थीं। हमारे देश के राज्यों जैसे राजस्थान, हरियाणा और हिमाचल प्रदेश को पानी की भारी कमी है, यहां तक कि जम्मू कश्मीर में भी पानी की कमी है। जब यह जलसंधि हो रही थी, तो हमारे हिस्से का 80 प्रतिशत पानी पाकिस्तान को कैसे दिया जा सकता है? अगर आज की सरकार इस फैसले को लेकर आगे बढ़ रही है, तो हम इस फैसले के साथ खड़े हैं।

उन्होंने कहा कि मैंने एक किसान नेता का बयान पढ़ा और मुझे बहुत दुख हुआ। सबसे पहले हमें अपने शत्रु को पहचानना होगा। अब हम अपने शत्रु को पहचान चुके हैं और वह है पाकिस्तान। हमारे देश में जो आतंकवाद है, वह पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद है। जो इस सही फैसले के साथ भी खड़ा नहीं होता, वह इस देश के साथ भी नहीं है। धर्मेंद्र मलिक ने आतंकवाद के खिलाफ भारत सरकार द्वारा किए गए फैसले और कार्यवाही को सही ठहराया और कहा, यह सरकार का काम है कि वह आतंकवाद के खिलाफ किस तरीके से कार्रवाई करती है। लेकिन हमें यह मानना चाहिए कि आज इस देश के हर नागरिक के दिल में एक आग धड़क रही है। और हर आदमी यह चाहता है कि आतंकवाद के खिलाफ कड़ी कार्रवाई हो। कुछ लोग इस हमले को हिंदू-मुस्लिम के मुद्दे में मोड़ने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन यह आतंकवाद के खिलाफ एकजुटता की बात है। यह हिंदुस्तान वर्सेस आतंकवाद है, हमारी लड़ाई पाकिस्तान के खिलाफ नहीं है, लेकिन अगर पाकिस्तान आतंकवाद में शामिल है, तो जवाबी कार्रवाई होनी चाहिए।

## बिजनौर के पूर्व विधायक मौहम्मद गाजी की जमानत याचिका दाखिल, 30 को होगी सुनवाई

**मुजफ्फरनगर।** जिला कारागार में बंद पूर्व विधायक शाहनवाज राणा को मोबाइल देने के मामले में जेल में बंद बिजनौर के पूर्व विधायक मौहम्मद गाजी की जमानत अभी नहीं हो पाई है, आज उनके अधिवक्ताओं ने उनकी जमानत याचिका दाखिल की है, जिस पर 30 अप्रैल को सुनवाई होगी।


मुजफ्फरनगर के पूर्व विधायक शाहनवाज राणा 5 दिसंबर से जिला कारागार में बंद है। जीएसटी की डिप्टी डायरेक्टर श्रेया गुप्ता ने एक टीम के साथ वहलना चौक स्थित राणा स्टील पर छापा मारा था,वहां शाहनवाज राणा की श्रेया गुप्ता से तीखी बहस हुई थी, जिसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था । इस मामले में उसी दिन शाहनवाज राणा को गिरफ्तार कर लिया गया था। शाहनवाज राणा पर उसके बाद से गैंगस्टर समेत कई नए मुकदमे दर्ज हो चुके हैं जिनके चलते अभी वे जेल से बाहर नहीं आ पा रहे हैं।

इसी बीच जेल में उनकी बैरक से एक मोबाइल फोन बरामद हुआ था, जेलर राजेश सिंह ने जब वह मोबाइल बरामद किया तो



दोनों में तीखी झड़प हो गई, इसके बाद जेलर राजेश सिंह ने शाहनवाज राणा के खिलाफ थाना नई मंडी में जान से मारने की धमकी देने का मुकदमा दर्ज करा दिया था जिसके बाद शाहनवाज राणा को मुजफ्फरनगर की जेल से चित्रकूट की जेल स्थानांतरित कर दिया गया था, शाहनवाज राणा वर्तमान में चित्रकूट की जेल में ही बंद है। इसी बीच शाहनवाज राणा के वकील नकली त्यागी ने आरोप लगाया था कि जेल में शाहनवाज की जमकर पिटाई की गई है, जिसके अदालत से आदेश भी हुए लेकिन जेल से बाहर पूरी जांच नहीं हो पाई है। जेल में शाहनवाज राणा से बरामद मोबाइल का सिम बिजनौर से बसपा के पूर्व विधायक मौहम्मद गाजी के जरिए उन तक पहुंचना बताया गया था, जिसके बाद पुलिस ने गाजी को पूछताछ के लिए बुलाया और हिरासत में ले लिया और जेल भेज दिया। वरिष्ठ अधिवक्ता अनिल जिंदल ने आज सेशन जज के यहां उनकी जमानत याचिका दाखिल की जिस पर 30 अप्रैल को सुनवाई होगी। इसी बीच जिला जेल में मिले मोबाइल का सिम, जेल में जाने से पहले शाहनवाज राणा के परिजनों द्वारा भी प्रयोग किया गया था, जिसके चलते पुलिस ने शाहनवाज राणा की पत्नी इंतख़ाब राणा समेत उनके बेटे प्रिंस राणा और पुत्रवधू ,जो मोहम्मद गाजी की बेटी है , आदि को नोटिस जारी कर दिया है लेकिन वे सभी फरार है और पुलिस उनकी तलाश कर रही है। फिलहाल शाहनवाज राणा को कोई कानूनी राहत मिलती नजर नहीं आ रही है।

## ऐतिहासिक मोती झील को फिर से संजीवनी: डीएम ने किया सफाई अभियान का शुभारंभ



**मुजफ्फरनगर।** जिलाधिकारी उमेश मिश्रा के नेतृत्व में नगर की ऐतिहासिक मोती झील के सौंदर्यकरण और जल शुद्धिकरण का अभियान शुरू किया गया। इस अभियान में जिलाधिकारी ने स्वयंसेवी संस्था के सहयोग से मोती झील की सफाई कराई। इस दौरान स्वयं जिलाधिकारी और प्रशासनिक अधिकारी भी झील की सफाई करते नजर आए। जिलाधिकारी उमेश मिश्रा ने बताया कि मुजफ्फरनगर की ऐतिहासिक मोती झील के सौंदर्यकरण की मांग लंबे समय से की जा रही थी। इसी क्रम में एक स्वयंसेवी संस्था के माध्यम से जल शुद्धिकरण और झील के आसपास के क्षेत्र को सुंदर बनाने का अभियान प्रारंभ किया गया है। उन्होंने कहा कि यदि यह प्रयास सफल होता है और जल संरक्षण तथा जल शुद्धिकरण के सकारात्मक परिणाम मिलते हैं, तो इसी तर्ज पर आगे काली नदी में भी ऐसा अभियान चलाया जाएगा।

## परशुराम जन्मोत्सव अवसर पर कल अक्षय तृतीया को श्री परशुराम भवन में हवन पूजन किया जाएगा

**खतौली।** भगवान श्री परशुराम जन्मोत्सव अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा खतौली के द्वारा धूमधाम के साथ मनाया जायेगा। अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के महामंत्री पंडित मुकेश शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि आराध्य देव श्री परशुराम जी के जन्मोत्सव अवसर पर 30 अप्रैल अक्षय तृतीया को प्रातः 8.30 बजे जमुना विहार कॉलोनी खतौली स्थित श्री परशुराम भवन में हवन पूजन किया जाएगा। 4 मई रविवार अपराह्न 2.30 बजे भगवान श्री परशुराम जी की शोभायात्रा मंत्रोच्चार के साथ श्री शिव संस्कृत विद्यालय थानेश्वर महादेव मंदिर बुढ़ाना रोड खतौली से श्री परशुराम जी का स्तुतिगान करते हुए कस्बे के मुख्य मार्गों बुढ़ाना रोड़, जी टी रोड, जमुना विहार होते हुए श्री परशुराम भवन पर प्रसाद वितरण के साथ संपन्न होगी। पंडित मुकेश शर्मा ने भगवान श्री परशुराम जी जन्मोत्सव अवसर पर आयोजित होने वाले धार्मिक अनुष्ठान में शामिल होकर धर्म लाभ उठाने का आव्हान श्रद्धालुजनों से किया है।

# विज्ञान विषय के अध्यापकों को 'आर्डयूनो प्रोग्रामिंग और सेंसर एक्चुएटर इंटरफेसिंग' की ट्रेनिंग शुरू

**मुज़फ़्फ़रनगर।** राजकीय और सहायता प्राप्त विद्यालयों के विज्ञान विषय के अध्यापकों के लिए तीन दिवसीय 'आर्डयूनो प्रोग्रामिंग और सेंसर एक्चुएटर इंटरफेसिंग' कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला एसीआईसी एमआईईटी मेरठ द्वारा आयोजित की जा रही है। कार्यशाला का शुभारंभ डीआईओएस राजेश कुमार, जिला समन्वयक आशीष द्विवेदी, कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ. रणवीर सिंह और एसीआईसी एमआईईटी मेरठ फाउंडेशन के सीईओ प्रशांत कुमार गुप्ता द्वारा डीएवी इंटर कॉलेज, मुज़फ़्फ़रनगर में



किया गया।

कार्यशाला के पहले दिन डॉ. रणवीर सिंह ने उपस्थित शिक्षकों को आर्डयूनो प्रोग्रामिंग और सेंसर एक्चुएटर इंटरफेसिंग के महत्व और प्रशिक्षण के बारे में जानकारी दी। पहले दिन के सेशन में शिक्षकों को आर्डयूनो के बारे में बताया गया और फिर कंप्यूटर पर आर्डयूनो प्रोग्रामिंग का हैंड्स-ऑन अभ्यास कराया गया।

इस कार्यक्रम में एसीआईसी एमआईईटी मेरठ फाउंडेशन के सीईओ प्रशांत कुमार गुप्ता और उनकी टीम के सदस्य प्रखर आस्टिन मोहन ने भी शिक्षकों को आर्डयूनो प्रोग्रामिंग और सेंसर एक्चुएटर इंटरफेसिंग के बारे में प्रशिक्षण देना शुरू किया।

यह कार्यशाला प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'स्किल इंडिया' और 'नए भारत का निर्माण' के संकल्प के अनुरूप आयोजित की गई है। इसका उद्देश्य शिक्षकों को तकनीकी उपकरणों का आत्मविश्वासपूर्ण उपयोग सिखाकर अटल टिंकरिंग लैब्स के माध्यम से स्कूली छात्रों के नवाचार कौशल को एक प्रकृति-अनुकूल शिक्षण अनुभव में परिवर्तित करना है।

## एंटी करप्शन सर्विस ट्रस्ट का प्रदर्शन, पाकिस्तान के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग

**मुज़फ्फरनगर।** पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के खिलाफ देश भर में आक्रोश थमने का नाम नहीं ले रहा है। विरोध प्रदर्शनों की कड़ी में आज आतंकी हमले के विरोध में कठोर कार्रवाई की मांग को लेकर ऑल इंडिया एंटी करप्शन सर्विस ट्रस्ट ने प्रदर्शन किया और जिला प्रशासन को प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा।




ज्ञापन सौंपने पहुंचे ऑल इंडिया एंटी करप्शन सर्विस ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने बताया कि 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम क्षेत्र में आतंकवादियों ने निर्दोष नागरिकों पर हमला किया। आतंकवादियों ने नागरिकों से उनका नाम पूछकर उन्हें निशाना बनाते हुए गोलीबारी की। इस नृशंस कृत्य की सम्पूर्ण भारत में कड़ी निंदा की जा रही है। ट्रस्ट ने मांग की है कि इस कायरतापूर्ण आतंकी हमले के प्रतिशोध स्वरूप पाकिस्तान पर तत्काल प्रभाव से कठोर कार्रवाई की जाए।

व्यापारी नेता विपिन सिंगल ने कहा कि 'हमारे देश में हमारे ही नागरिक सुरक्षित नहीं रहे हैं।' कहा कि 'पूरे देश के लोग मरने और मारने के लिए तैयार हैं, लेकिन अभी तक भारत सरकार की तरफ से कोई ऐसी कार्रवाई नहीं की गई है, जो ठोस और प्रभावी हो।'

## सडक दुर्घटना में बाईक सवार दो युवक घायल

**मीरापुर।** दिल्ली पौडी राजमार्ग पर ग्राम सिकरेडा के निकट सडक दुर्घटना में बाईक पर सवार दो युवक घायल हो गये। घायलों को उपचार के लिए चिकित्सक के पास भेजा गया। मवाना के मौहल्ला कल्याणसिंह निवासी रामेश पुत्र गजेन्द्र अपने एक साथी उदयवीर के साथ बाईक पर सवार होकर बिजनौर की ओर जा रहा था। जब इनकी बाईक ग्राम सिकरेडा के निकट पहुंची तो विपरीत दिशा से आ रही एक कार ने उनकी बाईक में टक्कर मार दी जिस कारण दोनो बाईक सवार सडक पर गिरकर घायल हो गये और उनकी बाईक क्षतिग्रस्त हो गई। मौके पर मौजूद लोगो ने दोनों घायलों को चिकित्सक के पास उपचार के लिए भर्ती कराया। उधर कार चालक मौके से फरार हो गया।

## संपादकीय

# सियासी सरहदें टूटीं, एकजुट भारत ने दिया दुश्मनों को कड़ा संदेश

यह एक स्वस्थ लोकतंत्र की निशानी है कि जब भी राष्ट्रीय सुरक्षा का मसला उठता है, तो सभी राजनीतिक दल अपने नफे-नुकसान से ऊपर उठ कर एकजुटता दिखाते और सार्थक समाधान के उपाय तलाशते हैं। पहलगाम आतंकी हमले पर राजनीतिक दलों की एकजुटता और सरकार को खुले मन से समर्थन इस अर्थ में सराहनीय है। इस मामले में सरकार ने भी लचीला रुख दिखाया और स्वीकार किया कि सुरक्षा व्यवस्था में उसकी तरफ से चूक हुई है। दरअसल, विपक्षी दल इसी मुद्दे पर लगातार सवाल पूछ रहे थे। सरकार ने उसे टालने का प्रयास नहीं किया और अपनी कमजोरी को स्वीकार किया। इससे आगे की रणनीति पर काम करने में आसानी होगी। सबसे बड़े विपक्षी दल के अध्यक्ष ने कहा कि इस मसले पर सरकार जो भी फैसला करेगी और कदम उठाएगी, उसमें उनकी पार्टी उसके साथ खड़ी रहेगी। अन्य सभी विपक्षी दलों ने भी सरकार को यही भरोसा दिलाया। निस्संदेह इससे अंतरराष्ट्रीय मंचों पर एक सशक्त संदेश गया और इस आतंकी हमले को लेकर सियासत करने का सिलसिला भी समाप्त हो गया है। अच्छी बात है कि सरकार ने इस मसले पर देश के सभी राजनीतिक दलों को अपने साथ जोड़ लिया। हालांकि ऐसे नाजुक मामलों में सूचनाएं और संसाधन सरकार के पास ही होते हैं और आगे के कदम उसे ही उठाने होते हैं, पर वह विपक्षी दलों को नजरअंदाज नहीं कर सकती। जिन मामलों में पूरे देश के प्रतिनिधित्व की जरूरत होती है, उनमें उन्हें साथ लेना ही चाहिए। यही परंपरा भी रही है। अगर ऐसा न होता, तो बेवजह सियासी रस्साकशी शुरू होती, जो कि किसी भी रूप में अच्छा नहीं कहा जा सकता। विपक्षी दलों ने अपनी लोकतांत्रिक मर्यादा निभाई है, अब सरकार पर है कि वह किस तरह उनकी भावनाओं का मान रखती है। यों, ऐसे मौकों पर सरकार के ऊपर कई अतिवादी किस्म के दबाव भी बनते हैं, जो कि बन भी रहे हैं। पर क्या देश के हित में है, उसका फैसला अंतिम रूप से सरकार को ही करना पड़ता है। विपक्षी दलों की तरफ से एक सुझाव आया कि सरकार को सीमा पार आतंकी ठिकानों को नेस्तनाबूद करने की कोशिश करनी चाहिए। सभी ने पाकिस्तान पर शिकंजा कसने के लिए सरकार के फौरी फैसलों की सराहना की है। पर देश के बहुत सारे लोगों की भावना पाकिस्तान के खिलाफ सख्त और निर्णायक कदम उठाने की है। भारत के फैसलों के जवाब में पाकिस्तान ने जो कदम उठाए हैं, उससे जाहिर है कि वह रार लेना चाहता है। भारत के सामने पाकिस्तान की हैसियत बहुत मामूली है। वह इस वक्त बहुत बुरे दौर से गुजर रहा है। जबकि भारत तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है और दुनिया के देश इसकी तरफ सम्मान की नजर से देखते हैं। पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय बिरादरी में अलग-थलग पड़ा हुआ है। वहां की हुकूमत खुद अपनी अहमियत के लिए जूझ रही है। ऐसे में भारत को उसे सबक सिखाने के लिए बहुत ठंडे दिमाग से फैसला करना होगा। पुलवामा की घटना के बाद जिस तरह उस पर निरंतर दबाव बनाए रखने की जरूरत थी, उस पर फिर से विचार किया जा सकता है। आतंकवाद से निपटने के मसले पर भारत को दुनिया के अनेक देशों का समर्थन हासिल है, इसलिए पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों को खत्म करने को लेकर रणनीति बनाना महत्त्वपूर्ण हो सकता है। सर्वदलीय बैठक में सुझाए गए बिंदुओं को नजरअंदाज नहीं किया जाना चाहिए।

**शिमला समझौता 2 जुलाई 1972 को भारत की तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी और पाकिस्तान के तत्कालीन राष्ट्रपति जुल्फिकार अली भुट्टो के बीच हस्ताक्षरित हुआ था। इसका उद्देश्य 1971 के भारत-पाक युद्ध के बाद दोनों देशों के बीच शांति स्थापित करना था। शिमला समझौते का निलंबन भारत-पाकिस्तान संबंधों को लगभग पूर्ण ठहराव की स्थिति में ला सकता है। दोनों देशों के बीच व्यापार, जो पहले ही न्यूनतम है, पूरी तरह रुक सकता है।**

# शिमला समझौते का निलंबनः भारत-पाकिस्तान संबंधों पर गहरा संकट, आखिर क्या होगा प्रभाव?

**(जयसिंह रावत)**



पहलगाम आतंकी हमले की प्रतिक्रिया स्वरूप भारत द्वारा सिंधु जल समझौते को संशोधन के लिए नोटिस जारी करने के फैसले की प्रतिक्रिया में पाकिस्तान ने शिमला समझौते को एकतरफा निलंबित करने की घोषणा की है। यह कदम दोनों देशों के बीच पहले से ही तनावपूर्ण संबंधों को और गहरा सकता है, जिसके परिणाम कश्मीर, नियंत्रण रेखा, जल कूटनीति और क्षेत्रीय स्थिरता पर व्यापक प्रभाव डाल सकते हैं।

शिमला समझौता, जो 1972 में भारत-पाकिस्तान के बीच शांति और द्विपक्षीय बातचीत का आधार बना, अब खतरे में है, और इसके निलंबन से दोनों देशों के बीच विश्वास का आधार टूट सकता है। यह लेख इस निलंबन के संभावित परिणामों का तथ्यों और आंकड़ों के साथ गहराई से विश्लेषण करता है, ताकि इस जटिल स्थिति को समझा जा सके।

शिमला समझौता 2 जुलाई 1972 को भारत की तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी और पाकिस्तान के तत्कालीन राष्ट्रपति जुल्फिकार अली भुट्टो के बीच हस्ताक्षरित हुआ था। इसका उद्देश्य 1971 के भारत-पाक युद्ध के बाद दोनों देशों के बीच शांति स्थापित करना था, जिसमें भारत ने 93,000 पाकिस्तानी सैनिकों को बंदी बनाया था और लगभग 5,600 वर्ग मील पाकिस्तानी क्षेत्र पर कब्जा किया था।

समझौते ने नियंत्रण रेखा को परिभाषित किया, जो 17 दिसंबर 1971 की युद्धविराम रेखा पर आधारित थी, और दोनों देशों को कश्मीर सहित सभी विवादों को द्विपक्षीय बातचीत के माध्यम से हल करने का वचन दिया। इसके अलावा, दोनों पक्षों ने शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व और एक-दूसरे की क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान करने की प्रतिबद्धता जताई। यह समझौता भारत-पाक संबंधों का एक आधारभूत ढांचा बन गया, जिसने युद्ध के बाद तनाव को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

पाकिस्तान के इस कदम से क्या प्रभाव होंगे?

पाकिस्तान द्वारा शिमला समझौते को निलंबित करने की घोषणा एक अभूतपूर्व कदम है, क्योंकि यह समझौता दोनों देशों के बीच विश्वास और सहयोग का प्रतीक था। इस निलंबन का सबसे तात्कालिक प्रभाव नियंत्रण रेखा और कश्मीर मुद्दे पर पड़ेगा। नियंत्रण रेखा, जो 740 किलोमीटर लंबी है और जम्मू-कश्मीर के पहाड़ी इलाकों से गुजरती है, दोनों देशों के बीच एक अस्थायी लेकिन मान्य सीमा रही है। यदि पाकिस्तान इसकी वैधानिकता को चुनौती देता है, तो सीमा पर सैन्य तनाव बढ़ सकता है। 2024 तक, भारत और पाकिस्तान ने नियंत्रण रेखा पर कई बार युद्धविराम का उल्लंघन किया है, जिसमें 2020 में 5,133 उल्लंघन दर्ज किए गए थे।

शिमला समझौते के बिना, इन उल्लंघनों की संख्या और तीव्रता बढ़ सकती है, क्योंकि दोनों देश इसे अंतरराष्ट्रीय कानून के उल्लंघन के रूप में नहीं देखेंगे। इससे स्थानीय समुदायों, विशेष रूप से सीमा के पास रहने वाले लोगों पर गहरा प्रभाव पड़ेगा, जिन्हें पहले ही गोलीबारी और विस्थापन का सामना करना पड़ रहा है।

कश्मीर मुद्दा, जो दोनों देशों के बीच सबसे विवादास्पद रहा है, इस निलंबन से और जटिल हो सकता है। शिमला समझौते ने स्पष्ट रूप से कहा था कि कश्मीर सहित सभी विवादों को द्विपक्षीय रूप से हल किया जाएगा, और तीसरे पक्ष या अंतरराष्ट्रीय मंचों पर इसे नहीं ले जाया जाएगा।

पाकिस्तान का यह कदम संयुक्त राष्ट्र या अन्य वैश्विक मंचों पर कश्मीर को फिर से उठाने की कोशिश का संकेत हो सकता है। हालांकि, भारत, जिसने 5 अगस्त 2019 को अनुच्छेद 370 और 35ए को हटाकर जम्मू-कश्मीर को पूर्ण रूप से अपने नियंत्रण में ले लिया है, इसे आंतरिक मामला मानता है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत के स्थायी सदस्यों जैसे रूस और संभावित रूप से अमेरिका के समर्थन के कारण पाकिस्तान का अंतरराष्ट्रीयकरण का प्रयास विफल हो सकता है। फिर भी, यह कदम दोनों देशों की जनता में राष्ट्रवादी भावनाओं को भड़का सकता है, जिससे शांति की संभावनाएं और कम हो जाएंगी।

शिमला समझौते का निलंबन भारत-पाकिस्तान संबंधों को लगभग पूर्ण ठहराव की स्थिति में ला सकता है। दोनों देशों के बीच व्यापार, जो पहले ही न्यूनतम है, पूरी तरह रुक सकता है। 2019 में पुलवामा हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान को सर्वाधिक तरजीही राष्ट्र का दर्जा वापस ले लिया था और आयात पर 200त्न शुल्क लगा दिया था। 2023 तक, भारत-पाक व्यापार केवल 2 अरब डॉलर के आसपास था, जो 2016 के 6 अरब डॉलर से काफी कम है। निलंबन के बाद, सांस्कृतिक आदान-प्रदान, धार्मिक तीर्थयात्रा (1974 के प्रोटोकॉल के तहत), और खेल जैसे क्षेत्रों में भी पूर्ण विराम लग सकता है। इससे दोनों देशों की जनता के बीच अविश्वास और गहरा होगा, जो पहले से ही सीमा पार आतंकवाद और प्रचार के कारण तनावग्रस्त है।

सिंधु जल समझौते के निलंबन का असर

सिंधु जल समझौते से इस निलंबन का अप्रत्यक्ष लेकिन गहरा संबंध है। भारत ने 30 अगस्त 2024 को सिंधु जल समझौते में संशोधन की मांग की, जिसमें तीन कारण दिए- जलवायु परिवर्तन और नई प्रौद्योगिकियों के कारण बदली परिस्थितियां, स्वच्छ ऊर्जा के लिए जल उपयोग की आवश्यकता, और सीमा पार आतंकवाद के कारण समझौते का प्रभावी कार्यान्वयन न होना। सिंधु जल समझौते के तहत, सिंधु नदी प्रणाली की छह नदियों का जल बंटवारा होता है, जिसमें पश्चिमी नदियां (सिंधु, झेलम, चिनाब) पाकिस्तान को और पूर्वी नदियां (रावी, सतलज, ब्यास) भारत को दी गई हैं।

भारत का तर्क है कि उसे अपनी 20 प्रतिशत जल संसाधनों का पूर्ण उपयोग करने का अधिकार है, विशेष रूप से जम्मू-कश्मीर में जलविद्युत परियोजनाओं जैसे किशनगंगा (330 मेगावाट) और रतले (850 मेगावाट) के लिए। पाकिस्तान ने इसे एकतरफा कदम माना और शिमला समझौते को निलंबित करने की घोषणा की। यदि सिंधु जल समझौते पर बातचीत विफल होती है, तो भारत अपनी परियोजनाओं को तेज कर सकता है, जिससे पाकिस्तान को जल की कमी का सामना करना पड़ सकता है। पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था, जो 80 प्रतिशत कृषि पर निर्भर है और सिंधु नदी से 65त्न पानी प्राप्त करती है, इस स्थिति से बुरी तरह प्रभावित हो सकती है।

क्षेत्रीय स्थिरता पर भी इस निलंबन का गहरा प्रभाव पड़ेगा। भारत और पाकिस्तान, दोनों परमाणु शक्ति संपन्न देश हैं, जिनके पास क्रमशः 164 और 170 परमाणु हथियार होने का अनुमान है (2024 तक)। शिमला समझौते के बिना, छोटे स्तर के सैन्य टकराव भी बड़े युद्ध में बदल सकते हैं, जिसका परिणाम दोनों देशों और दक्षिण एशिया के लिए विनाशकारी होगा।

इसके अलावा, चीन, जो पाकिस्तान का करीबी सहयोगी है और भारत के साथ लद्दाख में सीमा विवाद में उलझा हुआ है, इस स्थिति का फायदा उठाने की कोशिश कर सकता है। चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारा, जिसमें 62 अरब डॉलर का निवेश है, भारत के लिए एक रण; भारत की बढ़ती वैश्विक स्थिति, विशेष रूप से जी20 और क्वाड जैसे मंचों पर, इसे कूटनीतिक रूप से मजबूत बनाती है।

अंतरराष्ट्रीय मंचों पर इस निलंबन का प्रभाव सीमित हो सकता है। विश्व बैंक, जो सिंधु जल समझौते में मध्यस्थ है, इस स्थिति पर नजर रखेगा, लेकिन भारत की द्विपक्षीय समाधान की नीति बाहरी हस्तक्षेप को रोक सकती है। संयुक्त राष्ट्र में भी पाकिस्तान का कश्मीर को अंतरराष्ट्रीय मंच पर ले जाने का प्रयास भारत की कूटनीतिक ताकत के कारण विफल हो सकता है। फिर भी, यह स्थिति दक्षिण एशिया में जलीय राष्ट्रवाद को बढ़ावा दे सकती है, जिससे दोनों देशों में आंतरिक राजनीति और जनता की भावनाएं प्रभावित होंगी। भारत में, जहां 2024 में लोकसभा चुनावों के बाद राष्ट्रवादी भावनाएं पहले से ही मजबूत हैं, सरकार इस स्थिति का उपयोग अपनी सख्त नीतियों को सही ठहराने के लिए कर सकती है।

आर्थिक रूप से, दोनों देशों को नुकसान होगा। पाकिस्तान, जिसकी सकल घरेलू उत्पाद 2024 में 338 अरब डॉलर है, पहले से ही आर्थिक संकट से जूझ रहा है, और इस निलंबन से उसकी स्थिति और खराब हो सकती है। भारत, जिसकी सकल घरेलू उत्पाद 3.4 ट्रिलियन डॉलर है, आर्थिक रूप से अधिक स्थिर है, लेकिन सीमा पर बढ़ता तनाव और सैन्य खर्च (2024 में 81 अरब डॉलर) उसकी विकास योजनाओं को प्रभावित कर सकता है। सामाजिक स्तर पर, दोनों देशों की जनता के बीच अविश्वास और गहरा होगा, जिससे सांस्कृतिक और मानवीय संबंध पूरी तरह टूट सकते हैं।

# पाक को सबक सिखाना एवं आतंकवाद को उखाड़ना होगा

**(ललित गर्ग)**

जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाए जाने के बाद जम्मू-कश्मीर में काफी बदलाव आया था। आतंकवाद लगातार सिमट रहा था, शांति का उजाला हो रहा था। वादियां की रौनक बढ़ी और बाजार गुलजार हो उठे थे। श्रीनगर के लालचौक पर मिलजुल कर त्यौहार मनाए जाने लगे थे।

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए बर्बर एवं क्रूर आतंकी हमले से सारा देश गम एवं गुस्से में दिख रहा है, वही मोदी सरकार इस बार आर-पार के मूड में दिख रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट कमेटी ऑन सिक्योरिटी (सीसीएस) की बैठक के बाद भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ पांच बड़े और कड़े फैसले लेते हुए पाकिस्तान पर शिकंजा कसा है, जिससे वह डरा है, सहमा है, घबराया है। इन पंच शिकंजों में 1960 की सिंधु जल संधि को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है, राजनयिक मिशन की संख्या घटाई जाएगी, पाकिस्तानी सैन्य राजनयिकों को एक हफ्ते में भारत छोड़ना होगा, पाकिस्तानियों के लिए सार्क वीज़ा रद्द कर दिया गया है और अटारी बॉर्डर को भी तत्काल प्रभाव से बंद कर दिया गया है। ये कदम जहां आतंकवाद के खिलाफ भारत की कड़ी नीति को दर्शाते हैं वहीं पाकिस्तान को उसकी औकात दिखाने का एक डिप्लोमैटिक स्ट्राइक है, जबकि भीतर-ही-भीतर किसी बड़ी कार्रवाई से इंकार नहीं किया जा सकता। सीमा पार आतंकवाद को लेकर पाकिस्तान पर दबाव बनाने और भारत की सुरक्षा को मजबूत करने की दिशा में मोदी सरकार से अभी अधिक सख्त कार्रवाई की अपेक्षा है और आशा की जा रही है कि सरकार जनता की अपेक्षाओं से भी दो कदम आगे इस बार बदला लेगी। इस बार की तांडवी टंकार एवं हुंकार पाकिस्तान की न केवल कमर तोड़ देगी, बल्कि उसके नापाक मनसूबों को हमेशा के लिये नेस्तनाबूद कर देगी। पाकिस्तान ने अब तक भारत की शांति एवं सहयोग भावना को देखा है लेकिन अब हिंसा के लिये हिंसा की खनकार देखेगा। निर्दोषों की हत्या करन वालों, विश्वासघात का मार्ग अपनाने वालों एवं निहत्थों पर कहर बरपाने वालों को अब पता लगेगा कि धर्म एवं शांतिवादियों की ताकत क्या होती है?

पाकिस्तान स्थित प्रतिबंधित लश्कर-ए-तैयबा के एक संगठन द रेजिस्टेंस फ्रंट ने निर्दोष पर्यटकों पर किये गये इस कायरतापूर्ण हमले की जिम्मेदारी ली है। इस दुखद घटना ने वर्ष 2008 में दुस्साहसपूर्ण ढंग से मुंबई और भारत को हिलाकर रख देने वाले लश्कर-ए-तैयबा द्वारा रचे गए नरसंहार की याद दिला दी है। यह महज संयोग नहीं कि यह हमला 26/11 के आरोपी तहव्वुर राणा के भारत प्रत्यर्पण और पाक सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर के भारत विरोधी बयान के बाद हुआ। यह हमला पाकिस्तान की अब तक की सबसे बड़ी भूल एवं अमानवीयता एवं पाशविकता का घिनौना कृत्य बना है। मुनीर ने कश्मीर को अपने देश की 'गले की नस' बताया लेकिन यही नस अब पाकिस्तान का सर्वनाश करेंगी, उसको कड़वे घुंट पीने को विवश करेगी। दाने-दाने को तरसता पाकिस्तान अब त्राहि-त्राहि करते हुए तबाही के कगार पर पहुंचेगा। एक ओर जहां बलूच विद्रोह ने मुनीर व सेना की नींद उड़ा रखी है, अब भारत उसकी नींद ही नहीं, सुख-चैन भी छीन लेगा। गैर मुस्लिमों को निशाना बनाना और वह भी अमेरिकी उपराष्ट्रपति जे.डी.वेंस की भारत यात्रा के दौरान- यह स्पष्ट करता है कि आतंकवादियों व उनके आकाओं ने भाजपा के नेतृत्व वाली मोदी सरकार को चुनौती दे दी है, सीधे-सीधे ललकारा है। मोदी सरकार को सस्ते में लेने की भूल के परिणाम पाकिस्तान पहले भी भुगत चुका है, उरी (2016) और पुलवामा (2019) की तरह पहलगाम हत्याकांड में बहा निर्दोषों का रक्त व्यर्थ नहीं जायेगा। जिस तरह श्रीकृष्ण को आसूरी शक्तियों के खिलाफ महाभारत रचना पड़ा, उसी तरह मोदी पाकिस्तान के आतंकवाद के खिलाफ कोई बड़े युद्ध की संरचना करके हमेशा के लिये आतंकवाद का सर्वनाश करे।

पहलगाम हत्याकांड के बाद न केवल समूचे देश में बल्कि कश्मीर घाटी में पहली बार गहरा आक्रोश देखने को मिला है। घाटी में 35 साल बाद पहली बार आतंकी हमले के खिलाफ बंद का आयोजन किया गया है। बुधवार को बंद के आह्वान के बाद श्रीनगर में अधिकांश व्यापारिक प्रतिष्ठान बंद रहे। लोग सड़कों में दुख और आक्रोश व्यक्त करते नजर आए और कहा कि यह घटना कश्मीर की अतिथि और शांति की भावना के साथ विश्वासघात है। यह घटना कश्मीरियों की रोजी-रोटी पर कुठाराघात है। यह कश्मीर की शांति को लीलने की कुचेष्ठा है। लश्करे-ए-तैयबा से जुड़े आतंकी संगठन के इस हमले का मकसद पर्यटकों में खौफ पैदा करना और घाटी में सामान्य स्थिति की वापसी को रोकना था। यहां उल्लेखनीय है कि बीते साल जम्मू-कश्मीर में पैंतीस लाख से अधिक पर्यटक पहुंचे थे। लेकिन पहलगाम जैसी जगह में जहां सत्तर फीसदी लोगों की आजीविका पर्यटन से जुड़ी है, वहां स्थिति सामान्य होने में अब लंबा वक्त लगेगा। आने वाले दिनों के लिये पर्यटकों ने अपनी यात्राएं रद्द कर दी हैं।

जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाए जाने के बाद जम्मू-कश्मीर में काफी बदलाव आया था। आतंकवाद लगातार सिमट रहा था, शांति का उजाला हो रहा था। वादियां की रौनक बढ़ी और बाजार गुलजार हो उठे थे। श्रीनगर के लालचौक पर मिलजुल कर त्यौहार मनाए जाने लगे थे। बागों में ट्यूलिप के फूल खिल उठे थे। बर्फ की वादियों में मंद-मंद शीतल हवाओं से चिनार के पेड़ झूमने लगे थे। जो देश एवं दुनिया के असंख्य पर्यटकों को खींच रहे थे। उम्मीदें बंध गई थीं कि एक न एक दिन आतंकवाद मुक्त जम्मू-कश्मीर नई सुबह देखेगा लेकिन बढ़ते पर्यटक और मजबूत होती अर्थव्यवस्था पाक को रास नहीं आई। पहलगाम के भयावह हमले ने एक बार फिर सबको खौफजदा कर दिया। जम्मू-कश्मीर में शांति, सौहार्द और विकास पाकिस्तान में बैठे आतंक के आकाओं को नागवार गुजर रहा था। इसलिए पाकिस्तान की सेना, सेना प्रमुख तौकिर मुनीर, उसकी खुफिया एजैंसी आईएसआई और आतंकवादी संगठनों ने मिलकर ऐसी साजिश रच डाली, जिसने उनके धर्म को धुंधलाने एवं शर्मसार करने के साथ पाकिस्तानी इरादों को भी बेनकाब कर दिया।

# जानिए आखिर क्यों पाकिस्तान कर रहा है आतंकवाद फ़ैलाने जैसा 'गंदा काम'?

**(कमलेश पांडे)**

भारत को पता होना चाहिए कि अंतर्राष्ट्रीय हथियार लॉबी दशकों से उसके पीछे पड़ी हैं। यहाँ के लोग भी यह महसूस कर रहे होंगे कि भारत में बढ़ते आतंकवादी हमलों, नक्सली हमलों और अंडरवर्ल्ड के गैंगवार के बाद हमारी सरकार ने आधुनिक हथियार और सुरक्षा उपकरण खरीदी।

जब अंतर्राष्ट्रीय महकमे में पाकिस्तान को आतंकवाद पैदा करने की फैक्ट्री मान लिया गया है, तब भी यदि उसके खिलाफ कोई मजबूत वैश्विक कार्रवाई नहीं हुई तो ऐसा सिर्फ इसलिए कि वह दुनियावी हथियार और सुरक्षा उपकरण निर्माता कम्पनियों और उनके संरक्षक मूल राष्ट्रों के हाथों का खिलौना बन चुका है। ये देश कोई और नहीं बल्कि अमेरिका, रूस, चीन, ब्रिटेन, फ्रांस, इजरायल, जर्मनी, तुर्किये आदि जैसे देश हैं जिन्हें मौत का सौदागर कहना ज्यादा उचित रहेगा!

दरअसल, यह बात मैं नहीं कह रहा हूँ बल्कि इसका एक क्लू पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ के बयानों से मिला है, जिसके बाद अपने पाठकों को 'ह' से 'हलंत' तक की बात समझा रहा हूँ। वैसे तो भारतीय नेतृत्व के लिए भी यह बात जानना-समझना जरुरी है! हालाँकि उसके पिछले एक दशक के रूख से यही प्रतीत होता है कि वह सबकुछ समझ रहा है और बार-बार दुनिया को यह नसीहत भी दे रहा है कि यह युद्ध नहीं बल्कि बुद्ध का समय है।

ऐसे में संभव है कि भारत को युद्ध की जाल में उलझाकर चीन को बर्बाद करना अमेरिका-ब्रिटेन समेत नाटो देशों की यह एक नई चाल हो, जैसा कि उन्होंने रूस के खिलाफ यूक्रेन को भड़का कर अपना नापाक लक्ष्य पूरा किया। चूँकि चीन-रूस के प्रगाढ़ रिश्तों से अमेरिका-चीन के रिश्ते खटाई में पड़ते जा रहे हैं, वहीं भारत का नेतृत्व रूस, अमेरिका और चीन से एकसमान रिश्ते रखना चाहता है ताकि युद्ध की बजाय विकास को गति दी जा सके। ऐसे में अंतर्राष्ट्रीय जगत के सामने कटोरा लेकर खड़ा रहने वाले देश पाकिस्तान को 'उनके' ही इशारे पर पहलगाम आतंकी हमले को अंजाम दिलवा दिया, ताकि मोदी सरकार के सब्र की बांध टूटे, फिर वह पाकिस्तान पर हमला करे।

तत्पश्चात पाकिस्तान को बचाने चीन आएगा और जब ऐसा होगा तो भारत-चीन के बीच भड़कने वाले युद्ध में पश्चिमी देश भारत का साथ देंगे और फिर जैसे यूक्रेन को उसकी कीमती खनिज सम्पदा के लिए ब्लैक मेल किया कुछ वैसा ही भारत के साथ भी करेंगे। हालाँकि भारत ने इस बार कूटनीतिक सर्जिकल लड़ाई को अपना नया हथियार बनाया और ताबड़तोड़ पांच प्रतिबन्ध उसपर थोप दिए। आगे सबक सिखाने की तैयारी में भारतीय नेतृत्व जुटा हुआ है।

इसी बीच घबराए पाकिस्तान ने यानी उसके रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने पहलगाम में आतंकी हमले के बाद जो अर्द्धसत्य स्वीकार किया है, वह हैरान करने वाला बयान समझा जा रहा है। लेकिन इसके पीछे की एक और कड़वी सच्चाई जिसे वे चालाकी पूर्वक छिपा लिए, वह है अमेरिका का मजबूत अंतर्राष्ट्रीय विकल्प बनते जा रहे चीन और उसके समर्थक उत्तरपूर्वी देशों और मध्य पूर्व के देशों का नाम, जो हर भारतीय को जानना चाहिए! क्योंकि यदि उन्होंने ऐसी साफगोई दिखा दी होती तो चीन के साथ परवान चढ़ रहे रिश्ते खराब हो जाते!

यहाँ यह भी संभव है कि भारत के कड़े रूख के मद्देनजर उन्होंने जानबुझकर अमेरिका, ब्रिटेन आदि का नाम रणनीतिक रूप से लिया है, क्योंकि पाकिस्तान के साथ उनके रिश्ते अब वैसे प्रगाढ़ नहीं रहे जैसे कि पहले हुआ करता था! ऐसा इसलिए कि पाकिस्तान अब उनके प्रबल प्रतिद्वंद्वी चीन के खेमे में जा चुका है। आज चीन के साथ रूस, उत्तर कोरिया, तुर्की, ईरान, जर्मनी आदि जैसे देश हैं, जिनमें से कई के साथ भारत के समझदारी भरे रिश्ते हैं। हालाँकि उनका यह बयान भारत और रूस के लिए आंख खोलने वाला है।



भारत को पता होना चाहिए कि अंतर्राष्ट्रीय हथियार लॉबी दशकों से उसके पीछे पड़ी हैं। यहाँ के लोग भी यह महसूस कर रहे होंगे कि भारत में बढ़ते आतंकवादी हमलों, नक्सली हमलों और अंडरवर्ल्ड के गैंगवार के बाद हमारी सरकार ने आधुनिक हथियार और सुरक्षा उपकरण खरीदी। चूँकि आतंकवाद का 'बाप' पाकिस्तान और नक्सलवाद का बाप 'चीन' भारत के पड़ोसी हैं, इसलिए भारत इससे ज्यादा प्रभावित होता आया है। हमारी 'मुर्ख सरकारें' भी फर्जी धर्मनिरपेक्षता, मन्दिर-मस्जिद, आरक्षण और सामाजिक न्याय, भाषा और क्षेत्र के नाम पर भारतीयों को बरगलाती रहीं और आतंकवाद, नक्सलवाद और संगठित अपराध के खिलाफ भारतीयों में सद्प्रेरणा पैदा नहीं कीं, क्योंकि विदेशी पूंजीपतियों के एजेंट भारतीय पूंजीपति भी यही चाहते थे। नई आर्थिक नीति की आड़ में इनलोगों ने भारत के जमे जमाये उद्योगों को मार दिया और अमेरिका के शह पर गुणवत्ता हीन चीनी सामानों से भारतीय बाजार को पाट दिया। जबतक मोदी सरकार, मनमोहन सरकार की 'देशद्रोही' कारगुजारियों को समझ पाई और ताबड़तोड़ काउंटर वाले फैसले लिए। इससे परेशान चीनी-अमेरिकी पूंजीपतियों के गिरोह ने कृत्रिम कोरोना महामारी पैदा कर दी। भारत पर दबाव बनाने के लिए चीन गलवान घाटी में घुस आया।

हालाँकि मोदी सरकार ने दृढ़ता पूर्वक अंतर्राष्ट्रीय षड्यंत्रों का मुकाबला करते हुए आपदा को अवसर में बदल दिया। उसके बाद रूस-यूक्रेन युद्ध और इजरायल-फिलिस्तीन युद्ध और दक्षिण चीन सागर विवाद के बीच भारत ने संतुलनकारी रूख अपनाया। यही बात बार बार अमेरिका और पश्चिमी देशों को खटक रही है। अभी हाल ही में पाकिस्तान के बलूचिस्तान में खनिज सम्पदा निकालने में अमेरिका ने जो दिलचस्पी दिखाई है, उसके लिंक भी देर-सबेर कश्मीर कांड से जुड़ जाएंगे।

चूँकि पाकिस्तानी रक्षा मंत्री ने दो टूक स्वीकार किया है कि पाकिस्तान आतंकी समूहों को धन मुहैया करा रहा है और उनका समर्थन कर रहा है। ख्वाजा आसिफ ने एक बातचीत के दौरान कहा- हम करीब 3 दशकों से अमेरिका के लिए यह गंदा काम कर रहे हैं। ख्वाजा आसिफ ने अपनी इस प्रवृति के लिए अमेरिका और पश्चिमी देशों को जिम्मेदार ठहराया। ख्वाजा ने एक बयान में माना कि पाक पिछले तीन दशकों से आतंकवाद को पाल रहा है। रक्षा मंत्री ने स्वीकार किया है कि पाकिस्तान आतंकी समूहों को धन मुहैया करा रहा है और उनका समर्थन कर रहा है।

मसलन वायरल हो रहे इस आशय के एक वीडियो क्लिप में पाकिस्तान के रक्षा मंत्री स्काई न्यूज के यल्दा हकीम से बातचीत कर रहे हैं, जब वह उनसे पूछती हैं, आप मानते हैं सर, कि पाकिस्तान का इन आतंकी संगठनों को समर्थन देने, प्रशिक्षण देने और धन मुहैया कराने का लंबा इतिहास रहा है? ख्वाजा आसिफ ने अपने जवाब में कहा, हम करीब 3 दशकों से अमेरिका के लिए यह गंदा काम कर रहे हैं..ख्वाजा आसिफ ने आगे कहा, ब्रिटेन समेत पश्चिम... यह एक गलती थी, और हमें इसके लिए भुगतना पड़ा, और इसीलिए आप मुझसे यह कह रहे हैं। अगर हम सोवियत संघ के खिलाफ युद्ध में और बाद में 9/11 के बाद के युद्ध में शामिल नहीं होते, तो पाकिस्तान का ट्रैक रिकॉर्ड बेदाग होता।

वहीं भारत के साथ ऑल आउट वार की बात करने वाले ख्वाजा आसिफ ने कहा कि पाकिस्तान में लश्कर ए तैयबा खत्म हो चुका है। हालाँकि उन्होंने स्वीकार किया कि लश्कर ए तैयबा का अतीत में पाकिस्तान के साथ कुछ लिंक मिले हैं। उन्होंने कहा कि अब ये आतंकी संगठन खत्म हो चुका है। ऐसे में पाकिस्तान के साथ लश्कर का लिंक मिलने का ये मतलब नहीं है कि हम इसको मदद करते हैं। इन बातों से स्पष्ट है कि आखिर पाकिस्तान आतंकवाद फ़ैलाने जैसा गंदा काम क्यों कर रहा है? और जब यह बात साफ हो चुकी है तो भारत को ऐसा निर्णायक पलटवार करना चाहिए कि उनके होश ठिकाने में आ जाएँ। चूँकि भारत सत्य के साथ खड़ा है, इसलिए देर सबेर जीतेगा भारत और हारेंगे षड्यंत्रकारी! बस रूस पुराणी दोस्ती निभाता रहे और भारत उसके प्रति वफादार बना रहे! वरिष्ठ पत्रकार व राजनीतिक विश्लेषक। (इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

# यमुना में डूबे एक युवक का शव हुआ बरामद, दो की तलाश जारी

**कैराना।** मित्रों व स्वजन के साथ स्नान के लिए आए पानीपत के आए तीन युवक नहाते समय नदी में डूब गए थे। गोताखोरों की टीम सर्च अभियान में जुटी है। चौबीस घंटे बाद उन्नीस वर्षीय श्यामू का शव बरामद हुआ हैं। दो अन्य की खोज के लिए तलाश जारी हैं। पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हादसे से मृतक के परिवार में हाहाकार मचा हुआ है। गत रविवार को पानीपत के वार्ड संख्या 12 की वीरनगर कालोनी निवासी चौबीस वर्षीय राकेश, तीस वर्षीय पिंटू व उन्नीस वर्षीय श्यामू अपने मित्रों व स्वजन के साथ में यमुना में नहाने के लिए आए थे। वह हरियाणा की ओर स्थित पुल से दूर यमुना में नहाने लगे। वहां पर कुछ अन्य लोग भी स्नान कर रहे थे। इसी दौरान तीनों यमुना के गहरे कुंड में डूबने गए थे। युवकों को डूबता देख बाहर बैठे सूरज, राजेश व अजय ने उन्हें डूबता देख शोर मचा दिया। लेकिन वह गहरे पानी में समा गया। सूचना पर यमुना ब्रिज पुलिस चौकी पुलिस को सूचना दी गई, जिस पर चौकी पर तैनात पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे। वहीं सीओ जितेंद्र कुमार व अपराध निरीक्षक कमल किशोर पुलिसकर्मियों ने आसपास के गांवों से निजी गोताखोरों को मौके पर बुलाया और यमुना में डूबे युवको की तलाश शुरू कराई। सोमवार को साथ चार बजे तलाश के बाद श्यामू के शव को यमुना से बरामद कर लिया गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं गोताखोरों की टीम राकेश व पिंटू की तलाश में जुटी है। युवक की मौत से स्वजन में कोहराम मचा हुआ है।

# मन्ना माजरा में हुए फायरिंग की घटना में वांछित दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

**कैराना।** पुलिस ने मन्नामाजरा में दो पक्षों में एक दूसरे पर जान से मारने की नियत से एक राय होकर अवैध हथियार से फायरिंग, मारपीट करने के मामले के वांछित दो आरोपियो को गिरफ्तार किया।



गत एक मई को गांव मन्नामाजरा में दो पक्षो में हुई घटना में पुलिस ने सत्रह नामजद व कुछ अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। सोमवार को कोतवाली पुलिस ने दोनो पक्षों पर जान से मारने की नियत से एक राय होकर अवैध हथियार से फायरिंग मारपीट करने के मामले में वांछित आरोपित रिजवान पुत्र इस्लाम व राकिब पुत्र हारुण निवासी ग्राम मन्ना माजरा को गिरफ्तार कर जिला कारागार भेजा।



# तमंचे सहित आरोपी गिरफ्तार

**कैराना।** पुलिस ने आरोपी को तमंचे व कारतूस सहित गिरफ्तार किया। कोतवाली में तैनात उपनिरीक्षक यशवीर सिंह राणा,हेडकास्टेबल यतेन्द्र भारद्वाज व कास्टेबल सोनू भाटी के साथ नगर के बाईपास पर चेकिंग अभियान चला रहे थे। इस दौरान एक संदिग्ध व्यक्ति आता दिखाई दिया। पुलिस टीम ने चेकिंग के दौरान उसके कब्जे से एक तीन सो पंद्रह बोर का अवैध तमंचा व एक कारतूस बरामद किया। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम व पता शहनवाज पुत्र मिजामुदीन निवासी भारतनगर कालोनी थाना किला जनपद पानीपत हरियाणा बताया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया।

# टिकैत भाइयों को अगर पाकिस्तान से हमदर्दी है, तो वहीं चले जाना चाहिए: प्रवेश वर्मा

**नयी दिल्ली।** दिल्ली सरकार के कैबिनेट मंत्री परवेश वर्मा ने सोमवार को कहा कि किसानों के नाम पर राजनीति करने वाले टिकैत भाइयों जैसे नेता अगर पाकिस्तान से इतनी हमदर्दी रखते हैं तो बेहतर होगा कि वे भारत छोड़कर पाकिस्तान चले जाएं। श्री वर्मा ने आज कहा कि भारत के किसानों ने हमेशा तिरंगे की शान के लिए खेतों में पसीना बहाया है और देश की रक्षा के लिए अपने बेटे बलिदान किए हैं। जो लोग आज पाकिस्तान के किसानों की चिंता कर रहे हैं, वे न भारत के सच्चे नागरिक हैं और न ही किसानों के सच्चे हितैषी। उन्होंने कहा कि देशभक्ति और किसानों के नेता का दिखावा कर सत्ता और लाभ की राजनीति करने वालों का असली चेहरा अब पूरे देश के सामने बेनकाब हो चुका है। किसानों के नाम पर राजनीति करने वाले टिकैत भाइयों जैसे नेता अगर पाकिस्तान से इतनी हमदर्दी रखते हैं, तो बेहतर होगा कि वे भारत छोड़कर पाकिस्तान चले जाएं। भारत का किसान राष्ट्रवादी है, स्वाभिमानी है और ऐसे गद्दार बयानों को कभी स्वीकार नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि देश के खिलाफ बोलने वालों के लिए भारत की मिट्टी में कोई जगह नहीं है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत अपने संसाधनों और अपने अधिकारों की रक्षा करेगा, चाहे वह पानी हो या सीमाएं। भारत के हक का पानी भारत के किसानों के लिए है, न कि आतंकवाद को पालने वाले पाकिस्तान के लिए। टिकैत भाइयों जैसे लोगों को भारतीय किसानों के बीच कोई जगह नहीं मिलेगी। जो थोड़े बहुत किसान अब भी उनके साथ खड़े हैं, उन्हें भी इस देशविरोधी मानसिकता का साथ छोड़ देना चाहिए। देश विरोधी सोच वालों को जनता बहुत जल्द करारा जवाब देगी। उल्लेखनीय है कि भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) के राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश टिकैत ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले और सिंधु जल संधि को लेकर टिप्पणी की थी। उन्होंने कहा कि इस हमले के लिए पूरे पाकिस्तान को दोषी ठहराना उचित नहीं है।

## वैष्णव से मिले धामी, रेल परियोजनाओं पर त्वरित कार्यान्वयन का आग्रह

**नयी दिल्ली।** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात कर राज्य की विभिन्न रेल लाइनों से संबंधित मांगों को पूरा कर इन सभी परियोजनाओं के त्वरित कार्यान्वयन का आग्रह किया है। श्री धामी ने इस मुलाकात के दौरान ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल लाइन परियोजना में देश की सबसे लम्बे रेल सुरंग देवप्रयाग-जनासू के पूरा होने के लिए रेल मंत्री को बधाई दी और कहा कि इससे भारत के प्रौद्योगिकी विकास को नयी पहचान मिली है। उन्होंने रुड़की-देवबंद रेलवे लाईन के सीआरएस जारी करने पर रेलमंत्री का आभार व्यक्त करने के साथ ही ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल लाइन सुरंग प्रणाली को देहरादून सहारनपुर मोहण्ड रेलवे टनल परियोजना के लिए स्वीकृति देने का रेल मंत्री से अनुरोध किया। मुख्यमंत्री ने इसके साथ ही ऋषिकेश-उत्तरकाशी रेल लाईन परियोजना के त्वरित क्रियान्वयन, चम्पावत के टनकपुर से नई दिल्ली तक वंदे भारत रेल शुरू करने और टनकपुर से देहरादून ट्रेन के फेरे बढ़ाने,टनकपुर-बागेश्वर रेल परियोजना को राष्ट्रीय परियोजना घोषित कर इस पर होने वाले व्यय का पूर्ण वहन भारत सरकार द्वारा किये जाने का भी आग्रह किया। श्री धामी ने ऋषिकेश के पुराने रेलवे स्टेशन की भूमि के समस्त अधिकार राज्य सरकार को हस्तांतरित करने का भी अनुरोध किया और कहा कि इस भूमि का प्रयोग ऋषिकेश-गंगा कोरिडोर में हो रहे बहुद्देशीय विकास कार्यों जैसे सड़क चौड़ीकरण, यातायात सुदृढ़ीकरण, तीर्थ यात्रियों, श्रद्धालुओं के लिए अध्यात्मिक सुविधाओं को बढ़ावा देने के लिए उपयोग में लाया जायेगा। साथ ही पुराने रेलवे स्टेशन के रेलवे ट्रैक को परिवर्तित करते हुए यातायात को और सुविधाजनक बनाया जाएगा। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सभी प्रस्तावों पर सकारात्मक कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

# आयुष्मान वय वंदन योजना वरिष्ठ नागरिकों के लिए एक ऐतिहासिक कदम: पुरी

**नयी दिल्ली।** दिल्ली सरकार ने राजधानी के 70 वर्ष और उससे अधिक उम्र के वरिष्ठ नागरिकों के लिए सोमवार को आयुष्मान 'वय वंदना योजना' का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने अपने सम्बोधन में कहा कि दिल्ली सरकार द्वारा %वय वंदना योजना% की शुरुआत वरिष्ठ नागरिकों के लिए एक ऐतिहासिक कदम है। उन्होंने कहा कि यह योजना न केवल भारत में बल्कि पूरी दुनिया में एक आदर्श मॉडल है। उन्होंने गर्व व्यक्त करते हुए कहा कि आज दिल्ली में एक 'ट्रिपल इंजन सरकार' विकास कार्यों को तेजी से आगे बढ़ा रही है। उन्होंने पूर्ववर्ती दिल्ली सरकार पर भी सवाल उठाए, जिन्होंने आयुष्मान भारत योजना को दिल्ली में लागू नहीं किया, जिससे लाखों नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं से वंचित रहना पड़ा। श्री पुरी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश की अर्थव्यवस्था को वैश्विक स्तर पर तेज़ी से आगे बढ़ने की भी प्रशंसा की और विश्वास व्यक्त किया कि वर्ष 2047 तक भारत एक विकसित राष्ट्र बनेगा। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि आज का दिन दिल्ली और हमारे बुजुर्गों के लिए बेहद खास है। वय वंदना योजना भी प्रधानमंत्री के सबका साथ, सबका विकास के विजन को आगे बढ़ाने का एक महत्वपूर्ण कदम है। उनके इसी विजन को पूरी ताकत के साथ आगे बढ़ाते हुए आज हमारी सरकार ने 70 वर्ष और उससे अधिक उम्र के वरिष्ठ नागरिकों के लिए %वय वंदना योजना का शुभारंभ किया है।

मुख्यमंत्री ने बताया कि 'आयुष्मान वय वंदना कार्ड' को दिल्ली के 70 वर्ष या उससे अधिक उम्र के प्रत्येक नागरिक केवल आधार कार्ड और दिल्ली का निवासी होने का प्रमाण से ही प्राप्त कर सकते है, भले ही उनकी आय कुछ भी हो। उन्होंने आगे बताया कि इस योजना के तहत हर 70 वर्ष या उससे अधिक के वरिष्ठ नागरिकों को एक विशेष 'वय वंदना कार्ड' दिया जाएगा, जिसके द्वारा उनका स्वास्थ्य रिकॉर्ड, दवाओं और इलाज की जानकारी रहेगी। इस योजना के तहत किसी भी इम्पैनल्ड अस्पताल में मुफ्त स्वास्थ्य जांच, दवाइयां और इलाज प्राप्त किया जा सकेगा। साथ ही आपातकालीन स्थिति में भी बुजुर्गों को तुरंत स्वास्थ्य सुविधा सुनिश्चित की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछली सरकार ने केवल अपने अहंकार के कारण दिल्ली के लाखों बुजुर्गों को इस महत्वकांक्षी योजना को कई वर्षों तक लागू नहीं होने दिया। आज मैं स्पष्ट कहना चाहती हूं कि अब दिल्ली अपने निर्णय स्वयं लेगी और किसी भी नागरिक का अधिकार छीना नहीं जाएगा। यह सरकार अपने बुजुर्गों के साथ खड़ी है और उनके सम्मान और अधिकारों की रक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

## आज का इतिहास

भारतीय एवं विश्व इतिहास में 29 अप्रैल की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ इस प्रकार है:- 1661- चीन के मिंग वंश ने ताइवान पर कब्जा किया। 1639- दिल्ली में लाल किले की नींव रखी गई। 1813- अमेरिका में जेएफ हम्मेल ने रबर का पेटेंट कराया। 1848- सुप्रसिद्ध चित्रकार राजा रवि वर्मा का जन्म। 1930- ब्रिटेन और ऑस्ट्रेलिया के बीच टेलिफोन सेवा की शुरुआत। 1939- नेताजी सुभाषचंद्र बोस ने कांग्रेस से इस्तीफा दिया। 1954- प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू और चीन के झाउ एनलाई ने शांतिपूर्ण सहअस्तित्व के पांच सिद्धांतों पर हस्ताक्षर किए। 1978- अफगानिस्तान के विद्रोही गुट ने सत्ता हासिल की। काबुल रेडियो पर घोषणा की गई कि उपराष्ट्रपति, रक्षा मंत्री, गृह मंत्री और वायुसेनाध्यक्ष लड़ाई में मारे गए हैं। 1991- बंगलादेश के चटगांव में आए चक्रवाती तूफान में एक लाख 38 हजार लोग मारे गए और दस लाख लोग बेघर हो गए। 1993- पहली बार बकिंघम पैलेस को आम जनता के लिए खोला गया और जिसे देखने के लिए आठ पाउंड का टिकट लगा। 1999: नयी दिल्ली में बारटेंडर जेसिका लाल की मनु शर्मा ने एक बार में गोली मारकर हत्या कर दी थी। 2005- सीरिया ने लेबनान से अपनी सेना को वापस बुलाया। 2006- पाकिस्तान ने हत्फ-6 का परीक्षण किया। 2008: भारत और ईरान के बीच 7 बिलियन डॉलर की गैस पाइपलाइन का मुद्दा एजेंडे में टॉप पर था, जब अमेरिका की प्रोजेक्ट पर आपत्तियों के बावजूद इरान के प्रेसिडेंट भारत आए थे। 2010: भारत और पाकिस्तान के प्रधानमंत्रियों ने डिप्लोमैट्स के बीच शांति वार्ता पर बातचीत शुरू करने पर सहमति दी। 2008 के मुंबई हमले के बाद बढ़े तनाव को शांत करने की कोशिश पहली बार दोनों देशों के नेताओं ने की। 2011- लंदन के ऐतिहासिक चर्च वेस्टमिंस्टर एबे में ब्रिटिश राजकुमार विलियम और केट मिड्लटन का विवाह हुआ। 2020- बॉलीवुड अभिनेता इरफान खान का निधन हुआ।

## विश्व दर्शन

### उत्तरी यमन के हिरासत केंद्र में अमेरिकी हवाई हमलों में मृतकों की संख्या 68 हुई

**सना।** यमन के उत्तरी प्रांत सादा में एक हिरासत केंद्र पर सोमवार को हुए अमेरिकी हवाई हमले में मृतकों की संख्या 68 तक पहुंच गयी और अन्य 47 घायल हो गए। ये सभी प्रवासी अफ्रीकी हैं। हूती संचालित अल-मसीरा टीवी ने यहां बताया कि आज सुबह उत्तरी यमन के एक हिरासत केंद्र पर अमेरिकी हवाई हमलों में मरने वालों की संख्या बढ़कर 68 हो गई और अन्य 47 घायल हो गयें हैं। उत्तरी यमन के अधिकांश हिस्सों पर हूतियों का नियंत्रण है। सभी मृतक अवैध अफ्रीकी प्रवासी हैं जिन्हें उत्तरी यमन में राजधानी सादा में हिरासत केंद्र में रखा गया था। अमेरिकी हवाई हमलों के कारण हिरासत केन्द्र में लगी आग को नागरिक सुरक्षा दलों ने हालांकि बुझा दिया। उसके बाद मलबे से करीब 68 शव बरामद किए गए। घायलों को अस्पताल ले जाया गया है। टेलीविजन के मुताबिक, कि हिरासत केंद्र पर दागी गई एक अमेरिकी मिसाइल में विस्फोट नहीं हुआ। यह केंद्र प्रवासी अंतर्राष्ट्रीय प्रवासन संगठन (आईओएम) और अंतर्राष्ट्रीय रेड क्रॉस समिति की निगरानी में हैं। इसे निशाना बनाना पूर्णतः युद्ध अपराध है। इस बीच आईओएम के अनुसार यमन में वर्षों से चल रहे गृहयुद्ध के बावजूद अफ्रीका के हॉर्न और सऊदी अरब के बीच यात्रा करने वाले हजारों प्रवासियों के लिए यमन एक प्रमुख स्थान बना हुआ है। गौरतलब है कि यमन में 15 मार्च को हूतियों के ठिकानों पर अमेरिकी हवाई हमले दोबारा शुरू हो गए थे। जिसके बाद से हूती समूह और अमेरिकी सेना के बीच तनाव तेजी से बढ़ गया है। अमेरिकी हमलों का उद्देश्य हूतियों को लाल सागर और अरब सागर में इजरायली और अमेरिकी जहाजों को निशाना बनाने से रोकना है।

### एक महीने में भूकंप के 157 झटके

**यांगून।** म्यांमार में 28 मार्च को आए विनाशकारी 7.9 तीव्रता के भूकंप के बाद कुल 157 झटके महसूस किए गए है। मौसम विज्ञान और जल विज्ञान विभाग ने सोमवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 28 मार्च को आए 7.9 की तीव्रता वाले भूकंप के बाद से अब तक 157 झटके महसूस किए गए है। विभाग के अनुसार भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 2.8 से 7.5 मापी गई है। सरकारी दैनिक म्यांमा एलिन के अनुसार 25 अप्रैल तक भूकंप से मरने वालों की संख्या 3,763 हो गई जबकि 5,107 लोग घायल हुए हैं और अन्य 110 लोग लापता है।

### वाहन के कुचलने से 11 लोगों की मौत की पुष्टि

**ओटावा।** कनाडा के वैंकूवर में एक स्ट्रीट फेस्टिवल के दौरान एक वाहन से कुचलने के कारण 11 लोगों की मौत की पुष्टि हुई है। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। वैंकूवर पुलिस ने संवाददाता सम्मेलन में बताया कि मृतकों की संख्या बढ़ सकती है, क्योंकि कई अन्य लोग घायल हुए हैं, जिनमें से कुछ लोग की हालत गंभीर है। वैंकूवर पुलिस के अंतरिम प्रमुख स्टीव राय ने कहा कि पीड़ितों में पुरुष और महिला दोनों शामिल हैं। यह हादसा शनिवार की रात आठ बजे के कुछ समय बाद ईस्ट 43वें एवेन्यू और फ्रेजर स्ट्रीट के पास हुआ, जहाँ लापु लापु डे ब्लॉक पार्टी चल रही थी। स्थानीय मीडिया ने बताया कि एक काले रंग के एसयूवी वाहन ने उन लोगों को टक्कर मार दी जो या तो पैदल चल रहे थे या खाद्य पदार्थ वाले ट्रक के पास खड़े थे। इस सिलसिले में वैंकूवर निवासी 30 वर्षीय संदिग्ध को घटनास्थल पर ही गिरफ़्तार कर लिया गया। जाँच जारी है। कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने सोशल मीडिया पर कहा, कि मैं आज शाम वैंकूवर में लापु लापु उत्सव में हुई घटना के बारे में सुनकर स्तब्ध हूँ। हम स्थिति पर बारीकी से नज़र रख रहे हैं। वहीं, वैंकूवर के मेयर केन सिम ने कहा, कि मैं आज के लापु लापु डे कार्यक्रम में हुई घटना से स्तब्ध और बहुत दुखी हूँ। हम जल्द से जल्द अधिक जानकारी देने का प्रयास करेंगे। गौरतलब है कि 16वीं शताब्दी में स्पेनिश उपनिवेशवाद के खिलाफ लड़ने वाले आदिवासी नेता फिलिपिनो के नाम पर लापु लापु दिवस को आधिकारिक तौर पर 2023 में ब्रिटिश कोलंबिया प्रांत द्वारा मान्यता दी गई थी।

### हवाई हमले में 43 फिलिस्तीनी मारे गये

**गाजा।** गाजा पट्टी में इजरायल की ओर से किये गये हमलों में कम से कम 43 फिलिस्तीनी मारे गए हैं। गाजा के नागरिक सुरक्षा के प्रवक्ता महमूद बसल ने रविवार को चीन की न्यूज एजेंसी शिन्हुआ को बताया कि दक्षिणी गाजा पट्टी में खान यूनिस के उत्तर-पश्चिम में हमाद शहर के पास विस्थापित व्यक्तियों के एक तंबू पर इजरायली विमान के हमले में तीन बच्चों और एक महिला सहित आठ लोगों की मौत हो गई। उन्होंने कहा कि एक अन्य इजरायली हवाई हमले में मध्य गाजा के डेर-अल-बलाह में पांच फिलिस्तीनी मारे गए और कई अन्य घायल हो गए।

# सात दशक तक दर्शकों को दीवाना बनाया जोहरा सहगल ने

**मुंबई।** भारतीय सिनेमा जगत में जोहरा सहगल का नाम एक ऐसी अभिनेत्री-डांसर के तौर पर याद किया जायेगा जिन्होंने लगभग सात दशक तक अपने अभिनय से दर्शकों को अपना दीवाना बनाया। विलक्षण प्रतिभा और उर्जा से भरपूर जोहरा सहगल ने एक ऐसी अभिनेत्री थी जिसने फिल्मी दुनिया की चार पीढ़ियों पृथवीराज कपूर से लेकर रणबीर कपूर के साथ भी काम किया। 27 अप्रैल 1912 को उत्तर प्रदेश के सहारनपुर में जन्मीं जोहरा का जीवन के प्रति उत्साह और उनके मोहक अंदाज देखते ही बनता था। जोहरा सहगल जब एक साल की थी तब उनकी बांई आंख की रोशनी चली गई। उस समय तीन लाख पाउंड खर्च कर लंदन के एक अस्पताल में इलाज कराया गया और आंख की रोशनी लौटी। जोहरा की पढ़ाई लड़कों की स्कूल में हुई इसलिए उनका स्वभाव अल्हड़ था। बताया जाता है कि जोहरा स्कूली दिनों में पेड़ों पर चढ़ जाया करती और लडकों जैसी शरारत करती थी। जोहरा का मतलब है गुणी और हुनरमंद स्त्री। वर्ष 1929 में मैट्रिक और 1933 में स्नातक की पढ़ाई पूरी करने के बाद जोहरा ने डांसर बनने का सोचा1जोहरा ने जर्मनी में उदयशंकर का शिव-पार्वती नृत्य देखा और उनके अलमोड़ा स्कूल में शमिल हो गईं1ख्वाजा अहमद अब्बास ने जोहरा सहगल को ...भारत की इंसाडोरा डंकन.. कहा था। जोहरा सहगल ने अपने करियर की शुरूआत बतौर डांसर के रूप में वर्ष 1935 में उस जमाने के जानेमाने डांसर उदय शंकर के साथ की1उदय शंकर के साथ जोहरा सहगल ने जापानए मिस्त्र, यूरोप और अमेरिका सहित कई देशें में अपने डांस कार्यक्रम पेश किए।

## रंग संसार

### मैडमैक्स की ब्रांड एंबेसडर बनीं सनी लियोनी

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री सनी लियोनी एनर्जी ड्रिंक मैडमैक्स की ब्रांड एंबेसडर बन गयी है। केनी डिलाइट्स ने एनर्जी ड्रिंक के बाजार में अपना नया प्रोडक्ट मैडमैक्स लॉन्च किया है और इसके लिए सनी लियोनी को ब्रांड एम्बेसडर बनाया गया है। मेघा जैन, जिन्होंने केनी डिलाइट्स की नींव वर्ष 2012 रखी थी, हमेशा से ही लोगों को अच्छी और पौष्टिक चीजें देने में आगे रही हैं। अब मैडमैक्स के साथ, उनकी कंपनी उन नौजवानों और भाग-दौड़ वाली जिंदगी जीने वालों तक पहुंचना चाहती है, जिन्हें तुरंत एनर्जी की ज़रूरत होती है। मेघा जैन ने कहा,सनी लियोनी की पहचान और उनकी ऊर्जा हमारे ब्रांड मूल्यों के साथ पूरी तरह मेल खाती है। हमें विश्वास है कि उनके साथ हमारा यह नया प्रयास पूरे देश में बड़ी पहचान बनाएगा। हमने उनके साथ मुंबई के मड आइलैंड में एक कॉमर्शियल भी शूट किया है।



### फ़िल्म सुस्वागतम खुशामदीद का गाना बन पिया रिलीज़

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता पुलकित सम्राट और अभिनेत्री इसाबेल कैफ़ की फ़िल्म सुस्वागतम खुशामदीद का गाना बन पिया रिलीज़ कर दिया गया है। अरमान मलिक, ध्वनि भानुशाली, अमोल श्रीवास्तव और अभिषेक जैसे मशहूर संगीतकारों की टीम ने इस गाने में अपना योगदान दिया है। कोरियोग्राफर गणेश आचार्य नृत्यबद्ध किए गए इस गीत में जोशीले कदमों और रंग-बिरंगे भव्य दृश्यों का शानदार मेल देखने को मिलता है, जो फिल्म की युवा ऊर्जा को बखूबी दर्शाता है।

## राज काज

### पहलगाम पर हर कांग्रेस नेता की बात पार्टी का आधिकारिक पक्ष नहीं: कांग्रेस

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस ने सोमवार को स्पष्ट किया कि पहलगाम आतंकवादी हमले को लेकर पार्टी के कुछ नेता निजी राय व्यक्त कर रहे हैं और अधिकृत नेताओं के अलावा मीडिया के कुछ हिस्सों में जो बयानबाजी हो रही है वह कांग्रेस का अधिकारिक पक्ष नहीं है। पार्टी ने कहा है कि पहलगाम पर कांग्रेस की सर्वोच्च नीति निर्धारक संस्था कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) पहले ही इस आतंकी घटना के विरोध में प्रस्ताव पारित कर चुकी है और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे तथा पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी एवं पार्टी के अन्य अधिकृत पदाधिकारी इस बारे में कांग्रेस की राय सर्वदलीय बैठक तथा मीडिया में पहले ही रख चुके हैं इसलिए मीडिया के एक हिस्से में कुछ नेताओं के जो बयान आ रहे हैं वह उनकी निजी राय है। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने कहा, कि कांग्रेस कार्य समिति ने 24 अप्रैल 2025 को बैठक की और दो दिन पहले पहलगाम में पर्यटकों पर हुए बर्बर आतंकी हमले पर एक प्रस्ताव पारित किया। इसके पश्चात 24 अप्रैल 2025 के शाम को कांग्रेस अध्यक्ष और लोकसभा में विपक्ष के नेता ने सर्वदलीय बैठक में भाग लिया और पार्टी का पक्ष रखा।



कांग्रेस के कुछ नेता मीडिया से चर्चा कर रहे हैं। वे केवल अपनी व्यक्तिगत राय रखते हैं, वे कांग्रेस के विचारों का प्रतिनिधित्व नहीं करते। उन्होंने कहा, कि ऐसे अत्यंत संवेदनशील समय में इस बात में कोई संदेह नहीं होना चाहिए कि केवल कांग्रेस कार्य समिति का प्रस्ताव, श्री मल्लिकार्जुन खरगे और श्री राहुल गांधी द्वारा व्यक्त विचार, तथा अधिकृत पदाधिकारियों के विचार ही कांग्रेस की आधिकारिक स्थिति का प्रतिनिधित्व करते हैं।

## दैनिक राशिफल..... 29 अप्रैल, 2025, मंगलवार

**मेष :** अध्ययन-अध्यापन में समय गुजरेगा। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। शुभांक-3-5-6

**वृष :** महत्वपूर्ण निर्णय के लिए दूरदर्शिता से काम लें। कोष में कमी व व्यय की अधिकता से परेशान होंगे। किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा। जल्दबाजी में कोई भूल संभव है। कार्य भार बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। कार्यक्षेत्र में तनाव पैदा होगा। समय व्ययकारी सिद्ध होगा। शुभांक-3-4-6

**मिथुन :** परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। खान-पान में सावधानी रखें। स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। अच्छे समय इन्तजार करें। कर्म प्रधान विचार धारा बनाये रखें। शुभांक-3-5-6

**कर्क :** सामाजिक मान-सम्मान बढ़ेगा। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। राजकीय कार्यों से लाभ। मनोबल ऊंचा रखें और काम में लगे रहें। शुभांक-4-6-8

**सिंह :** अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। नवीन जिम्मेदारी बढने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम को प्राथमिकता से करें। आगे बढने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे है। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। साक्षात्कार के लिए दिन शुभ रहेगा। शुभांक-6-7-9

**कन्या :** कुछ पिछले संकट अब सिर उठा सकते हैं। अपने संघर्ष में स्वयं को अकेला महसूस करेंगे। अभिष्ट कार्य सिद्ध होंगे। निकटजनों के लिए अर्थव्यवस्था हेतु जोड़-तोड़ करना पड़ेगा। बुरी संगति से बचें। सुविधाओं में शनैः-शनैः बाधा आएगी। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी के कारण तनाव पैदा हो सकता है। शुभांक-4-6-8

**तुला :** पूर्व में किये कार्यों से लाभ मिलेगा। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। स्वास्थ्य पर ध्यान दें। शांतिपूर्वक कार्य करें। दान-पुण्य का कार्य करें। यात्रा शुभ रहेगी। शुभांक-6-8-9

**वृश्चिक :** दाम्पत्य जीवन में मधुरता बनी रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने में सफल होंगे। व्यापार में स्थिति ठीक रहेगी। माता पक्ष से विशेष लाभ। शुभांक-2-4-6

**धनु :** संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। शुभांक-1-4-6

**मकर :** सुनियोजित तरीके से कार्य आरम्भ करें, सफल होंगे। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति होगी। शुभांक-2-4-6

**कुंभ :** मनोरथ सिद्ध होंगे, पूरे मनोयोग से काम में लगे रहें। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। कारोबारी काम में बाधा बनी रहेगी। शुभांक-6-8-9

**मीन :** स्वास्थ्य में ताजगी बनी रहने से नई ऊर्जा का संचार होगा। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। शुभांक-3-6-8

**प्रणपाल सिंह राणा**
**गांधी कालोनी, मुजफ्फरनगर**

## दैनिक पंचांग

**29 अप्रैल 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | मेष में | वृष | 06.25 बजे से |
| चंद्र | वृष में | मिथुन | 08.23 बजे से |
| मंगल | कर्क में | कर्क | 10.36 बजे से |
| बुध | मीन में | सिंह | 12.53 बजे से |
| गुरु | वृष में | कन्या | 15.04 बजे से |
| शुक्र | मीन में | तुला | 17.15 बजे से |
| शनि | मीन में | वृश्चिक | 19.30 ब.से |
| राहु | मीन में | धनु | 21.46 बजे से |
| केतु | कन्या में | मकर | 23.51 बजे से |
| राहुकाल 3.00 से 4.30 बजे तक | | कुंभ | 01.37 बजे से |
| | | मीन | 03.10 बजे से |
| | | मेष | 04.41 बजे से |

**मंगलवार** 2025 वर्ष का 119 वा दिन
**दिशाशूल** उत्तर **ऋतु** ग्रीष्म।
**विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1946
**मास** वैशाख **पक्ष** शुक्ल
**तिथि** द्वितीया 17.32 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** कृत्तिका 18.47 बजे को समाप्त।
**योग** सौभाग्य 15.54 बजे को समाप्त।
**करण** बालव 07.20 बजे, कौलव 17.32 बजे तदनन्तर तैतिल 03.49 बजे रात्र को समाप्त।
**चन्द्रायु** 01.2 घण्टे
**रवि क्रान्ति** उत्तर 14° 29'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1872329
**जूलियन दिन** 2460794.5
**कलियुग संवत्** 5125
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2551
**हिजरी सन्** 1446
**महीना** सव्वाल **तारीख** 30
**विशेष** परशुराम जयंती।

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| रोग | 05.53 से | 07.22 बजे तक | काल | 05.42 से | 07.13 बजे तक |
| उद्वेग | 07.22 से | 08.15 बजे तक | लाभ | 07.13 से | 08.45 बजे तक |
| चर | 08.15 से | 10.19 बजे तक | उद्वेग | 08.45 से | 10.16 बजे तक |
| लाभ | 10.19 से | 11.48 बजे तक | शुभ | 10.16 से | 11.48 बजे तक |
| अमृत | 11.48 से | 01.16 बजे तक | अमृत | 11.48 से | 01.19 बजे तक |
| काल | 01.16 से | 02.45 बजे तक | चर | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| शुभ | 02.45 से | 04.13 बजे तक | रोग | 02.51 से | 04.22 बजे तक |
| रोग | 04.13 से | 05.42 बजे तक | काल | 04.22 से | 05.54 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■Jagrutidaur.com, Bangalore

# बदमाशों ने दो मकानों को बनाया निशाना, आभूषण व हजारों की नकदी चोरी, दहशत



**शामली।** शहर कोतवाली क्षेत्र के गांव बलवा में देररात्रि चोरों ने जमकर उत्पाद मचाया। दो मकानों को निशाना बनाते हुए चोरों ने सोने चांदी के जेवरात व हजारों रुपए की नगदी चोरी कर ली गई। चोर गांव में लगे एक सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हुए हैं। जो हाथों में हथियार और मुंह पर नकाब लगाकर खुलेआम घूम रहे है। क्षेत्र में लगातार बढ रही चोरों की घटनाओ का खुलासा करने में कोतवाली पुलिस नाकाम है। रविवार देर रात्रि शहर कोतवाली क्षेत्र के गांव बलवा में चोरो का आतंक रहा। गांव के ही कर्ण सिंह का परिवार देर रात्रि अपने मकान में सो रहा था। दो पुत्र रजत चौहान व रवि चौहान अपने अलग अलग कमरे में सो रहे थे, जबकि पत्नी सुनीता घर के आंगन स्थित एक कमरे में सो रही थी। इसी दौरान रात्रि करीब एक बजे मकान की छत की ओर से करी आधा दर्जन चोर घर में घुस आये। चोरों ने रजत और रवि के कमरों की बाहर से कुंडी लगा दी और अन्य कमरों में तलाशी लेते हुए संदूक और अटैची के ताले तोडकर करीब 8 सोने की अंगूठी, 4 सोने के गले के हार, दस जोडी चांदी के पायजेब, लगे का सोने का ओम, एक घडी और करीब तीन हजार रूपये की नकदी लेकर फरार हो गए। इस बीच रात्रि में उठी पत्नी सुनीता ने चोरों को कमरे में घुसता हुआ देखा, लेकिन उसने अपने पुत्रों के होने की आशंका जताते हुए आवाज भी लगाई, लेकिन चोर भागने में कामयाब रहे। सुनीता ने जब कमरे में सामान बिखरा देखा तो उसके होश उड गए और उसने पुत्रों के कमरे की कुंडी खोलते हुए चोरों की तलाश की और रात्रि में ही पुलिस को जानकारी दी गई, लेकिन चोर हाथ नही लग सका। वही चोर गांव में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गए, जो हाथों में हथियार लिये हुए है और मुंह पर नकाब लगाकर खुलेआम घूम रहे है। चोर अपने साथ चोरी का माल भी ले जाते हुए साफ दिखाई दिए है। क्षेत्र में लगातार हो रही चोरी की वारदातों से ग्रामीणों में दहशत व्याप्त है, लेकिन पुलिस चोरों को पकडने में नाकाम है।वही दूसरी ओर गांव के बाहर स्थित रकम सिंह के मकान में भी चोरों ने धावा बोलकर करीब 21 हजार की नकदी व सोने के जेवरात चोरी कर लिये। रकम सिंह चार भाई है, जिसमें सभी बाहर रहकर नौकरी करते है और रकमसिंह अविवाहित होने के कारण घर पर रहता है। रकम सिंह बराबर स्थित घेर में सो रहा था और इसी दौरान चोर उसके मकान में घुस आये। चोरों ने कमरे के गेट का ताला तोडकर संदूक में रखे 20 हजार की नकदी व एक सोने की अंगूठी तथा अटैची में रखे 750 रूपये चोरी कर लिये। सवेरे होने पर चोरी की घटना ता पता चल सका। पीडित ने पुलिस को तहरीर देकर चोरों को पकडे जाने की मांग की है।

## कुल्हाड़ी से ताबड़तोड़ वार कर युवक को किया घायल, वीडियो वायरल

**शामली।** जनपद के झिझाना थानां क्षेत्र के गाव टोडा में एक युवक के ऊपर गाव के ही रहने वाले युवक ने कुल्हाड़ी से हमला किया है हमले में पीड़ित गंभीर रूप से घायल हुआ है घटना का अब सीसीटीवी फुटेज वायरल हो रहा है।वहीं पीड़ित जिंदगी और मौत के बीच जूझ रहा है। वहीं पुलिस अब कानूनी कार्रवाई की बात कह रही है। मामला शामली जनपद के झिझाना थाना क्षेत्र के गांव टोडा का है जहां गाव का रहने वाला सरफराज किसी के घर पर बाहर बैठा हुआ था कि तभी गांव का ही गोविंद नाम का युवक आया और कुल्हाड़ी से सरफराज के ऊपर जानलेवा हमला कर दिया।घटना का वीडियो अब सीसीटीवी फुटेज सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है जबकि पीड़ित गंभीर रूप से घायल होने के बाद जिंदगी और मौत के बीच हॉस्पिटल में जूझ रहा है।वहीं वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस अब मामले के जांच पड़ताल कर रही है।हालांकि अभी आरोपी गिरफ्त से बाहर है। वहीं पुलिस अधिकारी कैमरे के सामने अभी कुछ भी कहने से बच रहे हैं।

## युवक के हाथ में रुमाल देकर हजारों रुपए की नगदी और मोबाइल की ठगी कर ले गए दो ठग

**शामली।** शहर के रोडवेज बस स्टैंड पर दो ठगो ने मुजफ्फरनगर निवासी एक युवक को रुमाल के माध्यम से अर्धमुर्छित कर हजारों रुपए की नगदी ,मोबाइल व बैंक खाते से हजारों रुपए निकाल लिए।करीब आधे घण्टे बाद पीड़ित को होश आया तो घटना की जानकारी पुलिस को दी गई।पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

जिला मुजफ्फरनगर के गांव खतोला निवासी आदिल शामली किसी कार्य से बस में सवार होकर आया था, जब वह रोडवेज बस स्टैंड पर पानीपत जाने के लिए बस का इंतजार कर रहा था तभी दो युवक आदिल के पास पहुंचे और अलीगढ़ जाने वाली बस के बारे में जानकारी लेने लगे।पीड़ित का कहना है कि इसी बीच एक युवक ने आदिल के हाथ में अपना रुमाल दे दिया, जिसके बाद आदिल अपना होश हवास खो बैठा।करीब आधे घंटे बाद जब युवक को होश आया तो उसकी जेब से हजारों रुपए की नगदी, मोबाइल फोन व अन्य कीमती सामान गायब था और थोड़ी देर बाद यह भी पता चला की बैंक खाते से भी पैसे निकाले गए है, जिससे पीड़ित के होश फाख्ता हो गए, जिसके बाद पीड़ित कोतवाली पहुंचा और पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही किए जाने की मांग की।पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

# शोकसभा का आयोजन किया



**शामली।** शहर के सेंट आरसी कांवेंट स्कूल में पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले में मारे गए 26 पर्यटकों के निधन पर शोक व्यक्त करने के लिए शहर के मंदिर हनुमान धाम पर एक शोकसभा का आयोजन किया गया। जिसमें आतंकी हमले में मारे गए निर्दोष पर्यटकों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इससे पूर्व कैंडल मार्च स्कूल की मैनेजर मीनू संगल, स्कूल की प्रधानाचार्या उज्मा ज़ैदी एवं स्कूल के सभी अध्यापक व अध्यापिकाएं एवं विद्यार्थियों ने मृतक लोगों के प्रति संवेदना एवं श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए शहर के सुभाष चौक तक निकाला। इस आतंकी हमले में सेंट आरसी कॉन्वेंट स्कूल की अध्यापिका वैशाली के भाई लेफ्टिनेंट विनय नरवाल के शहीद होने पर उनके फोटो पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि एवं शोक व्यक्त किया। स्कूल की मैनेजर मीनू संगल ने आतंकवादियों द्वारा किए गए इस अमानवीय कृत्य की निंदा करते हुए कहा कि पूरा विश्व इस नरसंहार से अत्यंत आहत एवं आक्रोशित है। उन्होंने यह सिर्फ व्यक्तियों पर हमला नहीं बल्कि पूरी मानवता एवं शांति और आस्था के सिद्धांतों पर हमला था। जिन लोगों ने यह हमला किया है और जिन्होंने इस हमले की साजिश रची है, उन्हें उनकी कल्पना से भी अधिक कड़ी सजा मिलनी चाहिए, जिससे कि भविष्य में इस प्रकार की आतंकी गतिविधियों को अंजाम देने से पहले आतंकवादी दस बार सोचे। प्रधानाचार्या उज्मा ज़ैदी ने कहा कि हमारे देश में पनप रहे इस आतंकवाद को जड़ से खत्म करने के लिए सरकार को एक अहम व मजबूत रणनीति बनानी चाहिए। आतंकवाद एक गंभीर समस्या है जिसका सामना पूरा विश्व कई वर्षों से कर रहा है।

# पुलिस की पाठशाला कार्यक्रम का किया आयोजन

**शामली।** सोमवार को शहर के बीएसएम स्कूल में साइबर क्राइम के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से पुलिस की पाठशाला कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि एसपी रामसेवक गौतम ने साइबर अपराध के खतरों और उनसे बचाव के तरीकों पर मार्गदर्शन प्रदान किया। उन्होने कहा कि जैसे कि फिशिंग, हैकिंग, सोशल मीडिया फ्रॉड, ऑनलाइन ठगी आदि से सचेत रहे। उन्होंने पुलिस लाइन द्वारा 2024 में लागू किए गए नए अधिनियमों के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी भी दी और बताया कि नए कानून का मुख्य उद्देश्य संपत्ति से संबंधित अपराधों, शरीर पर आघात से जुड़े मामलों तथा तेजी से बढ़ रहे साइबर अपराधों पर प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करना है। एसपी गौतम ने बच्चों को सरल भाषा में समझाया कि कैसे इंटरनेट और सोशल मीडिया के बढ़ते उपयोग के साथ साइबर अपराध भी तेजी से बढ़ रहे हैं। आज के समय में अंजान लिंक पर क्लिक न करना, मजबूत पासवर्ड रखना और किसी भी संदेह जनक गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को देना बेहद जरूरी है।



उन्होंने यह भी समझाया कि कैसे आज के डिजिटल युग में छोटी सी लापरवाही भी बड़ा नुकसान पहुंचा सकती है। किसी भी साइबर अपराध की स्थिति में तुरंत साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 या नजदीकी पुलिस स्टेशन से संपर्क करना चाहिए। उनका यह प्रेरणादायक और जानकारी पूर्ण संबोधन विद्यार्थियों के लिए अत्यंत उपयोगी और जागरूकता बढ़ाने वाला रहा। इस अवसर पर प्रधानाचार्य राहुल चौधरी, मैनेजर छाया सिंह, चैयरमेन सूर्यवीर सिंह, उप प्रधानाचार्या आशु पंडित आदि मौजूद रहे।

# एक राष्ट्र-एक चुनाव के विषय में युवा परिचर्चा का आयोजन किया



**शामली।** भाजपा युवा मोर्चा द्वारा गढीपुख्ता स्थित विवेकानंद कॉलेज राझड़ रोड में एक राष्ट्र- एक चुनाव के विषय में युवा परिचर्चा का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष रोहित विश्वकर्मा व संचालन जिला महामंत्री अक्षय चौहान, नन्दू राणा ने किया। प्रदेश महामंत्री वरुण गोयल ने युवाओ को संबोधित करते हुए एक राष्ट्र- एक चुनाव के विषय में जानकारी दी। इससे होने वाले फायदे गिनाए। उन्होने कहा की देश को एक राष्ट्र- एक चुनाव की बहुत आवश्यकता है, सरकार की प्रशासन मशीनरी व धन का बहुत दुरुपयोग देश के विभिन्न चुनाव में होता है। देश को अब एक राष्ट्रीय एक चुनाव की प्रणाली पर आना होगा। कार्यक्रम मे एक राष्ट्र एक चुनाव पर सहमति मांगते हुए सभी से एक मत के लिए आग्रह किया वह सभी ने अपना समर्थन देते हुए हस्ताक्षर करे। इस अवसर पर काजल त्यागी, विनीत बालियान, विजय गिरी, उदयवीर गिरी, नितिन तवंर, भूपेंद्र सिंह, राजीव तोमर, सचिन जैन, सचिन चौहान, तेजस्वी पवांर, गौरव विश्वकर्मा, गौरव मित्तल, कौशिन्द्र पुंडीर, आशीष कश्यप, अनुज धानिया, अनुज कश्यप, रोकी, आशीष देशवाल, धर्मेन्द्र, अभिषेक, अनुकूल गिरी, बब्बल आदि उपस्थित रहे।




## भारतीय विद्यार्थी संगम की बैठक आयोजित

**शामली।** भारतीय विद्यार्थी संगम की एक बैठक नगर पालिका मीटिंग हॉल में की गई, जिसमें पुराने कार्यकाल की समीक्षा एवं सत्र 2025 -26 की नई टीम की घोषणा की गई। जिसमें अनुज जैन को सत्र संयोजक अनुराग जैन को अध्यक्ष, मनीष भटनागर को सचिव एवं वैभव संगल को कोषाध्यक्ष बनाया गया। नवनियुक्त पदाधिकारियों द्वारा संस्था के लोगों ने फूल-मालाओं से भव्य स्वागत किया। नवनिर्वाचित सचिव मनीष भटनागर ने बताया कि जल्द ही संस्था का अधिष्ठापन समारोह आयोजित किया जायेगा, जिसमें जिले की पूरी कार्यकारणी की घोषणा की जायेगी।



# प्रचार वाहनों को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**शामली।** सोमवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में आगामी 10 मई को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रचार-प्रसार के लिए प्रचार वाहनों को जनपद न्यायाधीश ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। आगामी 10 मई को अयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रचार-प्रसार के लिए सोमवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शामली के तत्वाधान में जनपद न्यायाधीश व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण विकास कुमार के द्वारा प्रचार वाहनों को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। यह प्रचार वाहन संपूर्ण जनपद में अलग-2 क्षेत्रों में राष्ट्रीय लोक अदालत का प्रचार-प्रसार करेंगे। इस अवसर पर जनपद न्यायाधीश परिवार न्यायालय सुरेश चन्द, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश अवधेश पाण्डेय, प्रभारी सचिव/मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट व न्यायिक अधिकारीगण प्रतिभा मौजूद रहे। इस अवसर पर बार एसोसिएशन कैराना के अध्यक्ष राम कुमार वरिष्ठ, महासचिव राजकुमार चौहान अन्य अधिवक्तागण उपस्थित रहे।

## जिले में धारा-163 लागू

**शामली।** आगामी त्यौहारों के मददेनजर जिलाधिकारी ने जिले में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता बीएनएसएस-2023 की धारा-163 लागू कर दी है। आगामी 12 मई को बुद्ध पूर्णिमा, 7 जून को ईद-उल-अजहा का पर्व मनाया प्रस्तावित है। इसी मध्य कई परीक्षायें भी आयोजित होगी। डीएम अरविन्द कुमार चौहान ने कहा कि विश्वस्त सूत्रों से ज्ञात हुआ है कि आगामी त्यौहारों तथा परीक्षाओं के दौरान एवं अन्य मुद्दो को लेकर कुछ असामाजिक, अवांछनीय एवं स्वार्थी तत्व धार्मिक उन्माद व अफवाहें फैलाकर जनसाधारण को गुमराह करके सार्वजनिक शांति भंग करने तथा साम्प्रदायिक सौहार्द के वातावरण को दूषित करने का प्रयास कर सकते हैं। अतः प्राप्त सूचना से सन्तुष्ट होते हुए कानून एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने के उद्देश्य से भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस)-2023 की धारा-163 लागू की जाती है।

# जिला स्तरीय किकबॉक्सिंग खेल का आयोजन

**शामली।** जिले की शामली मार्शल आर्ट अकादमी में एक दिवसीय जिला स्तरीय किकबॉक्सिंग चौंपियनशिप 2025-26 का आयोजन किया गया।

इस प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में किक बॉक्सिंग एसोसिएशन आफ उत्तर प्रदेश के कोषाध्यक्ष सुशील कौशिक व सहारनपुर जिला किकबॉक्सिंग एसोसिएशन के सचिव मनोज प्रजापति मौजूद रहे। इस प्रतियोगिता में लगभग अलग-अलग अकादमी व स्कूलों से लगभग 60 बच्चों ने प्रतिभा किया। शामली जिला एमेच्योर किकबॉक्सिंग एसोसिएशन के सचिव सोनू सैनी ने बताया कि प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल प्राप्त करने वाले सभी खिलाड़ियों का चयन आगामी आने वाली उत्तर प्रदेश राज्य स्तरीय किक बॉक्सिंग चौंपियनशिप के लिए हो गया है।




इनमें से कुछ नाम शुभम निर्वाल, आदित्य भाल, दीपा, सैफ अली, प्रिंस शर्मा, राम कौशिक, कृष वालिया, वेदांत कौशिक, मरियम खान, खुशी, संयम, अनुराग सैनी, अनुष्का, भव्यम जैन आदि खिलाड़ियों ने गोल्ड मेडल जीता है।

# विद्यालय में खेलों का आयोजन किया



**शामली।** शहर के सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जयंती के पखवाड़े के अवसर पर विद्यालय में खेलों का आयोजन किया गया। इसमें बालिकाओं ने अनेक प्रकार के खेल लूडो, खो खो, बैडमिंटन, शतरंज आदि में प्रतिभाग किया। क्रीडा प्रमुख रेनू रानी ने बताया कि विद्यालय की 100 से अधिक बालिकाओं ने बड़े उत्साह के साथ खेलों में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य रविंद्र कुमार, संजीव कुमार, संदीप कुमार, रवि कुमार, अश्विनी कुमार, कपिल कुमार, कविता रानी, गीता रानी, अनीता रानी, वंदना रानी, उपासना रानी, साक्षी रानी, दिव्या रानी, मोनिका रानी, नीलम रानी आदि उपस्थित रहे।

## ईवीएम-वीवीपैट वेयरहाउस का मासिक निरीक्षण किया

**शामली।** जिलाधिकारी व जिला निर्वाचन अधिकारी अरविन्द कुमार चौहान द्वारा सोमवार को ईवीएम एवं वीवीपैट के सुरक्षित भंडारण एवं सुरक्षा के दृष्टिगत ईवीएम/वीवीपैट वेयरहाउस का मासिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय जिलाधिकारी द्वारा वेयरहाउस में व्यवस्था को देखा और संबंधित से आवश्यक जानकारी प्राप्त की गई। निरीक्षण के समय डिप्टी कलेक्टर व प्रभारी अधिकारी जिला निर्वाचन कार्यालय हामिद हुसैन आदि मौजूद रहें।

# पहलगाम हमले के विरोध में पाकिस्तानी झंडे का पोस्टर सड़क पर चिपकाया

**थानाभवन।** सोमवार की शाम थानाभवन में मुख्य दिल्ली सहारनपुर नेशनल हाईवे की सड़क पर पाकिस्तानी झंडे की छवि वाले पोस्टर चिपकाते हुए पहलगाम हमले तथा पाकिस्तान द्वारा प्रायोजित आतंकवाद के विरुद्ध गुस्सा जाहिर किया गया। इस दौरान सैकड़ो वहान पोस्ट के ऊपर से गुजरे। थाना भवन नगर के दिल्ली सहारनपुर नेशनल हाईवे पर शामली बस स्टैंड के पास कुछ लोगों द्वारा पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद, पहलगाम मे हिन्दुओ पर हुए हमले तथा पाकिस्तान के नेताओं द्वारा भारत को युद्ध की धमकियां देने के विरोध में पाकिस्तानी झंडे के पोस्टर युवको द्वारा सड़क पर चिपका दिया गया। पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे भी लगाए गए। सड़क पर चिपकाए गए पोस्टरो के ऊपर से सडक से गुजर रहे वाहन पोस्टरो के ऊपर से गुजरे। इसी दौरान एक युवक द्वारा पोस्टर हटाकर पोस्टर लेकर भागने का प्रयास किया गया। जिसे लोगो द्वारा रोक लिया गया। पोस्टर हटाने वाले युवक ने बाद में अपने कृत्य की माफी मांगते हुए पोस्ट वापस लौटा दिया। विदित रहे बेलगाम हमले को लेकर देश में जबरदस्त आक्रोश है लोग अपने-अपने तरीके से विरोध जाहिर कर रहे हैं वहीं पूरे प्रकरण में पाकिस्तान की ओर से बार-बार भारत को हमला करने का की धमकी दी जा रही है मामले को लेकर कई स्थानों पर पाकिस्तान के विरोध में भी विरोध प्रदर्शन किया जा रहे हैं।



# एडीजी ने जिले में अपराध नियंत्रण की समीक्षा की

❑ थाना प्रभारियों को अपने थानाक्षेत्र में निरंतर पैदल गश्त व सघन चेकिंग करने हेतु निर्देशित किया



**मुजफ्फरनगर।** अपर पुलिस महानिदेशक मेरठ जोन ने पुलिस लाइन के सभागार में अधिकारियों के साथ बैठक कर जनपद में अपराधों की समीक्षा की और अधिकारियों को जनपद में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने एवं अपराधों पर नियंत्रण के साथ-साथ यातायात व्यवस्था को भी दुरुस्त बनाए रखने के निर्देश दिए गए। इस दौरान अन्य मुद्दों पर भी अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए गए। सोमवार को जिला मुख्यालय पर पहुंचे अपर पुलिस महानिदेशक मेरठ जोन भानु भास्कर ने रिजर्व पुलिस लाइन के सभागार में अधिकारियों के साथ अपराध गोष्ठी आयोजित कर जिले में अपराध नियंत्रण की समीक्षा की। अपर पुलिस महानिदेशक भानु भास्कर ने जनपद में पुलिस भर्ती जेटीसी एवं आरटीसी प्रशिक्षण हेतु आवश्यक तैयारियां समय से पूर्ण करने तथा जनपद में ई- ऑफिस के शत प्रतिशत संचालन के संबंध को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जनपद की कानून व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा करते हुए अपर पुलिस महानिदेशक ने जनपद में शराब, खनन, गौकशी एवं गौतस्करी, भूमाफिया तथा मादक पदार्थ तस्करी जैसे अपराधों मे संलिप्त अभियुक्तों पर गैंगस्टर एक्ट के अन्तर्गत की गई कार्यवाही तथा गैंगस्टर अधिनियम के अन्तर्गत पंजीकृत अभियोगों में धारा 14 (1) गैंगस्टर एक्ट के अन्तर्गत संपत्ति जब्तीकरण की कार्यवाही करने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया। अपर पुलिस महानिदेशक ने इसी साथ ही एन्टी रोमियो स्क्वायड, महिला आरक्षियों व अन्य पुलिसकर्मियों को अपनी बीट में जाकर ग्राम प्रधान आदि के सहयोग से, स्कूल एवं कॉलेज, कोचिंग संस्थान आदि में महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान व स्वावलंबन हेतु विभिन्न कार्यक्रम व गोष्ठी कर सुरक्षा संबंधित सेवाओं के बारे में विस्तृत जानकारी देकर उन्हें जागरुक करने हेतु निर्देशित किया तथा जनपद में विशेष चेकिंग अभियान चलाते हुए असामाजिक तत्वों, नई उम्र के संदिग्ध लड़कों, दोपहिया वाहनों पर तीन सवारी, तेज रफ्तार मोटरसाईकिल, बिना हेलमेट, पटाखे वाली बुलेट आदि पर सतर्क दृष्टि रखते हुए चेकिंग करने हेतु निर्देशित किया। अपर पुलिस महानिदेशक ने इसके पश्चात लंबित विवेचनाऐं, विशेषकर एससी एसटी एक्ट, महिला सम्बन्धी अपराध, पोक्सो एक्ट आदि की समीक्षा की गई तथा कार्य योजना बनाकर गुण दोष के आधार पर विवेचनाओं के शीघ्र निस्तारण करने, विशेष रूप से वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी सुनिश्चित कर उनके विरूद्ध कड़ी कानूनी कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया तथा पोक्सो एक्ट, महिला संबंधी अपराधों में अपराधियों को कड़ी सजा दिलाने हेतु प्रभावी पैरवी करने के निर्देश भी दिए गए। अपराध गोष्ठी के अन्त में अपर पुलिस महानिदेशक ने समस्त थाना प्रभारियों को अपने थानाक्षेत्र में निरंतर पैदल गश्त व सघन चेकिंग करने हेतु निर्देशित किया। गोष्ठी के दौरान पुलिस उपमहानिरीक्षक सहारनपुर परिक्षेत्र, सहारनपुर अजय कुमार साहनी, पुलिस उपमहानिरीक्षक/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मुजफ्फरनगर अभिषेक सिंह, पुलिस अधीक्षक नगर सत्यनारायण प्रजापत, पुलिस अधीक्षक देहात आदित्य बंसल, पुलिस अधीक्षक अपराध प्रशान्त कुमार प्रसाद, पुलिस अधीक्षक यातायात अतुल कुमार चौबे, सहायक पुलिस अधीक्षक राजेश गुनावत सहित समस्त क्षेत्राधिकारीगण एवं समस्त थाना प्रभारी एवं थानाध्यक्ष उपस्थित रहे।

# सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, केशवपुरी में आयोजित बस्ता प्रतियोगिता, बच्चों में अनुशासन व स्वच्छता का संदेश



**मुजफ्फरनगर।** सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, केशवपुरी में प्रधानाचार्य कुशल आर्य के नेतृत्व में एक विशेष बस्ता प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य छात्रों में अनुशासन की भावना को प्रबल करना और उनके अध्ययन सामग्री किताबों और कॉपियों की स्वच्छता तथा सुव्यवस्थित रख-रखाव की आदत को बढ़ावा देना था।

कार्यक्रम के दौरान बच्चों के बस्तों स्कूल बैग की गहन जांच की गई। इसमें बच्चों के बैग में रखी पुस्तकों, कॉपियों की स्वच्छता, उनके उचित ढंग से कवर किए जाने और समुचित तरीके से व्यवस्थित रखे जाने की विशेष समीक्षा की गई। इसके अतिरिक्त, बच्चों की ड्रेस कोड और उनकी व्यक्तिगत स्वच्छता का भी निरीक्षण किया गया। इस प्रतियोगिता को पारदर्शी बनाने के लिए विद्यालय प्रबंधन ने विशेष रूप से अभिभावकों को आमंत्रित किया। इस अवसर पर श्रीमती जूली रंजन, ने जज की भूमिका निभाई। उन्होंने बच्चों के बैगों का गहन निरीक्षण कर अंक प्रदान किए और बच्चों को स्वच्छता व अनुशासन के महत्व पर भी मार्गदर्शन दिया।

प्रधानाचार्य कुशल आर्य ने बताया कि बसता प्रतियोगिता का आयोजन बच्चों में आत्मनिर्भरता, जिम्मेदारी और स्वच्छता के संस्कार विकसित करने हेतु किया गया है। साथ ही उन्होंने यह भी घोषणा की कि आगामी परीक्षा परिणाम कार्यक्रम के दौरान बसता प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को विशेष पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा, ताकि अन्य बच्चे भी प्रेरित हों।

विद्यालय प्रबंधन की इस पहल की अभिभावकों ने भी सराहना की और बच्चों में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए ऐसे आयोजनों को नियमित रूप से आयोजित करने की आवश्यकता पर बल दिया।

# संत शिरोमणि कबीर साहेब की जयंती पर सार्वजनिक छुट्टी की मांग, मुख्यमंत्री को भेजा पत्र



**मुज़फ्फरनगर।** वीरांगना झलकारी बाई कोरी एकता मंच के कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नाम एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में उन्होंने मांग की कि 11 जून को संत शिरोमणि सदगुरु कबीर साहेब की जयंती को देशभर में धूमधाम से मनाने की मांग की गई है। इस जयंती के अवसर पर पंजाब और हिमाचल प्रदेश सहित कई राज्यों में सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया है, लेकिन उत्तर प्रदेश में यह अवकाश नहीं घोषित किया गया।

वीरांगना झलकारी बाई कोरी एकता मंच के सचिव मोहित कुमार कोरी एडवोकेट ने बताया कि संत शिरोमणि कबीर साहेब की जन्मस्थली वाराणसी होने के बावजूद भी उत्तर प्रदेश में उनकी जयंती पर सार्वजनिक अवकाश घोषित नहीं किया जाता है, जबकि संत रविदास और संत श्री गुरु नानक के प्रकट दिवस पर प्रदेश में पहले से ही सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया है। मोहित कुमार कोरी ने मुख्यमंत्री से मांग की कि उत्तर प्रदेश में भी संत कबीर साहेब की जयंती पर सार्वजनिक अवकाश घोषित किया जाए। इस संबंध में प्रदेश की विधायक ओमवती वर्मा ने भी बजट सत्र में यह मांग रखी थी कि कबीर साहेब की जयंती पर सार्वजनिक अवकाश घोषित किया जाए। उन्होंने बताया कि प्रदेश के विभिन्न जिलों में इस संबंध में सार्वजनिक छुट्टी की मांग की जा रही है।

# गोल्डन हार्ट एकेडमी में छः दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ



**खतौली।** गोल्डन हार्ट एकेडमी बुढ़ाना रोड़ में वार्षिक इंटर-हाउस छः दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता का सोमवार को शुभारंभ हुआ। प्रतियोगिता में विद्यालय के छः हाउस गंगा, यमुना, कृष्णा, कावेरी, झेलम और रावी उत्साहपूर्वक भाग भाग ले रहे हैं। वार्षिक इंटर हाउस क्रिकेट टूर्नामेंट 3 वर्गो प्राइमरी कक्षा 3 से 5, मिडिल कक्षा 6 से 8, सेकेण्डरी कक्षा 9 से 10 में आयोजित किया जा रहा है। सोमवार को पहला मैच प्रथम सेक्शन के गंगा और कावेरी हाउस के बीच हुआ। जिसमें गंगा हाउस विजयी रहा। कक्षा 5 के छात्र अक्षय सिरोहा को मैन ऑफ द मैच चुना गया। दूसरा मैच द्वितीयक सेक्शन के गंगा और कावेरी के बीच हुआ। जिसमें गंगा हाउस विजेता रहा। कक्षा 8 के छात्र उज्जवल खारी को मैन ऑफ द मैच चुना गया। प्रधानाचार्या श्रीमती रूहामा अहमद ने कहा कि क्रिकेट प्रतियोगिता के आयोजन कराने का मुख्य उद्देश्य विधार्थियों को शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रखने के साथ ही इनमें सकारात्मक खेल भावना उत्पन्न करना है। स्कूल प्रबंधक अकील अहमद ने कहा कि खेल प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करके विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने का अवसर मिलने के साथ ही इन्हें जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है। इस प्रकार की प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों में चरित्र निर्माण, टीम भावना विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। बताया कि ग्रामीण क्षेत्र में असीम खेल प्रतिभाएं छुपी हैं। आवश्यकता इन्हें आगे लाकर इनका उत्साहवर्धन करने की है। प्रबंधक अकील अहमद ने कहा कि विधालय का उद्देश्य बच्चों को शिक्षा देने के साथ ही इनका चारित्रिक निर्माण करके इन्हें संस्कारवान बनाना है। क्रिकेट प्रतियोगिता के आयोजन में विद्यालय के शारीरिक शिक्षक नीरज कपिल, विकास मलिक, राहुल पवार का योगदान रहा।

## महिला के साथ ससुर ने किया दुष्कर्म का प्रयास, जेल भेजा

**मुजफ्फरनगर।** तितावी थाना क्षेत्र के गुज्जरहेड़ी की एक महिला ने अपने पति पर गांव की दूसरी महिला के साथ अवैध सम्बंध का आरोप लगाते हुए अपने ससुर से इस बात की शिकायत की, लेकिन ससुर ने बेटे को समझाने की बजाय अपनी पुत्रवधु के साथ जबरदस्ती दुष्कर्म करने की कोशिश की। जिसके बाद पुत्रवधु ने ससुर के खिलाफ जबरदस्ती दुष्कर्म करने के प्रयास की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने ससुर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। आरोपी पति ने पिता के जेल जाने पर पत्नी से मारपीट कर दी। महिला ने थाने पर शिकायत की है। क्षेत्र के गांव एक महिला ने अपने पति जोनी उर्फ हरेन्द्र पर गांव की ही एक अन्य महिला के साथ अवैध संबंधो का आरोप लगाते हुए अपने ससुर ओमपाल को जानकारी दी। आरोप है कि ससुर ने अपनी पुत्रवधू की इस बात पर अपने पुत्र जोनी को डाटने की बजाए रात में मौका पाकर बुरी नीयत से पकड़ लिया और जबरदस्ती दुष्कर्म का प्रयास किया। शोर मचाने पर परिवार के लोगों ने उसे छुडाकर आरोपी को पकडकर पुलिस को सौंप दिया। आरोप है कि पति ने घर पहुचकर अपने पिता को पुलिस हिरासत से छुडाने के लिए कहा। विरोध करने पर आरोपी पति ने उसके साथ गाली गलौच कर मारपीट की। आरोपी ने सडक पर खींचकर ले गया।

# 'शांति का पैगाम लेकर सड़कों पर उतरे मदरसा छात्र, आतंकवाद को जड़ से मिटाने की मांग'



**मुज़फ्फरनगर।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद पूरे देश में आतंकवाद और पाकिस्तान के खिलाफ आक्रोश व्याप्त है। मुज़फ्फरनगर के मीरापुर कस्बे में स्थित मदरसा इस्लामिया जामिया के छात्रों ने आतंकवाद के विरोध में जुलूस निकाला। बताते चलें कि 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम की बेहसम घाटी में आतंकवादियों ने 27 पर्यटकों की उनके धर्म पूछकर निर्मम हत्या कर दी थी। इस दर्दनाक घटना ने पूरे देश को झकझोर दिया है। घटना के विरोध में मदरसा छात्रों ने मदरसे से लेकर कस्बे के मुख्य बाजार तक जुलूस निकाला। इस दौरान छात्रों ने अपने हाथों में 'दहशतगर्दी बंद करो', 'अमन कायम करो' जैसे नारों वाली तख्तियां लेकर आतंकवाद के खिलाफ आवाज बुलंद की और सरकार से आतंकवाद को जड़ से समाप्त करने की मांग की। जुलूस में मौलाना अरशद कासमी, मौलाना आस मोहम्मद, मौलाना शाहिद, मौलाना जावेद, कारी सुएब, मौलाना हारून, मौलाना अब्दुसमद, कारी जाफर, मास्टर मइनुद्दीन, मुफ़्ती अय्यूब, मौलाना अफसर अली, मौलाना अब्दुल रऊफ, अफ्फान मौलाना समेत मदरसे के समस्त शिक्षक भी शामिल रहे।


# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अभिषेक सिंह ने शातिर अपराधियो के विरुद्ध धरपकड अभियान चलाने का आदेश दिया



**खतौली।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अभिषेक सिंह द्वारा शातिर अपराधियो के विरुद्ध धरपकड अभियान चलाए जाने का आदेश दिए जाने के अंतर्गत कोतवाली पुलिस ने थाने में दर्ज पशु क्रूरता एक्ट के मुकदमे के वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार करके जेल रवाना किया है। कोतवाल बृजेश कुमार शर्मा ने बताया कि थाने में दर्ज धारा 3/5 क/8 सीएस एक्ट व 11 पशु क्रुरता एक्ट के वाछित अभियुक्त महताब पुत्र अब्बास निवासी ग्राम शेर नगर थाना नई मण्डी मुजफ्फरनगर को गंग नहर पटरी स्थित बर्फ खाने वाले रास्ते से गिरफ्तार किया गया है। कोतवाल बृजेश कुमार शर्मा ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त महताब शातिर किस्म का गौतस्कर है।

थाने में दर्ज मुकदमे के वांछित गौतस्कर महताब की पुलिस सरगर्मी से तलाश कर रही थी। कोतवाल बृजेश कुमार शर्मा के नेतृत्व में गुड़वर्क करने वाली टीम में उप निरीक्षक विक्रान्त कुमार, हैड कांस्टेबल, विनीत कुमार, कांस्टेबल प्रवीण कुमार, कांस्टेबल संदीप नागर शामिल रहे।

# गंग नहर किनारे लगी आग से किसान की गन्ने व गेहूं की फ़सल जलकर राख किसानों में रोष व्याप्त



**मोरना।** शरारती तत्वों द्वारा गंग नहर पटरी पर खड़ी वन सम्पदा को जलाने का काम जारी है। पेड़ों मे लगाई गयी आग से बराबर मे खड़ी गन्ने व गेहूं की फ़सल जल गयी। फ़सल जल जाने व पेड़ों मे लगी आग को लेकर किसानो मे रोष व्याप्त हो गया है।पीड़ित किसान ने अज्ञात शरारती तत्वों के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए जल हुई फसलों के मुआवजे की मांग प्रशासन से की है।

भोपा थाना क्षेत्र के गांव बेलडा के पास गंग नहर पटरी पर महीनो से आग लगी हुई है। हरे भरे वृक्ष जलने से पर्यावरण को भारी नुकसान हो रहा है। वहीं सोमवार को पेड़ों मे लगी आग बेलडा निवासी अमलेश पाल के खेत तक पहुंच गयी। अमलेश पाल ने बताया की निरगाजनी झाल की ओर उसकी पांच बीघा गेहूं व गन्ने की फसल खड़ी थी किसान जैसे ही आज अपने खेत पर पहुंचा तो देखा कि गेहूं व गन्ने की फसल को जलते हुए पाया अमलेश पाल ने आग लगने की सूचना पुलिस व लेखपाल को को दी। कुछ ही देर मे गन्ने व गेहूं की फ़सल जल कर स्वाह हो गयी पीड़ित किसान ने शासन प्रशासन से मुआवजा की मांग की और साथ ही आग लगाने वाले अज्ञात शरारती तत्वों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। नहर किनारे लगी आग को लेकर लापरवाह हुए प्रशासन के खिलाफ किसानो में रोष व्याप्त है।



# कार सवार वृद्ध को सड़क किनारे फेंक कर हुए फरार, गांव मे फैली सनसनी

**मोरना।** कार सवारों ने वृद्ध को कार से बाहर फेंक दिया। ओर मौके से फरार हो गये। बेहोश वृद्ध को देख गांव खेड़ी फिरोजाबाद में सनसनी फैल गई।घायल को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है। पुलिस घटना की जांच मे जुट गयी है।

ककरौली थाना क्षेत्र के गांव खेड़ी फिरोजाबाद में घटना उस समय सामने आई जब खेतों में गेहूं काट रहे किसानों ने एक कार को रुकते और एक घायल व्यक्ति को गिराते हुए देखा। ग्रामीण तत्काल घटनास्थल पर पहुंचे और घायल व्यक्ति को बेसुध हालत में पाया। सूचना मिलते ही ग्रामीणों ने 112 पर कॉल कर पुलिस को सूचित किया। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को प्राथमिक उपचार के लिए भिजवाया और अज्ञात हमलावरों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है और आसपास के क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। ग्रामीणों में घटना को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं व्याप्त है।

# डीएवी पीजी कॉलेज नरा में निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन



**मुजफ्फरनगर।** डीएवी पीजी कॉलेज, सेल्फ फाइनेंस्ड कोर्सेज, नरा और डॉ० मधु सिंघल एवं आचार्य सीताराम चतुर्वेदी इंस्टीट्यूट ऑफ हायर एजुकेशन, नरा में डॉ० मधु सिंघल एवं आचार्य सीताराम चतुर्वेदी की पुण्य स्मृति में एक विशाल निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का आयोजन लायंस क्लब व आर्य विद्या सभा (पंजी०) मुजफ्फरनगर के सौजन्य से किया गया। स्वास्थ्य शिविर प्रातः 9 बजे से दोपहर 3 बजे तक संचालित रहा। शुभारंभ डॉ० विकास सिंघल, डॉ० हेमी सिंघल, डॉ० एम०के० बंसल, श्री कुंज बिहारी अग्रवाल एवं अन्य अतिथियों द्वारा डॉ० मधु सिंघल एवं आचार्य सीताराम चतुर्वेदी को माल्यार्पण कर किया गया। शिविर में लगभग 350 व्यक्तियों ने पंजीकरण कराते हुए ब्लड शुगर, ईसीजी, चेस्ट एक्स-रे, फेफड़ों का पीएफटी, लीवर फाइब्रो स्कैन जैसी विभिन्न जांच सेवाओं एवं निःशुल्क दवाइयों का लाभ उठाया। शिविर में नगर के प्रतिष्ठित व वरिष्ठ चिकित्सकों ने अपनी सेवाएं दीं, जिनमें डॉ० एम०के० बंसल, वरिष्ठ फिजिशियन, बंसल नर्सिंग होम,डॉ० मनोज गुप्ता, पूर्व कैंसर रोग विशेषज्ञ, एम्स ऋषिकेश,डॉ० शिशिर कुमार, वरिष्ठ फिजिशियन,डॉ० रोहित गोयल, नेत्र रोग विशेषज्ञ, आईक्यू हॉस्पिटल,डॉ० विकास सिंघल, वरिष्ठ सर्जन, मेदांता मेडिसिटी, गुरुग्राम,डॉ० हेमी सिंघल, मधुमेह रोग विशेषज्ञ, मैक्स हॉस्पिटल, गुड़गांव,डॉ० दीपक तोमर, डी०एम० कार्डियोलॉजिस्ट, एस०के०बी० आरोग्यम,डॉ० विशाल धीमान, फिजियोथैरेपिस्ट शामिल रहे। कार्यक्रम के समापन पर कॉलेज के प्राचार्य प्रो० संजीव कुमार ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट किए।

# मीरापुर क्षेत्र के खिलाड़ियों का सपना साकार, कासमपुर खोला में मिनी ग्रामीण स्टेडियम का निर्माण शुरू

**मीरापुर।** क्षेत्र के खिलाड़ियों के लंबे समय से चले आ रहे इंतजार को अब राहत मिली है। क्षेत्र में खेल सुविधाओं के अभाव के चलते युवा लगातार उच्चाधिकारियों और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र प्रेषित कर अपनी मांग रख रहे थे। खिलाड़ियों की इस मांग को बिजनौर सांसद चंदन सिंह चौहान ने भी प्रमुखता से उठाया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जब बिट कॉलेज के कार्यक्रम में पहुंचे थे, तब उन्होंने मीरापुर क्षेत्र के गांव कासमपुर खोला में स्टेडियम बनाने की घोषणा की थी। उसी के क्रम में अब कासमपुर खोला में मिनी ग्रामीण स्टेडियम के निर्माण कार्य की शुरुआत कर दी गई है। स्टेडियम के निर्माण पर लगभग 7.71 करोड़ रुपये की लागत आएगी। इस परियोजना के लिए शासन स्तर से 3.85 करोड़ रुपये की प्रथम किश्त जारी कर दी गई है।

जिला युवा कल्याण विभाग द्वारा टेंडर प्रक्रिया पूरी कर ली गई है, और निर्माण कार्य का जिम्मा राजकीय निर्माण निगम सहारनपुर को सौंपा गया है। स्टेडियम निर्माण के लिए भूमि का चयन किया गया है, जो माध्यमिक शिक्षा विभाग के अंतर्गत आती है। आवश्यक एनओसी (अनापत्ति प्रमाण पत्र) भी विभाग से प्राप्त कर ली गई है। स्टेडियम में खिलाड़ियों के लिए हॉल, कार्यालय सहित अन्य आधुनिक सुविधाओं का निर्माण भी कराया जाएगा। इस परियोजना का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र की प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करना और उन्हें बेहतर खेल वातावरण प्रदान करना है। कासमपुर खोला का यह स्टेडियम न केवल मीरापुर क्षेत्र के खिलाड़ियों के लिए नई उम्मीद लेकर आएगा, बल्कि भविष्य में यहां से कई नई प्रतिभाएं भी उभर सकती हैं। लंबे समय से चली आ रही मांग के पूरा होने से क्षेत्र के युवाओं में खासा उत्साह है और निर्माण कार्य की प्रगति को लेकर वे बेहद आशान्वित हैं।

## दुपहिया वाहन खरीद पर ग्राहकों को मुफ्त में मिलेगा BIS प्रमाणित हेलमेट, आरटीओ विभाग ने जारी किए कड़े निर्देश

**मुजफ्फरनगर।** सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने और सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से परिवहन विभाग ने दुपहिया वाहन डीलरों के लिए महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए हैं। अब प्रत्येक दुपहिया वाहन विक्रेता को वाहन बेचते समय ग्राहक को अनिवार्य रूप से एक BIS मानक प्रमाणित हेलमेट मुफ्त में प्रदान करना होगा। यह निर्देश परिवहन आयुक्त, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के कार्यालय पत्र संख्या 251 स०सु०/2025-05 स०सु०/2019-25 दिनांक 25 अप्रैल 2025 के तहत जारी किए गए हैं। यह पत्र मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में आयोजित राज्य सड़क सुरक्षा परिषद की बैठक (दिनांक 01 जनवरी 2025 और 02 मार्च 2025) में लिए गए निर्णयों के अनुपालन में जारी किया गया है। जनपद के सभी दुपहिया वाहन डीलर दोपहिया वाहन विक्रय के समय कम से कम एक BIS प्रमाणित हेलमेट निःशुल्क प्रदान करें।



# साइकोलॉजी के अनुसार जीनियस बच्चों में होती हैं ये गुण और आदतें

**कुछ बच्चे जीनियस होते हैं और उनमें ऐसी कई आदतें और बातें होती हैं जिनकी मदद से आप समझ सकते हैं कि वो बच्चा जीनियस है।**

ये तो हम सभी जानते और समझते हैं कि हर बच्चा अलग होता है और जो खास बातें एक बच्चे में होती हैं, वो दूसरे में नहीं हो सकती हैं। कुछ बच्चे पढ़ाई में बहुत होशियार होते हैं, तो कुछ खेल-कूद में आगे रहते हैं। इस तरह हर बच्चा एक-दूसरे से अलग होता है। इसी तरह कुछ बच्चे जीनियस भी होते हैं और इनमें कुछ बातें या आदतें अलग होती हैं जिनकी मदद से आप ये जान और समझ सकते हैं कि ये बच्चे जीनियस हैं। इस आर्टिकल में हम आपको बता रहे हैं कि साइकोलॉजी के अनुसार जीनियस बच्चों में क्या गुण और आदतें होती हैं।

## सकारात्मक दृष्टिकोण

आपको बता दें कि इन बच्चों का जीवन के हर पहलू को लेकर सकारात्मक दृष्टिकोण रहता है। बात समाज की हो या फिर व्यक्तिगत पहलुओं की, ये हर चीज और मुश्किल के सामने सकारात्मक नजरिया रखते हैं और चुनौतियों से घबराते नहीं हैं बल्कि उनका डटकर सामना करते हैं।

## फैसला लेना

जीनियस बच्चों के बारे में ये कहा जाता है कि ये फैसले लेने में निपुण होते हैं। इनमें सही और गलत के बीच फर्क समझने का कौशल और क्षमता होती है और ये अपने हर निर्णय के फायदे और नुकसानों का आंकलन करने की भी क्षमता रखते हैं। कहा जा सकता है कि जीनियस बच्चे अपने फैसले खुद ले सकते हैं।

## आत्म-नियंत्रण की भावना

इन बच्चों को अपनी भावनाओं और गुस्से को कंट्रोल करना आता है। आप सोच रहे होंगे कि बच्चे तो इन सभी चीजों के लिए बहुत छोटे होते हैं फिर वो कैसे इतना सब कर सकते हैं। आपको बता दें कि यहां बात जीनियस बच्चों की हो रही है और ये बच्चे खुद पर कंट्रोल रखना जानते हैं।

## रचनात्मक होते हैं

जीनियस बच्चों में रचनात्मकता का गुण भी देखा जाता है। इनके कामों ही नहीं बल्कि इनकी सोच और विचारों में भी रचनात्मकता देखी जा सकती है। अगर आप भी एक पैरेंट हैं, तो अपने बच्चे में इस गुण के तलाशकर देखें और अगर उसमें ये गुण नहीं है, तो आप कुछ तरीकों से इसे विकसित भी कर सकते हैं।



## जिज्ञासु होते हैं

सबसे महत्वपूर्ण बात कि जीनियस बच्चे जिज्ञासु होते हैं। ये हर चीज के बारे में जानने की उत्सुकता रखते हैं और नए अनुभवों के लिए तैयार रहते हैं। आप ये कह सकते हैं कि इनके सामने जो कुछ भी आता है, ये उसके बारे में जानना चाहते हैं और नई चीजों को समझने के लिए हमेशा तैयार रहते हैं। इसके अलावा अगर आपका बच्चा आपसे बहुत सवाल करता है, तो उसे रोके या डांटे नहीं बल्कि उसके जिज्ञासु मन को शांत करें। इससे बच्चों के ज्ञान का दायरा बढ़ता है और वो बुद्धिमान बनते हैं। ये बच्चे ज्ञानी और बुद्धिमान बन सकते हैं इसलिए आप अपने बच्चे के हर सवाल का जवाब देने की कोशिश करें।



# रिश्ते में कड़वाहट को बढ़ने से इस तरह रोकें

**पति-पत्नी के रिश्ते में गुस्सा, नाराजगी, प्यार, मोहब्बत सब धूप-छांव की तरह होते हैं। लेकिन यदि गुस्से और नाराजगी का अनुपात ज्यादा हो जाए तो रिश्ता बिगड़ने लगता है। यदि आप भी किसी ऐसे आदमी के साथ रिश्ते में बंधी हैं, जिसे अपने गुस्से पर कंट्रोल नहीं रहता है तो जान लें इन्हें कैसे हैंडल करना चाहिए।**

आज कल लोगों की मनोदशा बहुत तरीके से प्रभावित हो रही है, जिसके कारण वह अपने इमोशन को सही तरह से कंट्रोल करने में समर्थ नहीं है। इससे बहुत ज्यादा गुस्सा आना, मानसिक दबाव महसूस होने जैसी समस्याएं लोगों में बहुत ही बढ़ गई है। ऐसे में रिश्तों को कैसे बचा कर रखा जा सकता है, आप इस लेख में प्रिडिक्शन्स फॉर सक्सेस के संस्थापक और रिलेशनशिप कोच विशाल भारद्वाज से जान सकते हैं। खासतौर पर यदि आप एक गुस्सैल पति या पत्नी के साथ बंधन में बंधे हुए हैं, तो यह टिप्स आपके लिए बहुत काम आ सकते हैं।

## धीरज रखें

जब आपके पति क्रोध में हों तो ऐसी स्थिति में आपका गुस्सा करना चीजों को और भी खराब कर सकता है। ऐसे में अपनी बात को कहने के लिए उन्हें पूरे तरीके से शांत होने दें। ध्यान रखें कि जब भी पति गुस्से में हो तो पति का शांत रहना बहुत जरूरी है वरना छोटी सी बात भी लड़ाई में बदल जाती है।

## पति से उनके गुस्से के बारे में बात करें

अपने पति के एंगर इश्यू के बारे में उनसे खुलकर बात करें। अपने पति से बात करते हुए उन्हें अपनी भावनाओं के बारे में बताएं। उन्हें समझाएं कि किस तरह से उनका गुस्सा आपके रिश्ते को खोखला कर रही है। ध्यान रखें कि उन्हें ऐसा महसूस न हो कि आप उन पर कोई आरोप लगा रही हैं या उनमें कमी निकाल रहीं हैं।

## उचित समय का चयन करें

किसी भी विषय पर उनसे चर्चा करने से पहले इस बात का ध्यान रखें कि उनका मूड अच्छा हो। यदि वह पहले से थके या चिड़चिड़े होंगे तो उनके क्रोधित होने की संभावनाएँ ज्यादा होंगी। जिससे आपको एक बार फिर बिना किसी बात के उनका सामना करना पड़ जाएगा। इस समस्या का कारण खोजें बैठ कर आत्म चिंतन करें कि ऐसी कौन सी बातें हैं जो आपके पति को क्रोध दिलाती है। और ऐसी कौन सी बातें हैं या फिर परिस्थिती है जिनके कारण वे क्रोधित होते हैं जब आपको एक बार इसका सही-सही अनुमान हो जाएगा तब आप इसका समाधान बेहतर तरीके से कर पाएंगे।

## एक्सपर्ट की मदद लें

यदि आप और आपके पति स्वयं अपनी इस समस्या का समाधान नहीं कर पा रहे हैं तो ऐसे में आप किसी पेशावर से मदद ले सकते हैं। ये तरीका आपके लिए काफी असरदार साबित हो सकती है। ध्यान रखें प्यार और शादी के रिश्ते में इस तरह की चुनौतियां आना आम बात है। ऐसी स्थिति में आप अपने जीवन साथी की समस्याओं से निकलने में सबसे अधिक सहायता कर सकते हैं।



# सुविधाओं से ज्यादा सही उत्पाद महत्व रखता है

**ऑनलाइन शॉपिंग में अच्छा डिस्काउंट मिल जाता है और घर बैठे सामान भी आ जाता है। लेकिन बड़े सामानों में इन सुविधाओं से ज्यादा सही उत्पाद महत्व रखता है।**

## केवल लुक पर ना जाएं

कुछ अच्छा दिख रहा है, बस, इसीलिए उसे खरीदने की तैयारी ना कर लें। ऑनलाइन फर्नीचर की प्रस्तुति में कमरे की सज्जा अलग होती है, वैसी आपके घर की नहीं होगी। साथ ही माप का भी ध्यान रखें।

## कुछ बातें साफ हों

फर्नीचर को बार-बार बदलना संभव नहीं होगा। इसलिए बेहद सोचकर चुनिए। किस कमरे के लिए लेना है या कमरे की बाकी चीजों के अनुसार लेना है, जूतों के लिए रैक ले रहे हैं या बालकनी के लिए मुड्ढे, जब सब कुछ दिमाग में साफ होगा तो चुनने में आसानी होगी।

## मेल का ख्याल रखें

घर में सारा लकड़ी का फर्नीचर है और आपको मेटल या केन फर्नीचर पसंद आ जाता है। इसलिए जो भी फर्नीचर चुनें तो पहले जगह निर्धारित कर लें कि उसे कहां रखेंगे, ताकि वो बाकी फर्नीचर के साथ बेमेल ना लगे। हां, कुछ बदलाव चाहते हैं तो ऐसे फर्नीचर का भी चुनाव कर सकते हैं जो एक दूसरे के पूरक हों।

## ये पहले पता करें

फर्नीचर बुक करते समय यह भी जानकारी लें कि फर्नीचर को असेंबल करने की सुविधा दी जा रही है या नहीं। यदि हां तो किस समय तक असेंबल होगा। साथ ही डिसमेंटल करने के बारे में भी कंपनी की सुविधाओं को जान लें। क्योंकि अगर आपको घर बदलना पड़ा और आपका फर्नीचर लिफ्ट के जरिए या सीढ़ियों से जाना पड़ा, तो क्या संभव होगा। इन सभी बातों पर गौर करें।

## यह भी समझें


मटेरियल पर भी ध्यान दें। किस तरह की लकड़ी का इस्तेमाल किया गया है, फर्नीचर पर यदि कपड़ा चढ़ा है तो वह किस गुणवत्ता का है। इन सभी बातों को नजरअंदाज ना करें। वेबसाइट पर उत्पाद के नीचे फर्नीचर के मटेरियल की सारी जानकारी होती है, उसे ध्यान से पढ़ें। इसके अलावा कस्टमर के रिव्यू भी देख लें, ताकि पता चल सके कि फर्नीचर में क्या खराबी आ सकती है या किन बातों का ख्याल आपको रखना पड़ेगा।

## खास मौके के लिए

यदि किसी खास मौके (त्योहार, फंक्शन आदि) के लिए फर्नीचर बुक कर रहे हैं, ताकि उस खास दिन घर अलग लगे, तो आखिरी समय का इंतजार ना करें। ये भी हो सकता है कि फर्नीचर डिलीवरी के दौरान किसी तरह की टूट-फूट हो जाए। ऐसे में उसे बदलना होगा जिसमें वक्त लग सकता है। इसलिए पहले ही मंगा लें और बदलने के लिए भी कुछ दिनों की गुंजाइश रखें।

## गुणवत्ता की परख

ऑनलाइन खरीदारी में गुणवत्ता पता करना जरा मुश्किल होता है। इसलिए किसी भी वेबसाइट पर अच्छी डील या डिस्काउंट के कारण ना जाएं, बल्कि फर्नीचर के लिए जानी-मानी कंपनी की वेबसाइट से ही खरीदारी करें।





# विंटेज लुक के लिए फोकस करें जरूरी है हेयरस्टाइल पर

**कई बार हम पुराने दिनों को याद करते हैं और उन्हीं दिनों में वापिस लौट जाना चाहते हैं। लेकिन वो कहते हैं ना कि बीता हुआ समय वापिस लौटकर नहीं आता। ऐसे में आप पुराने दिनों को तो वापिस नहीं ला सकते, लेकिन पुराने जमाने के लुक्स को रिक्रिएट करके पुरानी यादों को ताजा अवश्य किया जा सकता है। खासतौर से, एक विंटेज लुक के लिए सबसे जरूरी है हेयरस्टाइल पर फोकस करना।**

अगर आपने ध्यान दिया हो तो आपने अवश्य पाया होगा कि पुराने समय में कुछ खास हेयरस्टाइल्स को बेहद पसंद किया जाता था। लेकिन अब उन हेयरस्टाइल्स को कोई नहीं बनाता। ऐसे में अगर आप अपने लुक में एक बदलाव चाहती हैं और कुछ अलग करना चाहती हैं तो ऐसे में इन हेयरस्टाइल्स को बना सकती हैं। इन्हें बनाना इतना भी मुश्किल नहीं है। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको कुछ ऐसे ही विंटेज हेयरस्टाइल्स के बारे में बता रहे हैं, जो आपके बालों में भी बेहद अच्छे लगेंगे-

## वेव्स हेयरस्टाइल्स

जब विंटेज लुक की बात होती है तो ऐसे में बालों को कर्ल करना सबसे अच्छा माना जाता है। इसके लिए आप पहले बालों को कर्ल करें। इसके बाद, आप फ्रंट से भी बालों को अंदर की तरफ कर्ल करें। यह आपके बालों को एक डिफरेंट लुक मिलेगा। इसके बाद, आप बालों में हेडबैंड लगाएं। बस आपका हेयरस्टाइल रेडी है।

## बंडाना विंटेज हेयरस्टाइल

यह हेयरस्टाइल ना केवल देखने में अच्छा लगता है, बल्कि आपके बालों को एक डिफरेंट लुक देता है। इसके लिए, आप फ्रंट से थोड़े बालों को साइड पार्टिंग करके उसे रोल करें। अब आप बचे हुए बालों को पीछे ले जाएं और बन बनाएं। आप इसे पिन की मदद से फिक्स करें। आखिरी में, अपने हेयरस्टाइल को बंडाना की मदद से और भी अधिक खूबसूरत बनाएं।

## साइड स्वेप्ट विंटेज हेयरस्टाइल

यह साइड स्वेप्ट विंटेज हेयरस्टाइल आपके लुक को केजुअल्स में भी खास बनाता है। इसके लिए आप फ्रंट से थोड़े हेयर लेकर उसे रोल करें और फिर पिन की मदद सिक्योर करें। इसके बाद आप फ्रंट के दोनों साइड्स के हेयर्स को भी रोल करें और पिन की मदद से सिक्योर करें। अब आप अपनी हेयर लेंथ को लाइट कर्ल लुक दें।

## विंटेज रोल बन हेयरस्टाइल

अगर आप वेडिंग सीजन में या फिर किसी खास अवसर के लिए एक विंटेज लुक क्रिएट कर रही हैं तो ऐसे में आप अपने बालों में पीछे ले जाकर चिग्नॉन हेयरस्टाइल बनाएं और अपने बालों को एक विंटेज लुक देने के लिए आप साइड में रोल बनाकर उसे पिन की मदद से फिक्स करें। यह हेयरस्टाइल बेहद ही एलीगेंट और ब्यूटीफुल लुक देता है।

## कर्ल हाफ अप विंटेज हेयरस्टाइल

इसके लिए आपको बालों को कॉम्ब करने के बाद साइड पार्टिंग करनी है। अब आप बालों को बैक में हल्का पफ लुक दें और बालों को पिनअप करें। इसके बाद, बालों को अधिक वॉल्यूम और विंटेज लुक देने के लिए हेयर लेंथ को कर्ल करें। आप कर्ल हेयर को अपने शोल्डर पर फ्लॉन्ट करें। यह विंटेज हेयरस्टाइल हाउस पार्टीज आदि के लिए एक अच्छा ऑप्शन है।

## बॉब कट विंटेज हेयरस्टाइल

अगर आपके बालों को बॉब कट लुक दिया है तो ऐसे में आप बालों को बेहद आसानी से विंटेज लुक दे सकती हैं। इसके लिए आप फ्रंट से बालों को रोल करके सेट करती जाएं। इसके अलावा, आप साइड व पीछे के हेयर्स को भी लूज कर्ल लुक दें।

# सभी सरकारी अस्पतालों में पर्याप्त मात्रा में बनी रहे दवाओं एवं मेडिकल उपकरणों की उपलब्धता: डीएम




**गौतमबुद्धनगर।** जिलाधिकारी गौतम बुद्ध नगर मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट के सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। जिलाधिकारी ने बैठक में स्वास्थ्य विभाग की समस्त योजनाओं की गहन समीक्षा करते हुये स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ जन सामान्य को समय से उपलब्ध कराने के लिए स्वास्थ्य कार्यक्रमों से जुड़े हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किये। उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया कि सभी सरकारी अस्पतालों में विद्युत एवं फायर सिस्टम का ऑडिट करा लें और यह सुनिश्चित करें कि विद्युत सुरक्षा एवं फायर सुरक्षा के उपकरण चालू रहे। उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए अस्पतालों में आने वाले मरीजों के लिए पीने हेतु ठंडा पानी, बैठने की उचित व्यवस्था की जाए। साथ ही मरीजों को जागरूक भी करें कि गर्मी के मौसम में बीमारियों से किस प्रकार बचा जा सकता है।

जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया कि जनपद में संचालित सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर रात्रि के समय में भी डॉक्टर की ड्यूटी लगाई जाए तथा समय-समय पर औचक निरीक्षण करते हुए यह भी सुनिश्चित करें कि सभी डॉक्टर अपनी ड्यूटी पर हैं व सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में पर्याप्त मात्राओं में दवाओं की उपलब्धता एवं मेडिकल उपकरण उपलब्ध हैं। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग के माध्यम से प्रत्येक रविवार जो जन आरोग्य स्वास्थ्य मेले लगाए जाते हैं, उनमें मेडिकल स्टूडेंट का भी सहयोग लिया जाए और यह सुनिश्चित कर लिया जाए की सभी जन आरोग्य स्वास्थ्य मेलों में आवश्यक दवाओं की उपलब्धता एवं मेडिकल उपकरण उपलब्ध है। जिलाधिकारी ने कहा कि जन आरोग्य स्वास्थ्य मेले में संक्रामण रोगों की जांच एवं आयुष्मान कार्ड बनाने की भी व्यवस्था की जाए।

जिलाधिकारी में स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित टीकाकरण कार्यक्रम की गहन समीक्षा करते हुए स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि ग्रामीण क्षेत्रों में ज्यादा से ज्यादा इसका प्रचार प्रसार सुनिश्चित किया जाए और अधिक से अधिक लोगों को बच्चों के टीकाकरण हेतु प्रेरित करें। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग एवं पंचायत विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि आपसी समन्वय स्थापित करते हुए ग्रामीण क्षेत्रों में मेगा कैंप लगाते हुए अधिक से अधिक बच्चों का टीकाकरण किया जाए। जिलाधिकारी ने टीकाकरण से मना करने/प्रतिरोध करने वाले परिवारों के मोबलाइज्ड कर टीकाकरण कराने हेतु स्वास्थ्य विभाग, बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग, पूर्ति विभाग, पंचायत विभाग, लेखपाल, शिक्षा विभाग को निर्देश दिए कि संपूर्ण टीकाकरण शत् प्रतिशत कराया जाना सुनिश्चित करें। साथ ही स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने जिलाधिकारी को अवगत कराया कि सरस्वती पब्लिक स्कूल ममूरा नोएडा एवं ज्ञान सागर पब्लिक स्कूल मायचा दादरी द्वारा बच्चों के टीकाकरण हेतु सहयोग नहीं किया जा रहा, जिसके लिए जिलाधिकारी ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि उपरोक्त दोनों स्कूलों को नोटिस जारी किया जाए और यदि उनके द्वारा टीकाकरण में सहयोग नहीं किया जाता तो इनकी मान्यता रद्द की जाये। साथ ही टीकाकरण अभियान में लापरवाही करने वाली आशाओं को भी स्पष्टीकरण जारी करने के निर्देश दिए गए।

आयोजित बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ नरेंद्र कुमार, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर सुबरा मित्तल, जिला कार्यक्रम प्रबंधक डॉ मंजीत कुमार, जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ उबेद, एनयूएच नोडल अधिकारी डॉक्टर संजीव, जिला कार्यक्रम अधिकारी पूनम तिवारी, जिला यूनानी एवं आयुर्वेदिक अधिकारी डॉक्टर धर्मेंद्र कुमार केम, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राहुल पवार एवं सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# जनपद में अवैध रूप से संचालित ईंट भट्टो के विरुद्ध जिला प्रशासन की बड़ी कार्रवाई



**गौतमबुद्धनगर।** डीएम मनीष कुमार वर्मा के निर्देशों के क्रम में जनपद में कुछ अवैध ईट भट्ठों के विरुद्ध जिला खनन अधिकारी, क्षेत्रीय अधिकारी प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, फायर, नायब तहसीलदार सदर एवं संबंधित थाने की पुलिस के अधिकारियों की संयुक्त टीम द्वारा मेसर्स लक्ष्मी ब्रिक फील्ड ग्राम महमदपुर, मेसर्स जय बाबा मोहन राम ईट उद्योग ग्राम डाकवाला व मेसर्स भानू ईट उद्योग झांझर रोड, अस्मानपुर कोठी ग्रेटर नोएडा में संचालित अवैध ईट भट्ठों का औचक निरीक्षण किया गया।

जिला खनन अधिकारी ने बताया कि उक्त क्षेत्र में निरन्तर ईट भट्ठों के विरूद्ध आई0जी0आर0एस0 पोर्टल पर शिकायत प्राप्त हो रही थी, जिसके फलस्वरूप कार्यवाही की गयी है। जहॉ मौके पर दो भट्टें संचालित व एक भट्ठा मेसर्स जय बाबा मोहन राम ईट उद्योग ग्राम डाकवाला बन्द पाया गया। मौके पर अगिनशमन दल को बुलवाकर दोनो भटठों की आग बुझाकर संचालन बन्द कराया गया तथा कच्ची ईटों को तोडा गया। ईट भट्ठा स्वमियों द्वारा विनियमन शुल्क जमा नही किया गया था और न ही प्रदूषण विभाग से अनापत्ति प्राप्त की गयी थी। उन्होंने बताया गया कि अवैध भट्ठों के संचालन से न केवल सरकारी राजस्व की हानी होती है अपितु इससे खनन को भी बढ़ावा मिलता है और प्रदूषण भी होता है।


जिला खनन अधिकारी ने बताया कि आगे भी जिलाधिकारी के नेतृत्व में संयुक्त टीम द्वारा औचक रूप से ईंट भट्ठो का निरीक्षण किया जाएगा।

# आईकिया कंपनी द्वारा की जा रही हैमर पीलिंग से सेक्टर 51 के निवासी परेशान: संजीव कुमार

**नोएडा।** सेक्टर 51 में बन रहे आइकिया कंपनी के टावर में की जा रही हैमर पीलींग से सेक्टर 51 में रहने वाले निवासी का से परेशान है। वारा सेक्टर 51 महासचिव संजीव कुमार ने बताया कि सीनियर सिटीजन का कहना है कि ह्यूमन डिस्कॉम का ध्यान नहीं रखा जा रहा है और इतनी तेज आवाज आ रही है कि ऐसा लगता है कि भूकंप आ रहा है। हमारी बिल्डिंग हिल रही है। मकान में दरारें आ चुकी है। हमें घबराहट हो रही है।

यदि इस पीलिंग वर्क को रोका नहीं गया तो हमारे घर टूट कर गिर जाएंगे और हमें हार्ट अटैक आ जाएगा।

शुक्रवार को पत्र नोएडा प्राधिकरण को भेजा गया था और लगातार वर्क सर्कल को कंप्लेंट की



जा रही है परंतु प्राधिकरण की ओर से कोई भी मदद नहीं मिल रही है।

# एशियन योगासन स्पोर्ट्स चैंपियनशिप के मंच से जिले के आयोजक हुए सम्मानित

**नोएडा।** द्वितीय एशियन योगासन स्पोर्ट्स चैंपियनशिप के आयोजन में अहम योगदान देने के लिए गौतमबुद्ध योगासन एसोसिएशन की टीम को इंदिरा गांधी स्टेडियम दिल्ली में सम्मानित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के अखिल भारतीय संपर्क प्रमुख रामलाल ने आयोजन स्थल प्रमुख अमित सिंह को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया। इस चैंपियनशिप में विभिन्न देशों के योगासन खिलाड़ियों और विशेषज्ञों ने भाग लिया और योग के विभिन्न आसनों की प्रदर्शनी प्रस्तुत की।



अमित सिंह को यह सम्मान उनकी कड़ी मेहनत, समर्पण और आयोजन के दौरान दी गई नेतृत्व क्षमता के लिए दिया गया। उन्होंने चैंपियनशिप के सफल आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और सुनिश्चित किया कि सभी प्रतियोगिताएं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हों। उनके नेतृत्व में आयोजन स्थल पर सुरक्षा, व्यवस्थाओं और प्रतिभागियों के लिए सभी आवश्यक सुविधाओं का ध्यान रखा गया, जिससे आयोजन में भाग लेने वाले सभी एथलीटों और दर्शकों को शानदार अनुभव मिला। इसके अलावा बेहतर सामंजस्य बैठाकर आयोजन को सफल बनाने में योगदान देने के लिए अमर चौहान और सपोर्टिंग स्टाफ के रूप में चंद्रमणि शर्मा को वर्ल्ड योगासन एसोसिएशन के महासचिव डॉक्टर जयदीप आर्य ने पुरस्कृत किया इस अवसर पर रामलाल ने कहा कि योगासन स्पोर्ट्स चैंपियनशिप न केवल शारीरिक फिटनेस को बढ़ावा देती है, बल्कि यह भारतीय संस्कृति और योग की दुनिया भर में प्रभावशाली पहचान भी स्थापित करती है। उन्होंने आयोजकों और सभी प्रतिभागियों की सराहना की और भविष्य में ऐसी प्रतियोगिताओं के आयोजन के महत्व पर बल दिया। अमित सिंह को यह सम्मान मिलना उनके लिए एक बड़ी उपलब्धि है, और उन्होंने भविष्य में और बेहतर आयोजन में सक्रियता निभाने का भरोसा आयोजकों को दिया।

## पांच किलो गांजे के साथ तस्कर गिरफ्तार

**नोएडा।** दिल्ली से गांजा लाकर शहर में आपूर्ति करने वाले तस्कर को पुलिस ने सोमवार को गिरफ्तार किया। उसके पास से पांच किलो 150 ग्राम बरामद हुआ। एसीपी विवेक रंजन राय ने बताया कि सोमवार को एक सूचना पर पुलिस टीम ने उसे सेक्टर दस स्थित बिजली घर के पास से दबोच लिया। आरोपी की पहचान बिहार के बांका निवासी अजय कुमार शाह के रूप में हुई। उसके पास से बरामद गांजे की कीमत बाजार में 50 हजार रुपये के आसपास है। आरोपी के खिलाफ फेज वन, सेक्टर-24 और सेक्टर-142 थाने में आबकारी और एनडीपीएस ऐक्ट समेत अन्य धाराओं में चार केस दर्ज मिले। पूछताछ में तस्कर ने बताया कि वह गांजे की पुड़िया बनाकर झुग्गियों और कॉलेजों के आसपास बेचता है। इससे उसे तीन गुना तक का मुनाफा होता है। आरोपी पूर्व में भी जेल जा चुका है। अजय के अन्य साथियों के बारे में भी जानकारी जुटाई जा रही है।

# सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में डीएम ने दिए सख्त निर्देश

**गौतमबुद्धनगर।** जनपद में सड़क दुर्घटनाओं को रोकने और मृत्यु दर में कमी लाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति एवं विद्यालय यान परिवहन सुरक्षा समिति की महत्वपूर्ण बैठक कलक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। बैठक में सड़क सुरक्षा से जुड़ी कई अहम रणनीतियाँ तय की गईं और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।



बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि सड़क सुरक्षा अत्यंत गंभीर विषय है और सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय बनाकर कार्य करें। उन्होंने सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए सभी दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट और चारपहिया वाहन चालकों को सीट बेल्ट का प्रयोग अनिवार्य रूप से सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए।

नो हेलमेट, नो फ्यूल अभियान को जिले में सख्ती से लागू करने का निर्णय लिया गया। इसके तहत बिना हेलमेट पहनने वाले दोपहिया चालकों को पेट्रोल पंपों से ईंधन नहीं मिलेगा। साथ ही, बिना हेलमेट और सीट बेल्ट के किसी भी सरकारी, गैर-सरकारी दफ्तर, विश्वविद्यालय और अन्य संस्थानों में प्रवेश प्रतिबंधित कर दिया जाएगा।

बैठक में जिलाधिकारी ने ब्लैक स्पॉट कम करने के लिए विशेष कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश भी दिए। सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ ब्लैक स्पॉट स्थलों का संयुक्त निरीक्षण कर तत्काल प्रभावी कदम उठाने को कहा गया। अवैध कटों को भी अविलंब दुरुस्त करने के निर्देश दिए गए।

स्कूल वाहनों की फिटनेस सुनिश्चित करने पर भी विशेष ध्यान दिया गया। डीएम ने कहा कि परिवहन विभाग शिक्षा विभाग के साथ समन्वय कर स्कूल बसों और अन्य विद्यालय वाहनों की फिटनेस तथा चालकों की स्वास्थ्य जांच अनिवार्य रूप से कराएं। बिना फिटनेस के कोई भी स्कूली वाहन सड़क पर नहीं चलना चाहिए।

यातायात नियमों के पालन के लिए गांव-गांव जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश भी दिए गए। डीएम ने कहा कि ग्राम पंचायत बैठकों, स्वास्थ्य कर्मियों और आशा कार्यकर्ताओं के माध्यम से आमजन को यातायात नियमों के पालन के लिए जागरूक किया जाए। इसके अलावा, सड़क पर घूमते आवारा पशुओं को हटाने और अनधिकृत वाहनों पर रोक लगाने के भी निर्देश दिए गए।

बैठक में अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) मंगलेश दुबे, एसीपी ट्रैफिक शकील अहमद, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी डॉ. उदित नारायण पांडेय, लोक निर्माण विभाग के अभियंता, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, बस/ट्रक यूनियन व अन्य संबंधित विभागों के अधिकारीगण तथा गैर-सरकारी संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## आंतकवादियों को फांसी दो: राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल आर्य




**दिल्ली।** सोमवार को केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् के तत्वावधान में पहल गाँव नरसंहार के विरुद्ध दिल्ली देहात के गुरुकुल खेड़ा खुरद्द में रोष प्रदर्शन किया गया। केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल आर्य ने पहलगांव कश्मीर में हुए आतंकवादी हमले की कड़े शब्दों में निंदा की उन्होंने कहा कि यह दुर्घटना पूरी मानवता को शर्मसार करने वाली है निहत्थे निर्दोष लोगों की हत्या एक कलंक है।केंद्र सरकार से अपील है कि आंतक वादियों को फांसी दी जाये। गुरुकुल के प्रधान चौधरी ब्रह्म प्रकाश मान ने कहा कि इसकी जितनी निन्दा की जाए कम है।उन्होंने कहा कि अब हिन्दू होने पर अपने ही देश में हत्याएं हो रही हैं यह दुर्भाग्यपूर्ण है।

आचार्य सुधांशु जी,धर्म पाल आर्य, सूर्य देव आर्य,सुरेश आर्य,सौरभ गुप्ता,अवधेश प्रताप सिंह ने भी इस हत्याकांड की भर्त्सना करते हुए कठोर कार्रवाई की मांग की।दिल्ली प्रदेश के महामंत्री अरुण आर्य ने संचालन किया।

# सीमा हैदर बोलीं- गाड़ी से कूद जाऊंगी, पाकिस्तान नहीं जाना

**नोएडा।** सीमा हैदर ने मीडिया से बातचीत में कहा- मैं आप सबसे रिक्वेस्ट करती हूं कि मेरी हेल्प करें। मैं वापस पाकिस्तान नहीं जाना चाहती। मैं मर जाऊंगी। गाड़ी से कूद जाऊंगी... कुछ भी करूंगी, लेकिन वापस नहीं जाऊंगी। हिंदुस्तान मुझे बहुत अच्छा लग रहा है। यहां के लोग बहुत अच्छे हैं। यहां का खानपान बहुत अच्छा है।



पाकिस्तानी सीमा हैदर के पति गुलाम हैदर ने अपने बच्चों को पाकिस्तान भेजने की मांग की। गुलाम ने कहा- वीजा लेकर गए लोगों को भारत वापस भेज रहा है। लेकिन अवैध तरीके से रह रही सीमा पर कोई एक्शन नहीं लिया जा रहा। सीमा के पास जो बच्चे हैं, वो पाकिस्तानी हैं। उन्हें वापस भेजा जाए। सीमा की ओर इशारा करते हुए गुलाम ने कहा- पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत में कुछ भी बड़ा हो सकता है। बड़ी साजिश है। ये 2 मुल्कों के बीच का मामला है। उनकी आपस में नहीं बनती। गुलाम ने 37 मिनट का वीडियो शेयर करके कहा- आपके मुल्क में 2 साल से गैर-कानूनी तरीके से सीमा हैदर रह रही है। उसको जेल भेजा जाए। वकील एपी सिंह मुल्क का दुश्मन है। उसको सख्त से सख्त सजा दी जाए।

**अब सीमा-सचिन को मिलेगी सजा:** गुलाम हैदर ने कहा, मेरा अभी तक सीमा के साथ तलाक नहीं हुआ है। वो मेरे साथ अभी भी निकाह में है। अब फैसले का समय आ गया। सचिन और सीमा को उनके कर्मों का फल मिलेगा। एपी सिंह अपना चेहरा चमकाने के लिए उनका केस देख रहा है। उसको खुद भी नहीं पता कि वो क्या बोलता है।

2 साल से मैं इंसाफ के लिए चिल्ला रहा हूं। सीमा अवैध तरीके से घुसकर रबूपुरा में बैठी है, उसे जेल भेजा जाए। मेरे 4 बच्चों को डिपोर्ट किया जाना चाहिए। लेकिन ऐसा नहीं किया जा रहा है। वकील एपी सिंह लोगों को गलत मैसेज देता है। वो इंसान नहीं, हैवान है।गुलाम ने कहा कि मैं हर बार भारत सरकार से अपने बच्चों को डिपोर्ट करना विनती करता हूं। हाथ जोड़ता हूं, लेकिन एपी सिंह बोलता है कि मैं अपने बच्चों को मारूंगा। अरे वो बच्चे मेरे जिगर के टुकड़े हैं। मैंने उनके लिए कितना कुछ किया। 2 साल से लगातार परेशान हूं। मुझे मेरे बच्चे वापस दिए जाए। वो पाकिस्तानी बच्चे हैं।

# जिलाधिकारी ने धन्वन्तरी अन्नपूर्णा केंद्र का किया शुभारंभ

**ग्रेटर नोएडा।** राजकीय आयुर्विज्ञान संस्थान, ग्रेटर नोएडा में भर्ती मरीजों के तीमारदारों के लिए भोजन की विशेष व्यवस्था शुरू की गई है। आज जिलाधिकारी गौतमबुद्धनगर मनीष कुमार वर्मा ने धन्वन्तरि अन्नपूर्णा केन्द्र का विधिवत शुभारंभ किया। इस पहल से अब संस्थान में भर्ती मरीजों के साथ आए तीमारदारों को मात्र 10 रूपये में स्वच्छ एवं पौष्टिक भोजन उपलब्ध होगा। आर्थिक रूप से अत्यंत कमजोर तीमारदारों को निःशुल्क भोजन भी प्रदान किया जाएगा।



संस्थान के निदेशक ब्रिगेडियर (डॉ.) राकेश गुप्ता ने जानकारी दी कि अब तक मरीजों के लिए तो भोजन व्यवस्था थी, लेकिन तीमारदारों को भोजन के लिए बाहर असुरक्षित भोजन स्थलों पर निर्भर रहना पड़ता था। कई बार इन्हें भूखा भी रहना पड़ता था, जिससे उनकी सेहत पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता था। इस आवश्यकता को देखते हुए धन्वन्तरि सेवा न्यास द्वारा अन्नपूर्णा केन्द्र की शुरुआत की गई है।

धन्वन्तरि सेवा न्यास प्रदेश में चिकित्सा क्षेत्र में सामाजिक सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य कर रहा है और अब ग्रेटर नोएडा संस्थान में भी अपनी सेवाएं देगा। इस केन्द्र के प्रमुख संचालक प्रणब शर्मा रहेंगे, जो अपनी टीम के साथ प्रतिदिन सुबह 11 बजे से भोजन व्यवस्था संचालित करेंगे।

धन्वन्तरि सेवा न्यास द्वारा प्रदेश के अन्य कई सरकारी अस्पतालों में भी इसी प्रकार के अन्नपूर्णा केन्द्रों का सफलतापूर्वक संचालन किया जा रहा है, जिससे हजारों तीमारदार लाभान्वित हो रहे हैं।

जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने कहा कि, इस व्यवस्था की लंबे समय से जरूरत थी। अब मरीजों के तीमारदारों को समय पर स्वच्छ एवं सुरक्षित भोजन उपलब्ध होगा, जिससे वे पूरी तन्मयता से अपने मरीजों की देखभाल कर सकेंगे।

इस अवसर पर जिलाधिकारी द्वारा राजकीय आयुर्विज्ञान संस्थान ग्रेटर नोएडा के 06 पैरामेडिकल छात्रों एवं 02 नर्सों को आयोजित कार्यक्रम में टैबलेट-स्मार्टफोन का वितरण भी किया गया। कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर नरेंद्र कुमार, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. सौरभ श्रीवास्तव, संकायाध्यक्ष प्रशासन डॉ. सौरभ श्रीवास्तव तथा चिकित्सा अधीक्षक डॉ. (कर्नल) ब्रज मोहन सहित स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक अनिल रॉयल ने रॉयल बुलेटिन को मै. साई प्रिंटिंग प्रेस, डी-85, सैक्टर-6, नोएडा- 201301 से मुद्रित कराकर 318-द्वितीय तल, जयपुरिया प्लाजा, डीपीएस के सामने, सैक्टर-26, नोएडा (गौतमबुद्धनगर, उ.प्र.) से प्रकाशित किया।

सम्पादक: अनिल रॉयल

फोन: (0120) 4545477
मो. 9910779911
e-mail Address :
royalnoida@gmail.com

# गौतमबुद्ध नगर डीएम कार्यालय में अच्छी पकड़ बताकर ठगी करने वाला शातिर बदमाश गिरफ्तार

**नोएडा।** रेलवे में टीटीई के पद पर नौकरी दिलाने एवं देश के किसी भी जनपदों में शस्त्र लाइसेंस बनवाने के नाम पर लाखों रूपये की धोखाधड़ी करने वाले एक शातिर बदमाश को थाना सेक्टर-63 पुलिस ने गिरफ्तार किया है। अभियुक्त फर्जी टीटीई लोगों को अपने जाल में फंसाता था। पुलिस ने इसके कब्जे से 7 फर्जी नियुक्त पत्र, 3 मोबाइल सहित अन्य सामान बरामद किया है।



सेक्टर-71 स्थित एसीपी-1 सेंट्रल नोएडा कार्यालय में आयोजित एक प्रेस वार्ता में डीसीपी सेंट्रल नोएडा शक्ति मोहन अवस्थी ने बताया कि आज थाना सेक्टर-63 पुलिस ने लोकल इंटेलिजेंस एवं गोपनीय सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुये रेलवे विभाग में टीटीई के पद पर नौकरी दिलाने एवं शस्त्र लाइसेंस बनवाने के नाम पर धोखाधड़ी करने वाला अभियुक्त प्रशान्त कुमार गुप्ता पुत्र आनन्द कुमार को बहलोलपुर अंडरपास से एफएनजी गोल चक्कर की तरफ जाने वाली सर्विस रोड पर ग्रीन बेल्ट के गेट के पास से गिरफ्तार किया है।

डीसीपी ने बताया कि कल एक युवक ने थाने में शिकायत की थी कि प्रशांत नाम के व्यक्ति ने शस्त्र लाइसेंस बनवाने के नाम पर उससे 71 हजार एवं मेरे भांजे को रेलवे विभाग में नौकरी दिलाने के नाम पर एक लाख रुपए की धोखाधडी की है। उन्होंने बताया कि शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर मामले की जांच कर रही थाना पुलिस ने आज आरोपी प्रशान्त को गिरफ्तार किया है।

पुलिस को पूछताछ के दौरान पता चला है कि अभियुक्त अपने आप को लोगों से रेलवे विभाग नई दिल्ली में टीटीई के पद पर नियुक्त तथा रेलवे विभाग, पुलिस विभाग तथा डीएम कार्यालय जनपद गौतमबुद्ध नगर में अच्छी पकड़ होना बताता था तथा कहता था कि यदि उपरोक्त विभागों से संबंधित कोई कार्य हो तो मुझे बताना।

माह नवंबर 2024 में प्रार्थी के पास कॉल कर अभियुक्त प्रशांत गुप्ता द्वारा संपर्क कर कंपनी में वेकेंसी होने एवं नौकरी दिलाने की बात की थी तथा उस समय अभियुक्त द्वारा अपना नाम विशाल बताया गया था। करीब एक सप्ताह बाद अभियुक्त प्रशांत कुमार गुप्ता प्रार्थी की कंपनी जी-172 सेक्टर-63 के बाहर मिला और अपने को रेलवे विभाग में टीटीई के पद पर कार्यरत बताते हुए अपनी नियुक्ति नई दिल्ली में बतायी। प्रार्थी द्वारा अभियुक्त प्रशांत से उसकी आईडी मांगी गयी तो अभियुक्त प्रशांत द्वारा अपना आधार कार्ड व रेलवे की आईडी दिखायी गयी, जिन पर उसका नाम प्रशांत कुमार गुप्ता अंकित था। प्रार्थी द्वारा पूछा गया कि आपने तो अपना नाम विशाल बताया था तब अभियुक्त द्वारा बताया गया कि मेरा घर का नाम विशाल है, जबकि मेरा सही नाम प्रशांत कुमार गुप्ता है। प्रार्थी को अपना शस्त्र लाइसेंस बनवाना था, जिस संबंध में प्रार्थी द्वारा अभियुक्त से बात की गयी तो उसके द्वारा लाइसेंस बनवाने के नाम पर अभियुक्त द्वारा उपलब्ध कराये गये फोन-पे पर भिन्न-भिन्न तिथियों में 71 हजार रुपए ऑनलाइन लिए गए। बाद में अभियुक्त द्वारा प्रार्थी को यह भी बताया गया था कि रेलवे विभाग में कोटे की कुछ वेकेंसी निकली है अगर आपका कोई परिचित हो तो मैं उसको रेलवे विभाग में नौकरी दिला सकता हूं। तथा अभियुक्त ने नौकरी लगाने के नाम पर एक लाख रुपए नकद ले लिए। जब पीड़ित द्वारा अपने लाइसेंस एवं नौकरी के संबंध में जानकारी की जाती थी तो अभियुक्त द्वारा टाल-मटोली की जाने लगी और काम होने का आश्वासन देकर आगे का समय दे दिया जाता था तथा कुछ समय बीत जाने के बाद अभियुक्त द्वारा फोन उठाना बन्द कर नंबर ब्लॉक कर दिया गया।

# एमएसएमई और कासा पर आउटरीच कैंप का आयोजन आजः सुरेंद्र सिंह नाहटा

**नोएडा।** आज 29 अप्रैल को सुबह 10 से 11 बजे के बीच सी 56/9ए, सी ब्लॉक, सेक्टर 62 स्थित स्टेलर आईटी पार्क के सामने नोएडा में यूनियन बैंक ऑफ इंडिया द्वारा एक एम एस एम ई और कासा पर आउटरीच कैंप का आयोजन किया जा रहा है जो कि एमएसएमई, भारत सरकार, सीए इंस्टीट्यूट और संस्था एमएसएमई इंडस्ट्रियल एसोसिएशन नोएडा के साथ मिलकर किया जा रहा है। इस आयोजन के बारे में एमएसएमई इंडस्ट्रियल एसोसिएशन के अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह नाहटा ने बताया कि आपको वित्तीय संस्था बैंक,एम एस एम ई भारत सरकार,चार्टर्ड अकाउंटेंट और अपनी संस्था से उद्योग व्यापार में होने वाले फायदे,योजनाएं आदि के सम्बन्ध में संपूर्ण जानकारी और सहयोग सम्बन्धी जानकारी मिल सकेगी। हमें आयोजन में जुड़े सभी सहयोगियों का उद्योगपतियों के हित में कैंप लगाने के लिए अभिनंदन भी करना है और जिज्ञासाओं को उनके समक्ष रखना भी है।



# 58 साल की महिला की हुई जटिल सर्जरी

**नोएडा।** सेक्टर-33 स्थित प्रकाश हॉस्पिटल में सर्जरी करके 58 साल की राधा की ज़िंदगी ही बदल दी। बुलंदशहर की रहने वाली राधा पिछले एक साल से घुटनों में बहुत ज़्यादा दर्द से परेशान थीं। उनका चलना-फिरना तक मुश्किल हो गया था। कई डॉक्टरों को दिखाने के बाद भी कोई कारगर इलाज नहीं मिल पाया।

ऊपर से उन्हें शुगर की भी परेशानी थी। जिससे ऑपरेशन का रिस्क और बढ़ गया था। लेकिन फिर किसी के सुझाव पर वो नोएडा के प्रकाश हॉस्पिटल आई। यहां डॉ. मयंक चौहान से मुलाकात हुई और सलाह-मशवरे के बाद घुटने की रिप्लेसमेंट सर्जरी का फैसला लिया गया।

**सर्जरी के दिन से चलना शुरू किया:** डॉ. मयंक ने यह सर्जरी मल्टीमॉडल पेन एनाल्जीसिया तकनीक से की। जिससे ऑपरेशन के बाद दर्द बहुत ही कम होता है। हैरानी की बात ये रही कि राधा ऑपरेशन के उसी दिन चलने लगीं। अगले ही दिन वो काफी ठीक और आरामदायक स्थिति में थीं। सिर्फ मुंह से ली जाने वाली दवाइयों पर रिकवरी शुरू हो गई।

**घर पर ही कराई गई फिजियोथैरेपी:** राधा के गांव में फिजियोथैरेपी की सुविधाएं नहीं थीं। ऐसे में प्रकाश हॉस्पिटल की टीम ने उन्हें घर पर ही करने वाली आसान एक्सरसाइज सिखाईं। राधा ने हिम्मत और अनुशासन के साथ वो सभी एक्सरसाइज फॉलो की और उनकी रिकवरी बहुत तेजी से हुई। दो हफ्ते बाद जब वो हॉस्पिटल में फॉलो-अप के लिए आईं, तो टांके निकाल दिए गए और वो बिना किसी सहारे के चल रही थीं। एक महीने के अंदर ही वो सीढ़ियां चढ़ने लगीं वो भी बिना दर्द या तकलीफ के।

**सही समय पर जानकारी मिलना जरुरी:** डॉ. मयंक चौहान का कहना है, राधा के केस इस बात का बढ़िया उदाहरण है कि अगर सही तकनीक, सही समय पर और सही जानकारी के साथ दी जाए, तो ना सिर्फ चलने-फिरने की क्षमता वापस मिलती है।

# कलश यात्रा के साथ हुआ श्रीमद्भागवत कथा एवं श्री विष्णु महायज्ञ का श्रीगणेश

**नोएडा।** सेक्टर 82 स्थित प्राचीन तपोभूमि ब्रम्हचारी कुटी में भव्य कलश यात्रा के साथ श्रीमद्भागवत कथा एवं श्री विष्णु महायज्ञ का शुभारंभ हुआ। कलश पूजन के उपरांत बैंड बाजा के साथ कलश यात्रा निकाली गई। बैंड पर बज रहे भक्ति गीतों की धुन पर नाचते गाते भक्तों ने कलश यात्रा पूर्ण की। कलश यात्रा ब्रम्हचारी कुटी से सेक्टर 82 के पॉकेट 12, पॉकेट 7 , एलआईजी, एमआईजी सेक्टर 93 एस के प्रथम , गेझा गांव होती हुई पुनः कथा स्थल पहुंची। कलश यात्रा के उपरांत यज्ञ कुंड में अग्नि स्थापित की गई। यज्ञाचार्य पंडित मनोहर दीक्षित द्वारा वैदिक रीति से पूजन कर मंत्रोच्चार के बीच भगवान विष्णु को प्रसन्न करने के लिए आहुतियां डाली गईं। कथा व्यास आचार्य अमित दीक्षित ने पहले दिन की कथा का वर्णन करते हुए श्रीमद्भागवत महापुराण की महिमा को भक्तों को सुनाया। जन्म जन्मांतर के पुण्यों का जब उदय होता है तो हमें श्रीमद्भागवत कथा के श्रवण का सौभाग्य प्राप्त होता है। इस अवसर पर आयोजन समिति के सदस्य राघवेंद्र दुबे ने बताया कि 29 अप्रैल को भीष्म स्तुति, कुंती स्तुति, परीक्षित जन्म आदि कथाओं का वर्णन किया जाएगा।



इस अवसर पर महंत ओम भारती जी, कुटी व्यवथपक विकास भारती, फलाहारी महाराज, सहदेव त्यागी,शिववृत तिवारी, रवि राघव, गोरे लाल, अशोक कुमार, विष्णु शर्मा, गोपेश पाण्डेय, सुमित दीक्षित, रमेश चंद शर्मा, सतपति जी सहित तमाम भक्त मौजूद रहे।

# संक्षिप्त समाचार

## दो पक्षों के बीच मारपीट में चार पर मुकदमा दर्ज

**ग्रेटर नोएडा।** जेवर के आरआर कॉलोनी में शनिवार सुबह दो पक्षों के बीच मारपीट हो गई। पुलिस ने इस मामले में चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस को सूचना मिली कि आरआर कॉलोनी में दो पक्षों के बीच झगड़ा हो रहा है। जब पुलिस की टीम मौके पर पहुंची तो दोनों पक्षों के बीच लाठी-डंडे चल रहे थे। पथराव भी हो रहा था। पुलिस ने किसी तरह स्थिति पर काबू पाया। इसी बीच दोनों पक्ष के लोग वहां से भाग निकले। इनका पीछा करने के दौरान एक पुलिसकर्मी को पैर में चोट लगी। बताया जा रहा है कि दीपक और वसीम पक्ष के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। इसके बाद दोनों पक्षों में जमकर मारपीट हुई। जेवर कोतवाली के उप निरीक्षक बृजलाल यादव ने दीपक, वसीम, आसिफ और एक अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी है।

## बौद्धिक संपदा अधिकार पर परिचर्चा सत्र का आयोजन

**नोएडा।** सेक्टर - 125 स्थित एमिटी विश्वविद्यालय में सोमवार को बौद्धिक संपदा अधिकार पर किया विचार-विमर्श पर विशेष परिचर्चा सत्र का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य वक्ता क्वालकॉम के प्रौद्योगिकी लाइसेंसिंग प्रभाग में इंजीनियरिंग के उपाध्यक्ष राम कृष्णन ने कहा कि छात्रों के बीच रहना हमेशा खुशी की बात होती है। देश के भावी नेता हैं और उनका दिमाग लगातार नए नए विचारों के बारे में सोचता रहता है। छात्रों को यह सोचना चाहिए कि उनके रचनात्मक विचार को कैसे लाभदायक व्यावसायिक प्रस्ताव में बदला जा सकता है। इस दौरान एसोचैम के अतिरिक्त निदेशक और आईपीआर प्रमुख नाहिद आलम, विजय कुमार शिवपुजे, यशपाल ने अपने विचार रखे।

## यमुना एक्सप्रेसवे पर दो कारों में टक्कर, एक की मौत और दो घायल

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के नॉलेज पार्क थाना क्षेत्र में यमुना एक्सप्रेसवे के जीरो पॉइंट पर दो कारों की आमने-सामने की टक्कर में एक व्यक्ति की मौत हो गई। हादसे में दो अन्य लोग घायल हुए हैं।

रविवार रात को सेक्टर 151 ग्रेटर नोएडा निवासी 45 वर्षीय मुकेश सिंह अपनी ऑल्टो कार से परी चौक से सेक्टर 148 की ओर सर्विस रोड पर जा रहे थे। इसी दौरान सामने से आ रही डिजायर कार से उनकी टक्कर हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि दोनों गाड़ियां बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गईं।सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। घायलों को तुरंत निजी अस्पताल ले जाया गया। मुकेश सिंह और डिजायर चालक सुमित कुमार गुप्ता (पूर्वांचल रॉयल सिटी, थाना बीटा 2 ग्रेटर नोएडा निवासी) को अस्पताल में भर्ती कराया गया। डॉक्टरों ने मुकेश सिंह को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मृतक के परिजनों को सूचित कर दिया है। शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## प्राथमिक विद्यालय में चोरी, स्मार्ट एलईडी डिवाइस और टीवी समेत 7 लाख का सामान गायब

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर कोतवाली क्षेत्र में एक प्राथमिक विद्यालय से बड़ी चोरी की घटना सामने आई है। पीपलका गांव स्थित विद्यालय में चोरों ने रविवार रात को वारदात को अंजाम दिया।

चोरों ने विद्यालय के दो कमरों का ताला तोड़ा। एक फाउंडेशन द्वारा लगवाए गए 5 लाख रुपये के स्मार्ट एलईडी डिवाइस और ब्लूटूथ म्यूजिक सिस्टम चोरी किए। साथ ही नोएडा पावर कंपनी लिमिटेड द्वारा लगाई गई 2 लाख रुपये की एलईडी टीवी भी ले गए। प्रधानाचार्य सुखपाल सिंह ने बताया कि सोमवार सुबह स्कूल स्टाफ को चोरी का पता चला। कुल मिलाकर लगभग 7 लाख रुपये का सामान चोरी हुआ है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। कोतवाली प्रभारी मुनेंद्र सिंह ने बताया कि प्रधानाचार्य की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी है। विद्यालय स्टाफ और ग्रामीणों में चोरी की इस घटना को लेकर रोष व्याप्त है।

## वाहन चोरी करने वाले दो बदमाश गिरफ्तार

**नोएडा।** पुलिस ने रविवार रात सेक्टर-35 में वाहन चोरी करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। इनके पास से चोरी की एक बाइक और मोबाइल फोन बरामद किए।

सेक्टर-24 थाना के प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि रविवार रात 10 बजे टीम सेक्टर-35 जाने वाले मार्ग पर जांच कर रही थी। तभी बिना नंबर प्लेट लगी एक बाइक पर दो व्यक्ति आते हुए दिखाई दिए। संदिग्ध लगने पर उन्हें रुकने का इशारा किया, तो बाइक सवार दोनों लोग भागने लगे। टीम ने घेरकर दोनों को दबोच लिया। बाइक चला रहे व्यक्ति ने अपना नाम सेक्टर-31 निवासी पवन शर्मा और पीछे बैठे व्यक्ति ने अपना नाम सेक्टर-51 होशियारपुर निवासी रवि बताया। दोनों से बाइक के दस्तावेज दिखाने को कहा तो आरोपियों ने बताया कि उन्होंने यह बाइक थाना फेज-तीन क्षेत्र के गांव गढ़ी से करीब छह माह पूर्व चोरी की थी। आज दोनों मिलकर इस बाइक को किसी व्यक्ति को कम दाम पर बेचने जा रहे थे। आरोपियों की जेब से मोबाइल फोन भी बरामद हुए। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। न्यायालय में पेश करने के बाद न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

## शादी का झांसा देकर युवती के साथ दुष्कर्म

**नोएडा।** सेक्टर-15 के एक गांव में रहने वाली युवती ने मुरादाबाद के युवक पर शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया। पुलिस ने शिकायत पर आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

पीड़िता ने पुलिस को बताया कि वह मूलरूप से पश्चिम बंगाल के जिला दिनाजपुर की रहने वाली है। वर्तमान में सेक्टर-15 स्थित एक गांव में किराए के घर में रहती है। करीब एक वर्ष पूर्व सोशल मीडिया के जरिये उसकी दोस्ती मुरादाबाद निवासी सुमित से हुई। दोनों के बीच दोस्ताना संबंध हो गए। इसी दौरान युवक ने उसे शादी का झांसा दिया। आरोप है कि कई बार आरोपी ने उसके साथ दुष्कर्म किया। 12 अप्रैल 2025 को पीड़िता ने शादी करने के लिए कहा तो आरोपी ने इनकार कर दिया। युवक ने बताया कि उसकी शादी कहीं और तय हो गई है।

# आईएमएस सेंटर फॉर स्किल डेवलपमेंट में कार्यशाला का आयोजन

**नोएडा।** आईएमएस नोएडा के सेंटर फॉर स्किल डेवलपमेंट ने आईडिया शेयरिंग वर्कशॉप बियॉन्ड द बुक्स चैप्टर-5 का आयोजन किया। सेक्टर 62 स्थित संस्थान परिसर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान बतौर वक्ता फ्रेंड्स मीडिया के सीईओ अमन द्विवेदी ने अपना विचार साझा किया। वहीं कार्यशाला के दौरान आईएमएस नोएडा के महानिदेशक प्रोफेसर (डॉ.) विकास धवन के साथ संस्थान के शिक्षक एवं छात्रों ने अपनी मौजूदगी दर्ज करायी।



कार्यशाला की शुरुआत करते हुए प्रोफेसर (डॉ.) विकास धवन ने कहा कि हमारा उद्देश्य छात्रों को केवल अकादमिक ज्ञान प्रदान करना नहीं, बल्कि उन्हें वास्तविक दुनिया के अनुभवों से परिचित भी कराना है। बियॉन्ड द बुक्स जैसी पहल छात्रों को व्यावहारिक दृष्टिकोण विकसित करने और नेतृत्व क्षमता को निखारने का अवसर देती है। उन्होंने कहा कि यह श्रृंखला उद्योग आधारित कौशल विकास को बढ़ावा देने तथा विद्यार्थियों के करियर के नए अवसरों को सृजित करने के उद्देश्य से प्रारंभ की गई है।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अमन द्विवेदी ने अपने उद्यमशीलता के अनुभवों को छात्रों के साथ साझा किया।

उन्होंने स्टार्टअप्स की दुनिया में आने वाली चुनौतियों, नवाचार की भूमिका और डिजिटल प्लेटफॉर्म के बदलते स्वरूप पर चर्चा की। अमन द्विवेदी ने छात्रों को निरंतर सीखने, नेटवर्किंग और अनुकूलता के महत्व पर जोर देते हुए, उन्हें आत्मनिर्भर बनने और अपने उद्यमशील सपनों को साकार करने के लिए प्रेरित किया। संस्थान द्वारा आयोजित आईडिया शेयरिंग वर्कशॉप बियॉन्ड द बुक्स चैप्टर-5 का सफल संचालन प्रो. ज्योति त्रिपाठी एवं प्रो. शोभा त्रिपाठी के संयुक्त नेतृत्व में संपन्न हुआ।

# गांवों में बिजनेस करना ग्रेटर नोएडा से ज्यादा महंगा होगा

**नोएडा।** गौतमबुद्ध नगर में इसी महीने ही नए सर्किल रेट लागू करने की तैयारी में है। आम लोगों से आपत्ति और सुझाव मांगकर उन पर अंतिम रिपोर्ट बनाने का काम किया जा रहा है। विभिन्न संपत्तियों की प्रस्तावित नई रेट लिस्ट को भी सार्वजनिक किया जा चुका है। सर्किल रेट बढ़ने के बाद ग्रेटर नोएडा के सेक्टरों से ज्यादा नोएडा के गांवों में कॉमर्शियल प्रॉपर्टी की रजिस्ट्री कराना महंगा हो जाएगा।

नोएडा के आगाहपुर, चौड़ा रघुनाथपुर गांव में सिंगल कॉमर्शियल प्रॉपर्टी दर 1.36 लाख से 1.90 लाख तक करने की तैयारी है। ग्रेटर नोएडा के सेक्टर अल्फा-1 और दो समेत अन्य सेक्टरों में एकल दुकान और कॉमर्शियल प्रॉपर्टी की दर 1.28 लाख प्रति वर्गमीटर तक प्रस्तावित है। नई रेट लिस्ट के मुताबिक, नोएडा के अट्टा गांव में सिंगल दुकान और कॉमर्शियल प्रॉपर्टी की संपत्ति दर 1.70 लाख से बढ़ाकर 1.90 लाख हो जाएगी, जबकि सिंगल से अलग (फ्लोर वाइज) कॉमर्शियल प्रॉपर्टी दर को 1.48 से बढ़ाकर 1.70 लाख करने की तैयारी है। इसी तरह से आगाहपुर में सिंगल दुकान के रेट 1.36 लाख और चौड़ा रघुनाथ और चौड़ा सादतपुर में 1.20 लाख तक प्रस्तावित है। वहीं, बात करें ग्रेटर नोएडा के सेक्टर अल्फा-3 और दो, गामा-1 और दो, ओमेगा-1, 2 और 3 की तो यहां सिंगल कॉमर्शियल प्रॉपर्टी दर 1.28 लाख और निर्मित संपत्ति की दर 1.80 प्रस्तावित की गई है।अन्य सेक्टर जैसे सेक्टर इकोटेक-1, 2, 3, 6, 7, 8, 9, 10 व ईटा-1, 2 और एनआरआई सिटी में सिंगल कॉमर्शियल प्रॉपर्टी दर एक लाख से 1.50 लाख तक ही प्रस्तावित है। हालांकि, नोएडा के सेक्टरों में सिंगल कॉमर्शियल प्रॉपर्टी की दर की शुरुआत की साढ़े लाख से अधिक की है। सेक्टर-18 और 38ए में यह दर 4.89 लाख तक प्रस्तावित है।

## पेड़ काटने के विरोध पर घर में घुसकर मारपीट

**नोएडा।** जेवर में एक व्यक्ति ने दो सगे भाइयों पर घर में घुसकर मारपीट करने का आरोप लगाया। आरोप है कि पेड़ काटने का विरोध करने पर मारपीट की गई। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज किया है। अहमदपुर चौरोली गांव में चंद्रपाल परिवार के साथ रहता है। चंद्रपाल ने पुलिस को बताया कि उसका अपने भाइयों से करीब 40 साल पहले जमीन का बंटवारा हुआ था। वह और उसके दोनों भाई ओमवीर और इंद्रपाल अपनी अपनी-जमीन पर काबिज है। पीड़ित ने बताया की उसने अपनी हिस्से की जमीन पर कटहल के करीब 40 पेड़ लगाए थे। आरोप है कि उसके दोनों भाई ओमवीर और इंद्रपाल ने पेड़ों को काट दिया। पीड़ित ने विरोध किया तो आरोपियों ने गाली गलौज करने के साथ घर में घुसकर मारपीट की। किसी तरह ग्रामीणों ने पीड़ित को बचाया। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी भाइयों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

# पहलगाम जैसी घटना की पुनरावृत्ति रोकने के लिए सख्त कदम उठाए सरकारः कुच्छल

**नोएडा।** जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में निर्दोष पर्यटकों की जघन्य हत्या के विरोध में सोमवार को नोएडा के व्यापारियों ने जोरदार प्रदर्शन किया और राष्ट्रपति के नाम सिटी मजिस्ट्रेट, नोएडा को ज्ञापन सौंपा। उत्तरप्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल व नोएडा टेक्निकल एसोसिएशन, नोएडा जेनरेटर मार्केट के सैकड़ों सदस्य हरौला सेक्टर 5 से जुलूस में शामिल हुए और इस मौके पर पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे भी लगाए। व्यापार प्रतिनिधि मंडल नोएडा के चेयरमैन नरेश कुच्छल व अध्यक्ष राम अवतार सिंह ने कहा कि पहलगाम में आतंकी कार्रवाई पाकिस्तान का षड्यंत्र है। इसलिए भारत सरकार पाकिस्तान के साथ सभी तरह के संबंधों को समाप्त करे और इस नृशंस कृत्य के लिए दोषियों को कठोर दंड दे। साथ ही सरकार ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति को रोकने के लिए कठोर कार्रवाई करे।



उन्होंने कहा कि पहलगाम में सेना की वर्दी में आए आतंकवादियों ने 26 से अधिक नागरिकों की हत्या कर दी। आतंकियों ने पहले धर्म पूछा और परिचय पत्र की जांच की। यह जम्मू क्षेत्र में पिछले 6 वर्षों की सबसे बड़ी घटना है। यह हमला अमरनाथ यात्रा शुरू होने से पहले हुआ।

उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर में धारा 370 हटाने और नोटबंदी जैसे कदमों के बावजूद आतंकी घटनाएं जारी हैं। उन्होंने कहा कि सरकार सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करे, क्योंकि पूर्व में भी इंटेलिजेंस की विफलता से बड़ी घटनाएं हुई हैं, लेकिन सरकार ने इनसे सबक नहीं लिया।

इस मौके पर प्रतिनिधि मंडल के चेयरमैन नरेश कुच्छल, अध्यक्ष राम अवतार सिंह, वरिष्ठ महामंत्री मनोज भाटी, सुभाष त्यागी सोहनवीर सिंह वीरपाल, कृष्ण त्यागी, दीपक दुबे, वीरेंद्र, विपिन अग्रवाल, मूलचंद गुप्ता, पीयूष वालिया, ओमपाल शर्मा, राधेश्याम गोयल, सतनारायण गोयल, दिनेश महावर, बृजमोहन आदि शामिल रहे।

## तीन सेक्टरों में दूध-सब्जी के बूथ लगेंगे

**नोएडा।** यमुना सिटी के सेक्टर-18, 20 और 22डी में दूध और सब्जी के बूथ लगाए जाएंगे। इसके लिए 100 वर्ग मीटर के भूखंडों का आवंटन किया गया। अगले महीने तक यहां बूथ बनाने का काम शुरू हो जाएगा।

यमुना प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी डॉ. अरुणवीर सिंह ने बताया कि यमुना सिटी के सेक्टर-18, 20 और 22डी सबसे बड़े आवासीय सेक्टर हैं। इन सेक्टरों में कुल 52 ब्लॉक हैं। इनमें 48 ब्लॉक में सड़क, पानी और सीवर समेत अन्य मूलभूत सुविधाएं विकसित हो चुकी हैं। यहां 100 वर्गमीटर में दूध और सब्जी के बूथ बनाने के लिए मदर डेयरी और दूसरी दुग्ध कंपनियों को भूखंड आवंटित किए गए हैं। आवंटियों ने करीब एक माह में यहां बूथ शुरू करने का प्लान दिया है। यह बूथ बनने से शहर के लोगों को फल, सब्जी और दूध के लिए दूसरी दुकानों पर जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

## संक्षिप्त समाचार

### गाजियाबाद में 20 साल बाद 65 फीसदी फ्लैट भी नहीं बने, बिल्डरों पर अब होगी कार्रवाई



**गाजियाबाद एजेंसी।** गाजियाबाद में इंटीग्रेटेड टाउनशिप का लाइसेंस लेने वाले बिल्डरों ने करीब 20 साल बाद भी 65 फीसदी फ्लैट नहीं बनाए। जीडीए की ओर से अब ईडब्ल्यूएस और एलआईजी फ्लैट नहीं बनाने वाले बिल्डरों पर सख्ती की जाएगी। इन्हें प्रोजेक्ट कंप्लीशन सर्टिफिकेट तब तक नहीं दिया जाएगा, जब तक ईडब्ल्यूएस और एलआईजी फ्लैट भी तैयार नहीं होंगे। शासन स्तर से वर्ष 2005 में बिल्डरों को इंटीग्रेटेड टाउनशिप का लाइसेंस मिला था। इसमें गाजियाबाद में सात बिल्डर शामिल थे। लाइसेंस खत्म होने की समयावधि 2022 थी। लाइसेंस के तहत बिल्डरों को कई तरह की सुविधाएं मिलीं, लेकिन इसके बदले इन्हें प्रोजेक्ट में फ्लैट के दस फीसदी ईडब्ल्यूएस और एलआईजी बनाने थे। लाइसेंस मिलने के बाद बिल्डरों ने प्रोजेक्ट शुरू कराए और शासन से मिलने वाले लाभों को लेते हुए प्रोजेक्ट तैयार कर लिए, लेकिन इनमें एक बिल्डर को छोड़कर बाकी ने अब तक प्रोजेक्ट में ईडब्ल्यूएस और एलआईजी पूरी तरह नहीं बनाए। जबकि टाउनशिप को पूरा करने की अवधि करीब दो साल पहले खत्म हो चुकी है। ऐसे में जीडीए की तरफ से रिपोर्ट तैयार कर शासन को भेजी जा चुकी है। साथ ही इन बिल्डरों के साथ बैठक कर उन्हें प्रोजेक्ट में इन मकानों को पूरा बनाने के निर्देश भी दिए। अब जीडीए उपाध्यक्ष अतुल वत्स ने अधिकारियों से प्रोजेक्ट का निरीक्षण करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही ईडब्ल्यूएस और एलआईजी नहीं बनाने वाले बिल्डरों पर सख्ती करने को कहा है। इन्हें प्रोजेक्ट कंप्लीशन सर्टिफिकेट तब तक नहीं दिया जाएगा, जब तक ये फ्लैट भी तैयार नहीं होंगे।

### सर्राफा बाजार में गिरावट जारी, सोना और चांदी की घटी कीमत

**नई दिल्ली , एजेंसी।** घरेलू सर्राफा बाजार में आज लगातार पांचवे दिन गिरावट का रुख बना हुआ नजर आ रहा है। देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में आज 24 कैरेट सोना 97,530 रुपये से लेकर 97,680 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 89,400 रुपये से लेकर 89,550 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी के भाव में भी आज कमजोरी दर्ज की गई है, जिसके कारण ये चमकीली धातु आज दिल्ली सर्राफा बाजार में 1,00,800 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार कर रही है। दिल्ली में 24 कैरेट सोना 97,680 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 89,550 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 97,530 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 89,400 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 97,580 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 89,450 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 97,530 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 89,400 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 97,530 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 89,400 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 97,680 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 89,550 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 89,450 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जयपुर में 24 कैरेट सोना 97,680 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 89,550 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

# गाजियाबाद में चला नगर निगम का पंजा, एक बार में खाली हुई 200 करोड़ की जमीन

**गाजियाबाद एजेंसी।** नगर निगम के संपत्ति विभाग ने सोमवार को क्रॉसिंग रिपब्लिक से सटे डूंडाहेड़ा में 40 हजार वर्ग मीटर जमीन कब्जामुक्त कराई। जमीन की कीमत 200 करोड़ रुपये है। इस पर कई लोग खेती कर रहे थे। निगम टीम ने विरोध के बीच फसल पर जेसीबी और ट्रैक्टर चलाकर जमीन खाली कराई। शहरी क्षेत्र में निगम की काफी जमीन है।

इस पर कई जगह लोगों ने कब्जा कर रखा है। क्रॉसिंग रिपब्लिक से सटे डूंडाहेड़ा में 40 हजार वर्ग मीटर जमीन पर कई लोगों का कब्जा था। लोग मालिकाना हक जताकर खेती कर रहे थे। निगम के संपत्ति विभाग ने पूर्व में जमीन खाली कराई थी, लेकिन लोगों ने फिर से कब्जा कर फसल की बुआई कर डाली।

इस समय सरसों,गेहूं और अन्य फसल की खेती की जा रही थी। सोमवार को संपत्ति प्रभारी पल्लवी सिंह और संपत्ति अधीक्षक रमाशंकर जमीन पर कब्जा लेने पहुंचे। लोग निगम टीम का विरोध करने लगे। वह मालिकाना हक के सभी दस्तावेज नहीं दिखा सके। निगम टीम ने जैसे ही जेसीबी और



ट्रैक्टर को फसल पर चलाने का प्रयास किया तो लोगों ने हंगामा शुरू कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने लोगों को समझा बुझाकर शांत किया। इसके बाद निगम टीम ने फसल पर जेसीबी और ट्रैक्टर चलाया। इसके बाद जमीन खाली कराई गई। कब्जामुक्त जमीन की कीमत 200 करोड़ रुपये बताई जा रही है। कोर्ट में हारने के बाद भी कब्जा नहीं छोड़ रहे थे अपर नगर आयुक्त अरुण यादव ने बताया कि खसरा नंबर 122,123,129,304, 305, 306/7, 307 308 को कब्जा मुक्त कराया है। कब्जा करने वालों ने भूमि पर अपने पट्टे बताए थे। पट्टे को एसडीएम कोर्ट ने निरस्त कर दिया था। उन्होंने बताया कि हाईकोर्ट में भी कब्जा करने वालों की हार हो चुकी है। उन्होंने बताया निगम की खाली जमीन शहर हित में इस्तेमाल की जाएगी। इसका निर्णय सदन द्वारा लिया जाएगा। महापौर सुनीता दयाल ने बताया खाली जमीन पर कई बड़ी परियोजना लाने की योजना है। इससे दो लाभ होंगे। एक तो जमीन पर कब्जा नहीं होगा। दूसरा परियोजना लाने से शहर के लोगों को लाभ मिलेगा।साथ ही निगम की आय में बढ़ोतरी होगी। उन्होंने बताया निगम अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश हैं कि जमीन पर फिर से कब्जा करने पर मुकदमा दर्ज कराया जाए। कई और स्थानों पर जमीन खाली कराकर कब्जामुक्त कराई जाएगी। जमीन पर कब्जा होने की शिकायत महापौर सुनीता दयाल से की गई थी। उन्होंने मौके पर जाकर निरीक्षण किया था। महापौर ने निगम अधिकारियों से जमीन खाली कराने के निर्देश दिए।

# पहलगाम हमले के बाद 'पाकिस्तान जिंदाबाद' करने वाला नोएडा से पकड़ा गया

**नोएडा , एजेंसी।**
झारखंड के बाद अब उत्तर प्रदेश के नोएडा से भी एक पाकिस्तान समर्थक पकड़ा गया है। पहलगाम आतंकी हमले के बाद जहां देशभर में लोग पाकिस्तान की हाय-हाय कर रहे हैं तो वह पड़ोसी मुल्क के लिए जिंदाबाद का नारा लिख रहा था। थाना सूरजपुर क्षेत्र क्षेत्र स्थित एक सोसाइटी की मार्केट में सैलून की दुकान पर काम करने वाले युवक को सोशल मीडिया पर पाकिस्तान के समर्थन में पोस्ट डालना भारी पड़ गया। वीडियो वायरल होने पर पुलिस ने संज्ञान लेकर रविवार शाम आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के मुताबिक, रविवार को सोशल मीडिया साइट के जरिये एक वीडियो प्राप्त हुआ। वीडियो में एक युवक ने फेसबुक पर पाकिस्तान जिंदाबाद लिखा हुआ था। फेसबुक का स्क्रीन शॉट लेकर एक व्यक्ति ने वीडियो बनाकर वायरल कर दिया। वायरल वीडियो पर लोगों ने नोएडा पुलिस को टैग करते हुए युवक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। पुलिस को जांच में पता चला कि आरोपी मोनिश अली निवासी गांव रसूलपुर जिला रामपुर है।

### युवक की गोली मारकर हत्या

**नई दिल्ली , एजेंसी।** उत्तर पूर्वी जिले के सीलमपुर इलाके में एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। मामले की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए नजदीकी अस्पताल के शवगृह में सुरक्षित रखवा दिया है। घटना जोगी बस्ती में रविवार देर रात की है। मरने वाले युवक की पहचान 20 वर्षीय समीर के रूप में हुई है। फिलहाल सीलमपुर थाना पुलिस हत्या का मुकदमा दर्ज कर आरोपितों की पहचान करने में जुटी हुई है।पुलिस सूत्रों के अनुसार समीर बीती रात अपने घर से नानी के घर जाने के लिए निकला था। नानी के घर से चंद कदम की दूरी पर ही अज्ञात बदमाशों ने समीर को गोली मार दी। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस उसे जग प्रवेश चंद्र अस्पताल लेकर पहुंची।

## पाकिस्तान ने नियंत्रण रेखा पर फिर किया संघर्ष विराम का उल्लंघन

**श्रीनगर, एजेंसी।** पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान की सेना नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर बिना किसी उकसावे के गोलीबारी करने से बाज नहीं आ रही है। पड़ोसी मुल्क की फौज शत्रुता का रुख अख्तियार कर लगातार संघर्ष विराम का उल्लंखन कर रही है। भारतीय अधिकारियों के अनुसार, भारतीय सेना ने 27-28 अप्रैल की रात जम्मू और कश्मीर के कुपवाड़ा और पुंछ जिलों के आसपास के इलाकों में नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पार पाकिस्तानी सेना की बिना उकसावे के छोटे हथियारों से की गई गोलीबारी का प्रभावी जवाब दिया।

भारतीय सेना के अधिकारियों के अनुसार, सैनिकों ने पाकिस्तानी सेना को छोटे हथियारों से की गई गोलीबारी का बिना समय गंवाए मुंहतोड़ जवाब दिया। विस्तृत विवरण की प्रतीक्षा है। उल्लेखनीय है इससे पहले भारतीय सेना ने 26-27 अप्रैल की रात नियंत्रण रेखा पर तुतमारी गली और रामपुर सेक्टर के विपरीत क्षेत्रों में पाकिस्तानी सेना की गोलीबारी का प्रभावी ढंग से जवाब दिया। 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले में 26 लोगों की मौत के बाद कश्मीर घाटी में सुरक्षा बलों के आतंकवाद विरोधी अभियान तेज करने के बाद पाकिस्तान ने नियंत्रण रेखा पर गोलीबारी कर तनाव को बढ़ा दिया है। भारतीय सेना के एक अधिकारी ने कहा कि 26-27 अप्रैल की रात पाकिस्तान की सैन्य चौकियों ने तुतमारी गली और रामपुर सेक्टर के विपरीत क्षेत्रों में नियंत्रण रेखा के पार बिना उकसावे के छोटे हथियारों से गोलीबारी की भारतीय सैनिकों ने भी गोलीबारी करके प्रभावी ढंग से जवाब दिया। इस बीच कुलगाम पुलिस ने सेना और सीआरपीएफ के साथ समन्वित अभियान में दक्षिण कश्मीर के कुलगाम जिले में आतंकवादियों के दो सहयोगियों को गिरफ्तार किया है। इनके नाम बिलाल अहमद भट पुत्र अब्दुल सलाम भट और मोहम्मद इस्माइल भट पुत्र गुलाम मोहम्मद भट हैं। दोनों थोकरपोरा (कैमोह) के रहने वाले हैं। इनके पास से सुरक्षा बलों ने दो पिस्तौल, दो मैगजीन और पिस्तौल की 25 गोलियां बरामद की हैं।

# हिमाचल प्रदेश के चंबा में भूकंप के झटके, कोई नुकसान नहीं

**शिमला , एजेंसी।**
हिमाचल प्रदेश के चंबा जिले में आज तड़के भूकंप के झटके महसूस किए गए। भूकंप सुबह 5 बजकर 41 मिनट पर आया। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के अनुसार भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 2.7 मापी गई। भूकंप का केंद्र चंहा में 32.79 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 76.20 डिग्री पूर्वी देशांतर पर स्थित रहा। इसकी गहराई जमीन की सतह से पांच किलोमीटर नीचे रिकॉर्ड की गई।

भूकंप से किसी प्रकार के जान-माल के नुकसान की खबर नहीं है। राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के एक अधिकारी ने बताया कि भूकंप की तीव्रता काफी कम थी। इस कारण चंबा जिले व आसपास के क्षेत्रों में किसी भी तरह के नुकसान की कोई रिपोर्ट नहीं मिली है। भूकंप के झटके महसूस होते ही लोग सतर्क हो गए और स्थिति सामान्य रही।

गौरतलब है कि हिमाचल प्रदेश भूकंप की दृष्टि से देश के सबसे संवेदनशील क्षेत्रों में शामिल है। राज्य का अधिकांश भाग भूकंपीय जोन-4 और जोन-5 में आता है। इसी संवेदनशीलता के चलते चंबा, कांगड़ा, मंडी,




लाहौल-स्पीति, किन्नौर और शिमला जैसे जिलों में समय-समय पर हल्के भूकंप के झटके महसूस होते रहे हैं। बीते कुछ वर्षों में राज्य में बार-बार भूकंप के झटकों ने लोगों की चिंता बढ़ा दी है।

इतिहास गवाह है कि हिमाचल प्रदेश में भूकंप से भारी तबाही हो चुकी है। वर्ष 1905 में कांगड़ा और चंबा जिलों में आए भीषण भूकंप में 10 हजार से अधिक लोगों की जान गई थी और व्यापक स्तर पर तबाही हुई थी। राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण लगातार लोगों को जागरूक करने के प्रयास कर रहा है। भूकंप के समय खुद को सुरक्षित रखने के लिए जरूरी उपायों की जानकारी दी जा रही है। स्कूलों, दफ्तरों और सार्वजनिक स्थलों पर भूकंप से बचाव के लिए मॉक ड्रिल भी कराई जाती हैं। चंबा सहित हिमाचल के अन्य जिलों में बीते कुछ समय में कई बार 2 से 4 रिक्टर स्केल की तीव्रता वाले भूकंप आ चुके हैं। हालांकि अब तक कोई बड़ा नुकसान नहीं हुआ है। लेकिन लगातार झटकों ने लोगों के मन में डर जरूर बैठा दिया है।

# कूनो में फिर बढ़ा चीतों का कुनबा, मादा चीता नीरवा ने दिया पांच शावकों को जन्म

**भोपाल, एजेंसी।**
केन्द्र सरकार के महत्वाकांक्षी चीता प्रोजेक्ट के अंतर्गत नामीबिया और दक्षिण अफ्रीका से भारत लाकर मध्य प्रदेश के श्योपुर जिले में स्थित कूनो राष्ट्रीय उद्यान में बसाए गए चीतों का कुनबा लगातार बढ़ता जा रहा है। कूनों से एक बार फिर खुशखबरी आई है। यहां पांच वर्षीय मादा चीता नीरवा ने पांच स्वस्थ शावकों को जन्म दिया है। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने रविवार की रात सोशल मीडिया के माध्यम से यह जानकारी साझा की है। इसके साथ ही प्रदेश में चीतों की संख्या बढ़कर 31 हो गई। इनमें से दो चीते हाल ही में मंदसौर जिले के गांधी सागर अभ्यारण्य में छोड़े गए हैं, जबकि इन पांच नए शावकों को मिलाकर कूनों में फिलहाल



29 चीते हो गए हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार की रात सोशल मीडिया एक्स पर मादा चीता नीरवा के शावकों का एक वीडियो शेयर किया है, साथ ही उन्होंने लिखा कि कूनो में नए मेहमानों का स्वागत है... अत्यंत प्रसन्नता है कि कूनो राष्ट्रीय उद्यान में चीतों का कुनबा निरंतर बढ़ रहा है। हाल ही में पांच वर्षीय नीरवा ने पांच शावकों को जन्म दिया है। इन नन्हे शावकों का आगमन चीता प्रोजेक्ट की सफलता और भारत की समृद्ध जैव-विविधता का प्रतीक है। उन्होंने आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में वन्यजीव संरक्षण के लिए बनाया गया अनुकूल वातावरण आज समृद्ध हो रहा है। कूनो नेशनल पार्क की पूरी टीम, वन्यजीव विशेषज्ञों और संरक्षण में जुटे हर कर्मठ साथी को इस ऐतिहासिक उपलब्धि के लिए हार्दिक बधाई। केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने भी एक्स पर इस खबर को साझा किया। कूनो राष्ट्रीय उद्यान में मादा चीता नीरवा दूसरी बार मां बनी है। इससे पहले 25 नवंबर 2024 को नीरवा ने पहली बार चार शावकों को जन्म दिया था। जिसमें से दो शावकों की दो दिन बाद यानी 27 नवंबर 2024 को मौत हो गई थी। अब नीरवा ने पांच शावकों को जन्म दिया है। मादा चीता नीरवा को 2022 में दक्षिण अफ्रीका से कूनो राष्ट्रीय उद्यान में लाया गया था। मई 2023 में इसे पहली बार खुले जंगल में छोड़ा गया था। इसके पहले नीरवा को बाड़े में ही दूसरे चीतों के साथ रखा गया था।

## शेयर ट्रेडिंग के नाम पर दिया झांसा, बुजुर्ग से साढ़े 8 लाख की साइबर ठगी

**गाजियाबाद एजेंसी।**
साइबर अपराधियों ने शेयर ट्रेडिंग के नाम पर बुजुर्ग से साढ़े आठ लाख रुपये ठग लिए। साइबर थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। नेहरू नगर स्थित गुलमोहर एनक्लेव सोसाइटी में रहने वाले संजय आर्या का कहना है कि 20 फरवरी को वह फेसबुक के माध्यम से व्हॉट्सऐप पर रिया बंसल नाम की महिला के संपर्क में आए। उसने उन्हें शेयर्ड टीएम-70 नाम के व्हॉट्सऐप ग्रुप में जोड़ा। उसने बताया कि वह एचएसबीसी सिक्योरिटीज प्राइवेट लिमिटेड के जरिय शेयर ट्रेडिंग करने पर वह रोजाना 15 से 20 फीसदी मुनाफा कमा सकते हैं।

रिया बंसल ने उन्हें एक फार्म भेजा, जिसे भरकर उन्होंने वापस भेज दिया। इसके बाद उसने बताया गया कि वह थर्ड पार्टी ब्रोकर खाते में रकम ट्रांसफर करेंगे। उसने कहा कि वह एचएसबीसी ऐप के जरिये निवेश करेंगे और वह अपनी धनराशि कभी भी निकाल सकते हैं। यह रकम दो से 24 घंटे में उनके खाते में पहुंच जाएगी। संजय आर्या का कहना है कि 27 फरवरी 2025 को उनके पास एचएसबीसी सिक्योरिटीज एंड कैपिटल प्राइवेट लिमिटेड का एक फॉर्म भेजा गया। उस पर अमित सचदेवा के हस्ताक्षर थे। फार्म में 15 से 25 फीसदी रिटर्न का आश्वासन दिया गया था। संजय आर्या का कहना है कि अन्य औपचारिकताएं पूरी करने के बाद उन्होंने चार मार्च को 25 हजार रुपये से निवेश शुरू किया। उन्हें ऑनलाइन लाभ दर्शाया गया था।

# पहलगाम हमले के बाद से खामोश है सीमा हैदर

**नोएडा, एजेंसी।**
चार बच्चों को लेकर पाकिस्तान से भागकर भारत आई सीमा हैदर पहलगाम हमले के बाद से एक बार फिर चर्चा में है। आतंकी हमले के बाद जहां सरकार ने पाकिस्तानी नागरिकों को 48 घंटे में भारत छोड़ने का आदेश दिया तो सीमा हैदर के मुद्दे ने भी तूल पकड़ लिया। इस बीच सीमा हैदर अपने सोशल मीडिया अकाउंट्स से गायब चल रही है। वह आतंकी हमले के बाद से ही खामोश है। मैं पाकिस्तान की बेटी थी और भारत की बहू हूं कहते हुए उसका एक वीडियो वायरल हुआ था, लेकिन यह पुराना निकला। अब सीमा के वकील एपी सिंह ने लाइव हिन्दुस्तान से बातचीत करते हुए बताया है कि क्यों सीमा इन दिनों सोशल मीडिया पर ऐक्टिव नहीं है।

सीमा हैदर के मुंहबोले भाई और अदालत में उसके लिए कानूनी लड़ाई लड़ रहे सुप्रीम कोर्ट के वकील एपी सिंह ने बताया है कि सीमा हैदर की बेटी बीमार है। एपी सिंह ने फोन पर बातचीत में कहा, सीमा की तीसरे नंबर की बेटी बीमार है। वह अस्पताल में भर्ती है। सीमा उसकी देखभाल में जुटी है और इस वजह से सोशल मीडिया से भी दूर है। सीमा हैदर के पांच बच्चे हैं, चार बच्चे पाकिस्तानी पति गुलाम हैदर से हैं, जबकि हाल ही में वह सचिन मीणा की बच्ची की भी मां बनी है।ऐसे में अपनी बेटी के बीमार होने की खबर सुनकर गुलाम हैदर भी दुखी होगा।

पाकिस्तान भेजे जाने की अटकलों के बीच सीमा हैदर का एक वीडियो खूब वायरल हो रहा है, जिसमें वह हाथ जोड़कर कहती है कि वह पाकिस्तान की बेटी थी और भारत की बहू है, इसलिए उसे भारत में ही रहने दिया जाए। इस वीडियो को लेकर सवाल किए जाने पर एपी सिंह ने कहा कि यह पुराना है। लाइव हिन्दुस्तान के पड़ताल में भी यह वीडियो जुलाई 2023 का निकला।

सीमा हैदर के यूट्यूब चैनल पर पिछले छह दिनों से खामोशी छाई है। वह इंस्टाग्राम पर भी कोई वीडियो अपलोड नहीं रही है। ऐसा संभवत~ पहली बार हुआ है जब वह इतने दिनों तक सोशल मीडिया से दूर है। वह अक्सर सचिन मीणा के साथ नाचते, गाते, घर के कामकाज करते हुए वीडियो बनाकर अपलोड करती है। दोनों अक्सर लाइव आकर अपने फॉलोअर्स से बातचीत करते हैं और उनके सवालों के जवाब भी देते हैं। लेकिन पहलगाम हमले के बाद से वह पूरी तरह खामोश है।

इस बीच सीमा को पाकिस्तान भेजे जाने को लेकर भी कई दावे सोशल मीडिया पर किए जा रहे हैं। एक मीडिया रिपोर्ट में भी दावा किया गया कि सीमा को तीन दिन के भीतर भारत छोड़ने का आदेश दिया गया है। हालांकि, एपी सिंह ने इसका खंडन करते हुए कहा कि सीमा अदालत के आदेश के तहत रबूपुरा में रह रही है और उसे किसी तरह का नोटिस नहीं दिया गया है।

**सीमा हैदर की होगी पाकिस्तान वापसी या भारत में रहेंगी? नोएडा पुलिस ने बताया कहां फंसा है पेंच?:** पहलगाम आतंकी हमले के बाद जिले से किसी भी पाकिस्तानी नागरिक को अब तम वापस नहीं भेजा गया। गौतमबुद्ध नगर में महज पांच पाकिस्तानी नागरिक हैं। सभी के पास लंबी अवधि का वीजा है। वहीं,अवैध रूप से भारत में रही रहीं सीमा हैदर के पाकिस्तान वापसी पर असमंजस बरकरार है। भारत सरकार ने सार्क वीजा पर आने वाले पाकिस्तानी नागरिकों को 48 घंटे के भीतर उनके वतन वापस भेजने का निर्णय लिया। रविवार को



समय-सीमा समाप्त हो गई। सरकार ने पहले ही तय कर दिया था कि तय समयसीमा के बाद अगर कोई पाकिस्तानी नागरिक बिना वैध दस्तावेजों के यहां पाया गया, तो उस पर सख्त कार्रवाई होगी। उत्तर प्रदेश सरकार और डीजीपी ने सभी जिले की पुलिस और प्रशासन से अल्प समय वीजा पर रह रहे पाकिस्तानी नागरिकों की पहचान करने और उन्हें वापस भेजने का निर्देश दिया है। इस बीच सबसे बड़ी चर्चा सीमा हैदर को लेकर भी हो रही है। सीमा हैदर पाकिस्तान से गैरकानूनी तरीके से भारत आई थी और यहां रह रही हैं। उनका भविष्य अभी भी अधर में लटका हुआ है। पुलिस के मुताबिक सीमा हैदर को लेकर कोई नया निर्देश फिलहाल नहीं आया है। न तो उसे फौरन वापस भेजने का आदेश मिला है और न ही रहने की इजाजत का कोई ठोस फैसला हुआ है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि सीमा का मामला अलग तरीके का है और न्यायालय में विचाराधीन है।

# कोहली नहीं, पीयूष ने क्रुणाल को दिया आरसीबी की जीत का श्रेय



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के पूर्व स्पिनर पीयूष चावला को लगता है कि दिल्ली कैपिटल्स द्वारा उनके शीर्ष क्रम को झकझोरने के बाद रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ऐसी स्थिति में एंकर की भूमिका निभाने के लिए किसी की जरूरत थी जिसे बल्लेबाजी के उस्ताद विराट कोहली ने जिस तरह से अर्धशतक लगाकर निभाया। हालांकि उन्होंने कोहली के साथ ही जीत का श्रेय क्रुणाल पांड्या को भी दिया जिन्होंने स्पिन को अच्छे से खेला जबकि कोहली को मुश्किल हो रही थी। आरसीबी के 163 रनों के लक्ष्य का पीछा करने के दौरान दिल्ली ने वापसी की और मेहमान टीम को 26/3 पर रोक दिया। आरसीबी की बल्लेबाजी की गहराई की परीक्षा होनी थी, और क्रुणाल पांड्या और विराट ने सुनिश्चित किया कि उनकी टीम शानदार प्रदर्शन करे। विराट और क्रुणाल ने 119 रनों की शानदार साझेदारी करके बेंगलुरु को तालिका में शीर्ष पर पहुंचाया और रॉयल चैलेंजर्स को मुश्किल दौर से सुरक्षित निकाला।

साझेदारी के दौरान विराट ने स्ट्रोक रोटेशन पर बहुत अधिक भरोसा किया और अपनी नजरें बाउंड्री रोप पर टिकाए रखीं। कोहली 51(47) रन बनाकर डगआउट लौटे, उन्होंने गेंद को इनसाइड-आउट शॉट से भेजने की कोशिश की, लेकिन बाउंड्री रोप को पार नहीं कर सके। दुष्मंथा चमीरा की लेंथ डिलीवरी, जो ऑफ के बाहर थी, ने काम कर दिया, मिशेल स्टार्क ने शांतचित्त होकर कैच पूरा किया और विराट को आउट किया। चावला ने विराट की पारी के महत्व को रेखांकित किया, भले ही यह मौजूदा टी20 मानक को पूरा नहीं करती थी। उन्होंने कहा, विराट ने अपने 50 रन कैसे भी बनाए हों, महत्वपूर्ण बात यह है कि अंक तालिका में वे दो महत्वपूर्ण अंक हासिल किए जाएं। आरसीबी को पारी को संभालने के लिए कोई चाहिए था, स्कोर इतना बड़ा नहीं था। खासकर तीन विकेट खोने के बाद, आपको किसी ऐसे व्यक्ति की जरूरत होती है जो एक छोर से बहुत ज़्यादा विकेट न खो दे, ताकि दूसरे आपके इर्द-गिर्द घूम सकें। विराट ने बिल्कुल यही किया है। वे 51 रन भुवी के स्लॉग ओवरों जितने ही महत्वपूर्ण थे। विराट 160-170 रनों का पीछा करने के लिए बहुत बढ़िया गणना करते हैं और टीम को पीछा करने के लिए एक बेहतरीन प्लेटफॉर्म देते हैं। कोहली ने एक छोर से विकेट संभाले रखा, वहीं क्रुणाल ने अरुण जेटली स्टेडियम में दिल्ली कैपिटल्स पर बेंगलुरु की छह विकेट की शानदार जीत के पीछे मुख्य मास्टरमाइंड होने के कारण सुर्खियां बटोरीं। उन्होंने दिल्ली के बल्लेबाजों को अपनी फिरकी के जाल में उलझाकर रोका, अनुभवी फॉफ डु प्लेसिस का विकेट लिया और 1/28 के आंकड़े के साथ समाप्त किया। बल्ले से उन्होंने बेड़ियां तोड़ीं, अपनी बाहें खोलीं और 47 गेंदों पर 73* रन बनाकर मनोरंजक प्रदर्शन किया।

उन्होंने कहा, क्रुणाल ऐसे खिलाड़ी हैं जो स्पिनरों को अच्छी तरह खेलते हैं और इसलिए वे मध्य चरण में अधिक खतरनाक हो जाते हैं। बल्लेबाजी के लिए यह एक मुश्किल विकेट था - यहां तक कि विराट ने भी कहा कि यह एक मुश्किल सतह थी और इसलिए आपको क्रुणाल को बहुत अधिक श्रेय देना होगा। जिस तरह से उन्होंने बल्लेबाजी की, जिम्मेदारी ली और सोचे-समझे मौके बनाए यह वास्तव में उनके लिए फायदेमंद रहा। सबसे पहले, उन्होंने जमने के लिए 30 से अधिक गेंदें लीं और उसके बाद जिस तरह से उन्होंने तेजी से रन बनाए, वह शानदार था। उन्होंने कहा, जब मुश्किल सतह पर लक्ष्य का पीछा करने की बात आती है, तो आपको विराट कोहली और क्रुणाल पांड्या को श्रेय देना होगा जिस तरह से उन्होंने साझेदारी की। एक समय पर, वे बहुत दबाव में थे, लेकिन उन्होंने इसे गहराई तक ले जाना जारी रखा। विशेष रूप से क्रुणाल पांड्या, उन गणना किए गए जोखिमों को लेना और जरूरत पड़ने पर बड़े शॉट खेलना और उन्होंने सुनिश्चित किया कि आवश्यक रन रेट नियंत्रण में रहे। इसलिए टीम शानदार दिख रही है, और जिस तरह से वे खेल रहे हैं, सब कुछ योगदान दे रहा है और यही कारण है कि वे घर से बाहर जीत रहे हैं।



## केएल राहुल भारतीय टी-20 टीम में वापसी के हकदार : केविन पीटरसन

दिल्ली कैपिटल्स के मेंटोर केविन पीटरसन ने अपनी टीम के स्टार और बल्लेबाज और विकेटकीपर केएल राहुल को लेकर बड़ा दावा किया है। उन्होंने राहुल के हालिया फॉर्म का हवाला देते हुए कहा कि वह भारतीय टी20 टीम में वापसी के हकदार हैं। अंग्रेज दिग्गज ने यह भी सलाह दी कि विकेटकीपर-बल्लेबाज के लिए चार नंबर सबसे बेस्ट है।

### अच्छे लय में नजर आ रहे राहुल

दरअसल, राहुल पिछले कुछ समय से ञ-20 इंटरनेशनल क्रिकेट में राहुल बेहतर नहीं कर पा रहे हैं और उनके प्रदर्शन पर भी सवाल उठे हैं। हालांकि, आईपीएल के इस सीजन में राहुल काफी बेहतर फॉर्म में नजर आ रहे हैं। वह अभी तक कुल 8 मैच खेले हैं। उन्होंने 146.18 स्ट्राइक रेट और 60.67 के औसत से कुल 364 रन बनाए हैं।



### राहुल को लेकर केविन पीटरसन ने क्या कहा?

केविन पीटरसन ने कहा कि मैं टी20 क्रिकेट में भारत के लिए केएल राहुल को चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करवाऊंगा। उन्होंने कहा कि भारत के लिए ओपनिंग करने के कई सारे बल्लेबाज हैं, लेकिन राहुल जिस तरह से बल्लेबाजी कर रहे हैं, वह चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करने के लिए मेरी पहली पसंद होंगे।

### भारत के लिए बेहतर खेलते आए हैं राहुल– पीटरसन

उन्होंने आगे कहा कि केएल राहुल का खेल पिछले साल के अंत से काफी बेहतर रहा है। वह अभी भी सकारात्मक तरीके से ही खेल रहे हैं। वह भारत के लिए खेलते हुए कई मैच समाप्त भी किए हैं। दुबई में हुए चैंपियंस ट्रॉफी के दौरान राहुल का प्रदर्शन काफी बेहतर रहा।



## एशियाई योगासन में भारत ने 83 स्वर्ण पदक जीते

### पाकिस्तान में होने वाले इस टूर्नामेंट से हटा भारत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पहलगाम आतंकी हमले के विरोध में भारत ने इस्लामाबाद (पाकिस्तान) में होने वाली एशियाई वॉलीबॉल चैंपियनशिप में अपनी टीम नहीं भेजने का फैसला लिया है। एशियाई योगासन चैंपियनशिप में भारत ने पूर्णरूप से अपना दबदबा बनाते हुए 83 स्वर्ण पदक जीते। एशियाई योगासन चैंपियनशिप में भारत ने पूर्णरूप से अपना दबदबा बनाते हुए 83 स्वर्ण पदक जीते। भारत ने तीन रजत और एक कांस्य पदक समेत इस चैंपियनशिप में कुल 87 पदक अपने नाम किए। जापान तीन स्वर्ण, तीन रजत और चार कांस्य पदक जीतकर दूसरे स्थान पर रहा। मंगोलिया, ओमान, नेपाल शीर्ष पांच में रहे। चैंपियनशिप में कुल 21 देशों ने शिरकत की, जिसमें उज्बेकिस्तान, थाईलैंड, कजाखस्तान भी शामिल हैं। पहलगाम आतंकी हमले के विरोध में भारत ने इस्लामाबाद (पाकिस्तान) में होने वाली एशियाई वॉलीबॉल चैंपियनशिप में अपनी टीम नहीं भेजने का फैसला लिया है। पाकिस्तान वॉलीबॉल महासंघ (पीवीएफ) ने रविवार को कहा कि भारत ने अगले माह इस्लामाबाद में होने वाली मध्य एशियाई वॉलीबॉल प्रतियोगिता से अपना दल हटा लिया है। पीवीएफ के अधिकारी अब्दुल अहद ने कहा कि भारत ने 28 मई से जिन्ना परिसर में शुरू होने वाली चैंपियनशिप के लिए 22 खिलाड़ियों सहित 30 सदस्यीय टीम भेजने की पुष्टि की थी।

## सर्दिनिया विश्व शतरंजः भारत के लियॉन की जीत से शुरुआत, बेट्टाली नें किया उलटफेर



**सर्दिनिया, इटली, एजेंसी।** आज से शुरू हुए सर्दिनिया विश्व शतरंज फेस्टिवल में भारत के ग्रांड मास्टर और दूसरे वरीय लियॉन मेन्दोंसा नें इज़राइल के सिट्बोन इताय और को नोय एयल को पराजित करते हुए अपने अभियान की शानदार शुरुआत की है और लगातार दो जीत के साथ सयुंक्त बढ़त पर चल रहे है अब तीसरे राउंड में उनका सामना भारतीय मूल के खिलाड़ी कनाडा के राजा पंजवानी से होगा । वही दूसरे राउंड में बड़ा उलटफेर किया इटली के 28वें वरीय खिलाड़ी बेट्टाली फ्रांचीसको नें जिन्होने पिहकले साल के विजेता और टॉप सीड डेनियल धारधा को पराजित करते हुए सभी को चौंका दिया । डेनियल के खिलाफ काले मोहोरो से खेलते हुए बेट्टाल्ली नें अपने जीवन का एक सर्वश्रेस्ठ प्रदर्शन करते हुए सिसिलन रोजोलिमों ओपनिंग में एक मात्र 37 चालों में शानदार जीत दर्ज की । वहीं तीसरे वरीय ग्रांड मास्टर भारत के एसएल नारायनन जिन्हे पहले राउंड में जर्मनी के सिदने पंजर नें ड्रॉ खेलने पर विवश कर दिया था उन्होने दूसरे राउंड में वापसी करते हुए हमवतन प्रणव रविकुमार को पराजित किया और अब अगले राउंड में उनका सामना नीदरलैंड के वान डेर लेनदे से होगा। 50 हजार यूरो पुरूस्कार वाली इस प्रतियोगिता में 25 देशो के करीब 200 खिलाड़ी भाग ले रहे है ।

## 36 शब्दों में विजय माल्या ने आरसीबी की सफलता का पीटा ढिंढोरा, विराट कोहली का नाम तक नहीं लिया!

**नई दिल्ली, एजेंसी।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने दिल्ली कैपिटल्स को हराकर अपनी पिछली हार का बदला ले लिया. इसके साथ ही पॉइंट्स टेबल के टॉप पर पहुंच गया. टीम के स्टार बल्लेबाज इस सीजन में सबसे ज्यादा रन बनाकर ऑरेंज कैप अपने नाम कर लिया है. इसके अलावा तेज गेंदबाज जॉस हेजलवुड ने इस सीजन में अभी तक सबसे ज्यादा विकेट लेकर पर्पर कैप अपने नाम कर लिया है. टीम की इस शानदार उपलब्धि पर आरसीबी के पुराने मालिक विजय माल्या ने सभी खिलाड़ियों को बधाई दी है. बता दें कि विजय माल्या विभिन्न बैंकों से 9000 करोड़ का लोन लिया था. वह इसे बिना चुकाए ही साल 2016 में देश छोड़कर चले गए थे. तब से आरसीबी ने उनसे नाता तोड़ लिया था.

### दिल्ली के खिलाफ जीत पर माल्या ने दी बधाई

आईपीएल 2025 के 46वें मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने दिल्ली कैपिटल्स को 6 विकेट से हरा दिया. इस जीत से आरसीबी के पुराने मालिक विजय माल्या बहुत खुश हैं. उन्होंने सोशल मीडिया के अपने हैंडल पर सिर्फ 36 शब्दों में आरसीबी की टीम को बधाई दी है. माल्या ने अपने बधाई में विराट कोहली या किसी खिलाड़ी का खास तौर पर नाम नहीं लिया. उन्होंने लिखा– दिल्ली कैपिटल्स पर शानदार जीत के लिए आरसीबी को बधाई. 6 में से 6 जीत.. आईपीएल में रिकॉर्ड बनने वाला है. ऑरेंज और पर्पल कैप दोनों ही टीम के लिए बोनस हैं. अब तक की उपलब्धियां शानदार है. ऐसे ही हिम्मत से खेलते रहो.

## ऋषभ पर बीसीसीआई ने लगाया 24 लाख का जुर्माना

**नई दिल्ली, एजेंसी।** लखनऊ सुपर जायंट्स को मुंबई इंडियंस के खिलाफ रविवार को मिली हार के बाद एक और झटका लगा है. कप्तान ऋषभ पंत और लखनऊ के सभी प्लेयर्स पर बीसीसीआई ने जुर्माना लगाया है. इस मैच में 216 रनों का पीछा करते हुए लखनऊ 161 रनों पर ढेर हो गई थी और मुंबई ने 54 रनों से मैच जीत लिया था.

लखनऊ सुपर जायंट्स टीम पर ये जुर्माना स्लो ओवर रेट के कारण लगाया है. ये इस सीजन लखनऊ का दूसरा उल्लंघन है, जिसके कारण पंत पर भारी जुर्माना लगा है और अन्य खिलाड़ियों को भी नुकसान हुआ है. दरअसल पहली बार ऐसा होने पर सिर्फ कप्तान पर जबकि दूसरी बार ऐसा होने पर कप्तान के साथ खिलाड़ियों पर भी जुर्माना लगता है.



### ऋषभ पंत पर 24 लाख का जुर्माना

आईपीएल द्वारा जारी बयान में बताया गया कि, लखनऊ सुपर जायंट्स के कप्तान ऋषभ पंत पर जुर्माना लगाया गया है क्योंकि उनकी टीम ने रविवार को मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में मुंबई इंडियंस के खिलाफ टाटा इंडियन प्रीमियर लीग 2025 के मैच 45 के दौरान धीमी ओवर-रेट बनाए रखी. चूंकि यह आईपीएल की आचार संहिता के अनुच्छेद 2.22 के तहत सीजन में उनकी टीम का दूसरा अपराध था, जो न्यूनतम ओवर-रेट अपराधों से संबंधित है, इसलिए पंत पर 24 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया. इम्पैक्ट प्लेयर सहित प्लेइंग इलेवन के बाकी सदस्यों पर या तो छह लाख रुपये या उनकी संबंधित मैच फीस का 25 प्रतिशत, जो भी कम हो, जुर्माना लगाया जाएगा.

### आईपीएल के सबसे महंगे खिलाड़ी का खराब फॉर्म जारी

ऋषभ पंत आईपीएल इतिहास के सबसे महंगे प्लेयर हैं, उन्हें लखनऊ सुपर जायंट्स ने 27 करोड़ रूपये में खरीदा था. कप्तान बनाने के साथ टीम को उम्मीद थी कि उनकी टीम अच्छा करेगी. टीम का प्रदर्शन तो बहुत बुरा नहीं है लेकिन कप्तान ने अभी तक निराश किया है. रविवार को भी मुंबई इंडियंस के खिलाफ वह सिर्फ 4 रन बनाकर पवेलियन लौट गए. ऋषभ पंत ने 10 मैचों में सिर्फ 110 रन बनाए हैं, जबकि सिर्फ एक पारी में उन्होंने 63 रन बनाए थे. लखनऊ की ये 10 मैचों में 5वीं हार है. 10 अंकों के साथ टीम छठे स्थान पर है. अब बचे हुए 4 मैच लखनऊ के लिए महत्वपूर्ण होने वाले हैं.

## लिवरपूल ने 20वीं बार प्रीमियर लीग का खिताब जीता, मैनचेस्टर सिटी एफए कप के फाइनल में



**लंदन, एजेंसी।** इस जीत से लीवरपूल के 34 मैचों में 84 अंक हो गए, जबकि दूसरे स्थान पर काबिज आर्सेनल के इतने ही मैचों में 67 अंक है। आर्सेनल के लिए अब बाकी बचे मैचों में लीवरपूल की बराबरी करना संभव नहीं है। लिवरपूल ने इंग्लिश प्रीमियर लीग फुटबॉल मैच में रविवार को एकतरफा मुकाबले में टोटेनहैम को 5-1 हराकर 20वीं बार इस खिताब को अपने नाम कर मैनचेस्टर यूनाइटेड के रिकॉर्ड की बराबरी की। डोमिनिक सोलंके के 12वें मिनट में किये गोल से पिछड़ने के बावजूद लीवरपूल ने प्रशंसकों को निराश नहीं किया और मध्यांतर तक 3-1 की बढ़त कायम कर उन्हें जश्न मनाने का मौका दे दिया।लुइस डियाज ने मैच के 16वें मिनट में बराबरी का गोल दागा, जबकि एलेक्सिस मैक एलिस्टर ने इसके आठ मिनट बाद टीम को बढ़त दिला दी। कोडी गोपिको ने 34वें मिनट में लिवरपूल को 3-1 से आगे कर दिया। टीम का दबदबा मध्यांतर के बाद भी जारी रहा। दिग्गज मोहम्मद सालाह ने 63वें मिनट में गोल कर 4-1 की बढ़त बना दी।

डेस्टिनी उडोगी के आत्मघाती गोल ने लिवरपूल को 5-1 से आगे करने के साथ टोटेनहैम के लिए वापसी के दरवाजे भी बंद कर दिए। इस जीत से लिवरपूल के 34 मैचों में 84 अंक हो गए, जबकि दूसरे स्थान पर काबिज आर्सेनल के इतने ही मैचों में 67 अंक है। आर्सेनल के लिए अब बाकी बचे मैचों में लीवरपूल की बराबरी करना संभव नहीं है। लिवरपूल के खिलाड़ियों ने 2020 के बाद प्रीमियर लीग के अपने पहले खिताब का कोच आर्ने स्लॉट के साथ गाना गा कर मनाया। इस दौरान सालाह ने प्रशंसकों के साथ सेल्फी (फोटो) खिंची। टीम ने 2020 में जब 30 साल के खिताबी सूखे को खत्म किया था तब कोविड महामारी के कारण स्टेडियम में प्रशंसक मौजूद नहीं थे लेकिन इस बार बड़ी संख्या में दर्शक टीम की लाल रंग की जर्सी में मौजूद थे। प्रशंसकों ने 20 अंक लिखा हुए बड़े-बड़े झंझे लिये थे , जो टीम के 20वें खिताब को दर्शा रहा था। अन्य मैचों में रासमस होजलंड ने अतिरिक्त समय में गोल करके मैनचेस्टर यूनाइटेड को बौर्नमाउथ के खिलाफ 1-1 से बराबरी दिला दी।

कोच पेप गार्डियोला की देखरेख में मैनचेस्टर सिटी का सबसे खराब सत्र भी ट्रॉफी के साथ समाप्त हो सकता है क्योंकि टीम ने रविवार को यहां वेम्बली स्टेडियम में नॉटिंघम फॉरेस्ट को 2-0 से हराकर लगातार तीसरे वर्ष एफए कप फाइनल में प्रवेश किया। सिटी की टीम को यह सफलता उसी दिन मिली जब वह आधिकारिक तौर पर इंग्लिश प्रीमियर लीग के खिताबी दौड़ से बाहर हो गयी। इससे प्रशंसकों को निराशाजनक सत्र के बीच खुशी मनाने का कुछ मौका मिल गया।रिको लुईस ने मैच के दूसरे मिनट में गोल कर के टीम को बढ़त दिला दी जबकि रक्षापंक्ति के खिलाड़ी जोस्को ग्वारडिओल ने 51वें मिनट में कॉर्नर से हेडर के जरिए गोल में बदल कर बढ़त दोगुनी कर दी। फॉरेस्ट की टीम ने इसके बाद तीन बार गोल करने के मौके बनाये लेकिन टीम एक को भी भुनानो में सफल नहीं रही। सिटी की टीम इससे पहले चैंपियंस लीग में भी अंतिम 16 चरण में पहुंचने में नाकाम रही थी।